

■ अमेरिका सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार - 12



■ भारत-फिनलैंड में कौशल विकास और कार्यबल आवाजाही में सहयोग पर चर्चा - 12



■ नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर - 13



■ अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की - 14


आज का मौसम
32.0° अधिकतम तापमान
18.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.35
सूर्यास्त 06.18

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र कृष्ण पक्ष तृतीया 05:53 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 6 मार्च 2026, वर्ष 36, अंक 28, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत को डुबोया, 87 की मौत

**महायुद्ध**

## अभ्यास करने के बाद भारत से लौट रहा था युद्धपोत, हिंद महासागर में बनाया निशाना | अब तक 1230 लोगों की युद्ध में गई जान, ईरान ने नए सिरे से किए हमले

दुबई, एजेंसी

अमेरिकी पनडुब्बी ने श्रीलंका के तट के पास ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबो दिया। इस हमले में 87 नौसैनिकों की मौत हुई है, जबकि 32 को बचा लिया गया है। अमेरिकी रक्षा सचिव ने इसकी पुष्टि करते हुए इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की पहली ऐसी घटना बताया है। आईरिस देना उन 19 विदेशी युद्धपोतों में से एक था जो भारत मेहमान बनकर आए थे।

इन जहाजों ने 17 और 18 फरवरी को विशाखापत्तनम में हुए इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में हिस्सा लिया था। जब इस पर हमला किया गया तब यह मिलिट्री एक्सरसाइज से लौट रहा था। इस महायुद्ध में अब तक मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,230 हो गई है।

वहीं, ईरान ने गुरुवार सुबह इजराइल और अमेरिका के कई अड्डों पर नए सिरे से हमले किए और धमकी दी कि हिंद महासागर में ईरान के एक युद्धपोत को टॉरपीडो के हमला करके डुबोने के लिए अमेरिका को बहुत पछताना पड़ेगा। ईरान के एक धार्मिक नेता ने ट्रंप का खून बहाने का आह्वान किया, वहीं इजराइल ने कहा कि उसने तेहरान पर व्यापक हमला शुरू कर दिया है। इजराइल ने कई मिसाइल से हमले होने की घोषणा करते हुए तेल अवीव और यरूशलम में सायरन बजाए। ईरान ने हमलों में अमेरिकी अड्डों को भी निशाना बनाया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने लेबनान में ईरानियों द्वारा समर्थित हिजबुल्ला चरमपंथी समूह से जुड़े 80 ठिकानों पर पिछले 24 घंटे में हमला किया है। उसने कहा कि ईरान पर हमलों में एक बैलिस्टिक मिसाइल लांच स्थल और अन्य लक्ष्यों को निशाना बनाया गया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी नौसेना पर हिंद महासागर में ईरानी युद्धपोत आईरिस देना पर हमले के लिए 'समुद्र क्षेत्र में अत्याचार' का आरोप लगाया। इस हमले में कम से कम 87 ईरानी मारे गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, मेरी बात लिखकर ले लो। अमेरिका को अपने किए पर बुरी तरह पछताना पड़ेगा। युद्ध ने दुनिया भर में तेल और गैस की आपूर्ति को बाधित कर दिया है, अंतर्राष्ट्रीय नौवहन बाधित हुआ है जबकि पश्चिम एशिया में लाखों यात्री फंसे हुए हैं। ईरान के अयातुल्ला (धर्मगुरु) अब्दुल्ला जवादी अमोली का संदेश गुरुवार को प्रसारित किया गया, जिसमें इजराइलियों और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का खून बहाए जाने का आह्वान किया गया।



लेबनान के बेरूत के दक्षिणी उपनगर दाहियेह में गुरुवार को इजराइली हवाई हमले के बाद उठता धुआं। ● एजेंसी

### प. एशिया में फंसे यात्रियों की वापसी के लिए प्रयास तेज

**दुबई।** पश्चिम एशिया में ईरान युद्ध का दायरा फैलने और बड़े हिस्से में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण दुबई समेत कई शहरों में फंसे हजारों यात्रियों की स्वदेश वापसी के लिए विभिन्न देशों की सरकारें निकासी उड़ानों की व्यवस्था कर रही हैं। इजराइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले तथा इसके बाद ईरान की कार्रवाई के मद्देनजर उड़ानें बड़े पैमाने पर रद्द हुई हैं जिससे लोग ओमान, मिस्र और सऊदी अरब जैसे मार्गों के जरिए बाहर निकलने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन इसके लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।



अमेरिका द्वारा जारी की गई तस्वीर जिसमें ईरानी युद्धपोत आईरिस देना को टॉरपीडो से डुबोया गया।

### ईरान के विदेश मंत्री बोले- नौसैनिक पोत डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया, उस पर उसे गहरा पछतावा होगा

**दुबई।** ईरान के विदेश मंत्री ने कहा कि श्रीलंका के तट पर एक अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी नौसैनिक पोत को डुबोकर अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा। अब्बास अराघची की यह टिप्पणी हिंद महासागर में आईरिस देना के डूबने की घटना को लेकर ईरान सरकार की ओर से पहली स्वीकारयोक्ति है। ईरानी विदेश मंत्री ने अमेरिकी कार्रवाई की आलोचना करते हुए इसे समुद्र में की गई ज्यादती बताया और कहा कि यह घटना ईरान के तट से लगभग 2,000 मील दूर हुई। उन्होंने एक्स पर कहा, लगभग 130 नाविकों को ले जा रहे एवं भारत की नौसेना के अतिथि पोत 'आईरिश देना' पर अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में बिना किसी चेतावनी के हमला किया गया। मेरी बात याद रखना- अमेरिका ने जो उदाहरण पेश किया है, उसे उस पर अत्यधिक पछतावा होगा।



### श्रीलंका तट के पास ईरानी युद्धपोत डूबने के बाद भारतीय नौसेना खोज अभियान में हुई शामिल

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने गुरुवार को कहा कि अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा दागे गए टॉरपीडो के लगने से श्रीलंका तट के पास डूबे ईरानी युद्धपोत 'आईरिस देना' से संकटकालीन संदेश मिलने के बाद वह खोज और बचाव अभियान में शामिल हो गई। ईरानी युद्धपोत भारत द्वारा आयोजित मिलन बहुपक्षीय नौसैन्य अभ्यास में भाग लेने के बाद स्वदेश लौट रहा था। भारतीय नौसेना ने कहा कि उसने श्रीलंका के नेतृत्व में चलाए जा रहे बचाव अभियान में सहयोग करने के लिए बुधवार सुबह 10 बजे लंबी दूरी के एक समुद्री गश्ती विमान के साथ खोज और बचाव अभियान तुरंत शुरू किया। आसमान से गिराए जा सकने वाले जीवनरक्षक राफ्ट से लैस एक अन्य विमान को भी तत्काल तैनाती के लिए तैयार रखा गया था। आसपास ही तैनात आईएनएस तरंगिनी को बचाव कार्य में सहायता के लिए भेजा गया और वह शाम 4 बजे तक खोज क्षेत्र में पहुंच गई।

**ब्रीफ न्यूज**

### इंग्लैंड को हराकर फाइनल में पहुंचा भारत



**मुंबई।** टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मैच में भारत ने इंग्लैंड को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। संजू सैमसन की तूफानी पारी की बदौलत भारत ने सात विकेट पर 253 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड 7 विकेट खोकर 246 रन ही बना पाई। (...विस्तृत खेल पेज पर)

### शेयर बाजारों में लौटी तेजी, सूचकांक चढ़े

**मुंबई।** विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया। (विस्तृत कारोबार पेज पर)

# पश्चिम एशिया, यूक्रेन के संघर्ष शीघ्र हों समाप्त : मोदी

- कहा- किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता
- प्रधानमंत्री ने फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद ये टिप्पणियां कीं

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में जारी संघर्षों को शीघ्र समाप्त करने का गुरुवार को आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे का समाधान सैन्य टकराव के माध्यम से नहीं किया जा सकता। फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ व्यापक वार्ता करने के बाद मोदी ने ये टिप्पणियां कीं।

दोनों नेताओं की यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब अमेरिका और इजराइल का ईरान के साथ युद्ध छठे दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें दोनों पक्षों ने नए हमले किए, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव काफी बढ़ गया। स्टब ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सीट के लिए भारत की दावेदारी का जोरदार समर्थन किया, और तर्क दिया कि वर्तमान भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक बहुपक्षीय प्रणाली में व्यापक सुधार के साथ-साथ यह अत्यंत महत्वपूर्ण है। मोदी-स्टब वार्ता में पश्चिम एशिया का संकट प्रमुखता से उठाया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड, दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि किसी भी मुद्दे का समाधान केवल सैन्य संघर्ष से नहीं किया जा सकता है।

उन्होंने कहा, चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्षों के शीघ्र अंत और शांति की दिशा में किए जा रहे हर प्रयास का समर्थन करना जारी रखेंगे। मोदी ने भारत-यूरोप संबंधों में आए सुधार का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, आज विश्व एक अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक दुनिया के कई हिस्सों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वैश्विक माहौल में, दुनिया की दो सबसे बड़ी कूटनीतिक शक्तियां भारत और यूरोप अपने संबंधों के सुनहरे दौर में प्रवेश कर रही हैं। उन्होंने कहा, हमारा बढ़ता सहयोग वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को नयी मजबूती दे रहा है। फिनलैंड के राष्ट्रपति ने कहा कि हम इस बात पर सहमत हुए कि युद्ध समाप्त करना सभी के हित में है।



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

### पश्चिम एशिया के मुद्दे पर मैक्रों से बात की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से गुरुवार को टेलीफोन पर बात की और पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति को लेकर साझा चिंताओं पर चर्चा की। मैक्रों के साथ बातचीत के बाद मोदी ने कहा कि वे क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के लिए घनिष्ठ रूप से बातचीत करना और प्रयासों में समन्वय करना जारी रखेंगे।

# भारत ने ईरानी नेता खामेनेई की मौत पर शोक जताया



- विदेश सचिव मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया
- शोक पुस्तिका पर साइन किए श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार को ईरानी नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक व्यक्त किया। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने ईरानी राजदूत को नई दिल्ली की ओर से संवेदना संदेश दिया।

वहीं, विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की। मिसरी ने ईरानी दूतावास का दौरा किया और भारत सरकार की ओर से शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। विदेश मंत्रालय ने विदेश सचिव और भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली के बीच हुई बातचीत की तस्वीर भी जारी की। खामेनेई की मौत 28 फरवरी को इजराइल और अमेरिका के हमले में हुई थी। भारत ने हालांकि पश्चिम एशिया संकट के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति का आह्वान किया।

# लोस अध्यक्ष को हटाने वाले नोटिस पर चर्चा 9 को

- सदन में उपस्थित रहेंगे बिरला कार्यवाही का नहीं करेंगे संचालन

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पद से हटाने के लिए दिए गए नोटिस को अगले हफ्ते सोमवार को विचारार्थ लिए जाने के दौरान वह सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे और सदस्यों के बीच बैठेंगे। बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत 9 मार्च को होगी।

लोकसभा में बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव पर उस दिन चर्चा हो सकती है। प्रस्ताव में, बिरला पर खुलकर भेदभाव करने का आरोप लगाया गया है। नियमों और तय प्रक्रिया के अनुसार, जब निचले सदन में प्रस्ताव पर चर्चा होगी, तो बिरला को अपना बचाव करने का अधिकार होगा। संविधान विशेषज्ञ पीडीटी आचारी ने बताया कि बिरला को प्रस्ताव के खिलाफ मत देने का भी अधिकार होगा। आचारी ने कहा कि जब प्रस्ताव सदन के समक्ष आएगा, तो बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सत्तापक्ष की अग्रिम पंक्ति में बैठेंगे। जिस दिन नोटिस दिया गया था, उसी दिन बिरला ने सदन की अध्यक्षता करना बंद कर दिया था। लोस सचिवालय के एक पदाधिकारी ने कहा, हालांकि, वह नोटिस प्रस्तुत किये जाने तक सदन की अध्यक्षता कर सकते थे, लेकिन उन्होंने अपने खिलाफ प्रस्ताव का निपटारा होने तक सदन में उपस्थित न होने का निर्णय लिया।

## पश्चिम एशिया संकट : मुंबई दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण गुरुवार को मुंबई, दिल्ली और बेंगलुरु हवाई अड्डों पर 175 अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। मुंबई हवाई अड्डे पर कुल 105 उड़ानें रद्द की गईं। दिल्ली हवाई अड्डे पर 22 रवाना होनी वालीं और 18 आने वाली उड़ानें रद्द कर दी गयीं जबकि बेंगलुरु हवाई अड्डे पर 16 उड़ान भरने वाली और 14 आने वाली उड़ानें रद्द हुईं।

# चुनाव से पहले बंगाल के राज्यपाल का इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले, राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने गुरुवार शाम को नई दिल्ली में अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके इस कदम पर हैरानी जताई और कहा कि बोस के इस्तीफा देने के बाद तमिलनाडु के राज्यपाल एवं पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) आरएन रवि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे।

17 नवंबर, 2022 को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल नियुक्त किए गए बोस ने इस्तीफा देने के बाद कहा कि मैं साढ़े तीन साल तक बंगाल का राज्यपाल रहा हूं, यह मेरे लिए पर्याप्त है। उन्होंने अचानक इस्तीफा देने के कारणों का खुलासा नहीं किया और न ही यह बताया कि क्या कोई राजनीतिक दबाव था जिसके कारण उन्होंने यह निर्णय लिया। बनर्जी ने आरोप लगाया कि चुनावों से पहले केंद्रीय गृहमंत्री शाह के दबाव में आनंद बोस को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया गया हो सकता है।



- अचानक इस्तीफा देने के कारणों का नहीं किया खुलासा, ममता ने इस्तीफे पर जताई हैरानी

# नीतीश ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन

पटना, एजेंसी

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को यहां केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वर्ष 2005 से रिकॉर्ड 10 बार मुख्यमंत्री रहे कुमार और नवीन ने बिहार विधानसभा की सचिव ख्याति सिंह के कक्ष में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

इस मौके पर अमित शाह के अलावा दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री भी मौजूद थे। इससे पहले दिन में नीतीश कुमार ने घोषणा की थी कि वह राज्यसभा का चुनाव लड़ेंगे, जिसके साथ ही बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहने के उनके कार्यकाल का अंत हो जाएगा। कुमार ने कहा कि राज्य में जो नई सरकार बनेगी, उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन बनाए रखा। इसी भरोसे की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की नयी पहचान प्रस्तुत कर पा रहा है।



राज्यसभा के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल नितीश कुमार।

- अमित शाह व बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री रहे मौजूद, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने दाखिल किया नामांकन

**होली मिलन** | मुख्यमंत्री बोले- सनातन पर सवाल उठाने वालों को होली जैसे पर्व का अहसास नहीं

# सकारात्मक सोच वाली ताकतों की सदैव होती विजय : योगी

- गोरखनाथ मंदिर में आयोजित होली समारोह में सीएम ने लोगों को दी बधाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ गोरखपुर

**अमृत विचार :** रंगोत्सव के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाज में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने वाली ताकतों की हमेशा विजय होती है। नकारात्मक सोच वाली शक्तियां विध्वंसात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देती हैं, जबकि सकारात्मक सोच समाज को आगे बढ़ाने का काम करती है।

बुधवार दोपहर गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री ने यह बात कही। इस मौके पर उन्होंने लोगों पर पुष्पवर्षा कर सभी को होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश और दुनिया में रहने वाले सनातन धर्मावलंबियों ने उत्साह और उमंग के साथ समरसता के महापर्व होली का आयोजन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व की अनुभूति की है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की श्रेष्ठता पर वही लोग प्रश्न उठाते हैं, जिन्हें होली जैसे पर्व का वास्तविक भाव समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि होली ऐसा पर्व है जिसमें न कोई भेदभाव होता है और न ही छुआछूत। सनातन धर्म के पर्व-त्योहार समाज को नई दिशा देने के साथ धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इनमें सामूहिकता का भाव होता है और समाज का हर वर्ग इसमें सहभागी बनता है।



महापर्व होली पर भगवान श्री नरसिंह जी की रंगभरी भव्य शोभायात्रा के अवसर पर आरएसएस गोरखपुर महानगर के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक समारोह में सहभाग करते योगी।

### राष्ट्र प्रथम के भाव से हो दायित्वों का निर्वहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में दुनिया के कई हिस्सों में अव्यवस्था दिखाई देती है, जबकि भारत में शांति और उल्लास के साथ पर्व-त्योहार मनाए जा रहे हैं। इसका कारण भारत की सकारात्मक सोच है। भारत ने कभी किसी के साथ बुरा नहीं किया और न ही बुरा कहा है। उन्होंने कहा कि देश की प्रगति के लिए सभी नागरिकों को अपने-अपने क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की भावना से अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। भक्ति को राष्ट्रभक्ति से जोड़ने की जरूरत है। समारोह में मुख्यमंत्री ने होली गीतों का आनंद भी लिया।

# ईसीसीई किट से खेल-खेल में सीखेंगे बच्चे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

प्रदेश में बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने के लिए योगी सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रदेश के 20 हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) किट का वितरण किया गया है। ईसीसीई किट के लिए प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र को 39 हजार रुपये की धनराशि दी जा रही है। राज्य सरकार का मानना है कि तीन से छह वर्ष की आयु बच्चों के बौद्धिक विकास की सबसे महत्वपूर्ण अवस्था होती है। ऐसे में इस चरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सामग्री और वैज्ञानिक पद्धति उपलब्ध कराकर बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव रखी जा सकती है। ईसीसीई के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों को प्री-स्कूल किट, ईसीसीई मैनुअल (पहल), वार्षिक गतिविधि कैलेंडर और बाल गतिविधि पुस्तिका उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही नेशनल बुक ट्रस्ट से प्रकाशित छह कहानियों की पुस्तकों का सेट तथा टीएलएम पुस्तिकाएं भी दी जा रही हैं।

# गोरखपुर में होलिका भस्म की पूजा कर मुख्यमंत्री ने मनाई होली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** होली के महापर्व पर बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर परिसर में होलिका भस्म की पूजा कर होली उत्सव का शुभारंभ किया। गोरक्षपीठाधीश्वर के रूप में उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका की भस्म (सम्मत की राख) की पूजा-अर्चना कर आरती उतारी और भस्म का तिलक लगाया।

मंदिर परिसर के मेला ग्राउंड में जलाई गई होलिका के पास पहुंचे मुख्यमंत्री योगी ने विधि-विधान से पूजा की। इसके बाद मंदिर के प्रधान पुजारी कमलनाथ समेत अन्य साधु-संतों और श्रद्धालुओं ने भी भस्म से गोरक्षपीठाधीश्वर का तिलक कर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने भी तिलक लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

होलिकादहन स्थल से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु गोरखनाथ के मंदिर पहुंचे और श्रीनाथ जी को होलिका भस्म अर्पित की। इसके बाद मंदिर के द्वार पर फाग गीतों का आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री ने कुछ देर रुककर फाग गीतों का आनंद लिया और उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी। इस दौरान मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री के ऊपर अबीर-गुलाल, रंग और फूलों की वर्षा कर उत्साहपूर्वक होली खेली। पूरा परिसर रंग और भक्ति के माहौल से सराबोर दिखाई दिया। गोरखनाथ मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं और संतों के बीच भक्ति, परंपरा और उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला।

# प्रदेश के 6 प्रत्याशी अयोग्य घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 में भाग लेने वाले छह प्रत्याशियों को अयोग्य घोषित कर दिया है। इनमें से चार अभ्यर्थी अकेले बदायूं हैं। आयोग ने यह निर्णय इन प्रत्याशियों द्वारा नियमानुसार अपने निर्वाचन व्यय का लेखा दाखिल नहीं करने पर लिया है।

अयोग्य घोषित किए गए प्रत्याशी 25 फरवरी 2026 से अगले तीन वर्ष तक किसी भी लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा या विधान परिषद के चुनाव में भाग नहीं ले सकेंगे। यह कार्रवाई लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 10क के तहत की गई है।

**अयोग्य घोषित प्रत्याशी**

- प्रज्ञा यशोदा- 112, बिसौली विधानसभा, ग्राम पिसनहारी, बदायूं
- सुरेन्द्र- 112, बिसौली, ग्राम लभारी, बदायूं
- ममता देवी- 116, शेखूपुर, ग्राम सराय पिपरिया, बदायूं
- ओमवीर- 117, दातागंज, ग्राम खजुरारा, बदायूं
- मुन्ना लाल-117, दातागंज, हसनपुर खेवली, लखनऊ
- अनिल कुमार-113, सहसवान विधानसभा, चन्दौसी, संभल

# यूपी पुलिस को होंडा इंडिया देगा 50 क्यूआरटी वाहन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस को होंडा इंडिया फाउंडेशन की ओर से 50 क्यूआरटी (क्विक रिस्पॉन्स टीम) दो पहिया वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे। फाउंडेशन अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड के तहत ये वाहन देगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश पुलिस और होंडा इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होगा। इन 50 दोपहिया वाहनों को उत्तर प्रदेश पुलिस के बेड़े में शामिल किया जाएगा। इनका उपयोग विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आपात स्थिति या अपराध की सूचना मिलने पर पुलिस की त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# विद्युत सखी योजना से महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार की विद्युत सखी योजना ग्रामीण महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रही है। अब तक 30 हजार महिलाओं को विद्युत सखी के रूप में पंजीकृत किया जा चुका है। इनमें से 15 हजार से अधिक महिलाएं सक्रिय रूप से फील्ड में काम करते हुए घर-घर जाकर बिजली बिल जमा करा रही हैं। इन महिलाओं ने अब तक 3250 करोड़ रुपये से अधिक का बिजली बिल संग्रह कर नया रिकॉर्ड बनाया है। सरकार का कहना है कि प्रशिक्षण और अन्य औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शेष महिलाओं को भी जल्द फील्ड में तैनात किया जाएगा।

## निमोनिया का इलाज सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** बदलते मौसम में बरती जा रही लापरवाही बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रही है। खानपान में गड़बड़ी व सफाई की अनदेखी के चलते डायरिया व निमोनिया से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ रही है। परिवार कल्याण विभाग के महानिदेशक डॉ. डी. एच .अग्रवाल का कहना है कि सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस और जिंक की दवाएं नि :शुल्क उपलब्ध हैं तथा बच्चों के लिए आवश्यक जांच एवं उपचार की व्यवस्था है।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेसर्स कुंवर कंस्ट्रक्शन ग्राम एवं पोस्ट- हंसवर, जिला- अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश के साझीदार छत्रबली सिंह पुत्र श्री वकिल सिंह हुकुलगंज वाराणसी उत्तर प्रदेश सिंह 18-02-2026 को व्यक्तिगत कारणों से उपरोक्त फर्म से पृथक हो रहे हैं तथा उक्त फर्म के भागीदार नहीं रहेगें। उनके स्थान पर नये साझेदार स्वर्णलता सिंह, आयु लगभग 56 वर्ष, पत्नी नरेंद्र मोहन सिंह, निवासी- 889 ग्राम एवं पोस्ट आफिस हंसवर, जिला- अंबेडकर नगर, उत्तर प्रदेश के रूप में शामिल किये गये है।

**सूचना**

मैं, ऋतिक चंदेल, सुपुत्र राज भान सिंह चंदेल, निवासी A-52, तात्या टोपे नगर, गुजैनी, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश, यह घोषित करता हूँ कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकतालिका (Marksheet) में मेरे पिता का नाम आर बी सिंह दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में उनका सही नाम राज भान सिंह चंदेल है। आर बी सिंह और राज भान सिंह चंदेल एक ही व्यक्ति हैं, यानी मेरे पिता। भविष्य में उन्हें राज भान सिंह चंदेल के नाम से ही जाना जाए।

**सूचना**

मै अपने नाती मोहम्मद शाकिर को उसके गलत आचरण व व्यवहार के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। भविष्य मे मेरा व परिवार वालो का कोई लेना देना नही है। उसके द्वारा किये गये कृत्यो का वह स्वंम जिम्मेदार होगा। **अनवर जहां पत्नी सादिक निवासी-536/368 ख मदेयगजं,धैला, लखनऊ यू.पी.**

**सूचना**

पहले मेरा नाम MHAMMAD KAFIL था अब मैने बदलकर अपना नाम KAFEEL रख लिया है भविष्य में मुझे KAFEEL के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- MOHAMMAD HANEEF R/O- 431/405,NEWTI TOLA SAADATGANJ, LUCKNOW

**सूचना**

सूचित करना है कि प्रार्थिनी अंन्तिमा वर्मा पत्नी राकेश कुमार ग्राम दौलतपुर माफी पो0 गौरा चौकी तहसील मनकापुर जिला गोंडा की निवासी हूँ, दिनांक- 02.01.2026 को समय लगभग 3.20 शाम को प्रार्थिनी का मूल दस्तावेज (सेल डीड) मसकनवा गौरा चौकी मार्ग पर घर जाते समय कही गिर गया।जिसका बही नं0 1, जिल्द नं0 5448, पेज नं0 15 से 16, जिसका क्रंमाक सं0 6062 है।

**सूचना**

मैं **हरिश्चन्द्र पुत्र रामबहादुर निवासी ग्राम कन्दावां परगना बछरावां, तहसील महराजगंज, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पुत्र मंशाराम मुझसे अलग रहता है। वह मेरी कोई मदद नहीं करता है। उसके कार्यो से तंग आकर मैं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा और मेरे परिवार का कोई वास्ता और सरोकार नहीं होगा।

**सूचना**

मैं राधा पत्नी लोधे निवासिनी ग्राम माती, मुरादाबाद तहसील नवाबगंज जनपद बाराबंकी उ0प्र0, मेरी पालिसी सं0-213927040 में मेरा नाम त्रुटिवश (Laxmi) अंकित हो गया है जबकि मेरा सही नाम राधा (Radha) है जोकि मेरे आधार कार्ड व बैंक पासबुक व अन्य अभिलेखो मे दर्ज है। उक्त पालिसी पर मेरा सही नाम राधा (Radha) अंकित किया जाय।

**सूचना**

मैं **विमल कुमार पुत्र कुन्जन लाल ग्रा. गड़वा, पो. डीह, जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे बेटे संयम का नाम त्रुटिवश आधार कार्ड में सतेन्द्र कुमार अंकित हो गया है, जो कि पूर्णतया गलत है। अन्य दस्तावेजों में सही नाम संयम अंकित है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। आधार कार्ड में संयम अंकित होना है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/समाडि/को., पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

**क्रम सं.-1,** निविदा सूचना संख्या: 07-2026-CW, कार्य का नाम: "प्रोविजन ऑफ इपॉक्सी फ्लोरिंग इन लेवेट्रीज ऑफ एलएचवी कोचेज (एसी/नॉन एसी) ऐट जीटीएनआर कोचिंग डिपो इन ए पीरियड ऑफ 06 मन्थ्स"। अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 19,02,000/-, अग्रिम धन (रू०में): ₹ 38,000/-, निविदा की अवधि: 06 माह।

• ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 26-03-2026, 15:00 बजे तक एवं यह ई-निविदा दिनांक 26-03-2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्ते, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरि० मण्डल यॉत्रिक इंजी०/समाडि/को०, लखनऊ**

मुजाधि/यॉत्रिक-151

**गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।**

ता0पेशी - 10/3/026

एच0सी0जे0 फार्म नं033 भाग 7

**हेतु संदर्भित करने की सूचना**

**(साधारण प्रारूप)**

**न्यायालय श्रीमान अपरजिलाधिकारी न्यायिक महोदय जिला बाराबंकी**

**वाद संख्या सन् 2026 ई0**

**अरविन्द कुमार वर्मा आदि**

**बनाम**

**माया सिंह राजपूत आदि**

माया सिंह राजपूत पुत्र उत्तम राजपूत नि0मो0-चित्रगुप्तनगर निकट-डी0ए0वी0 स्कूल पर0 व तह0 नवाबगंज , जिला बाराबंकी **-प्रतिवादी**

चूंकि उपरिनामांकित को इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए सन् 2026 ई0 माह 3 के 10 दिवस को 10: 30 बजे पूर्वाहन में स्वयं या सम्यकरूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2026 ई0 के दिवस को निकाली गई

**आज्ञा से**

**न्यायालय अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बाराबंकी**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेंडरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं:

**कार्य का नाम :** रेवती :- आई बी एस का ब्लाक सेक्शन में रूपान्तरण, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-155, **अनुमानित लागत (₹)** : 21,03,74,452/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 12,01,900/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 24.03.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 12 माह। **कार्य का नाम :** आर.डी.एस.ओ. स्पेशिफिकेशन जून/2016 (अद्यतन शुद्धि पर्ची के साथ) के अनुसार प्राइवेट खदान से मशीन से टूटी 65 एमएम आकार की पत्थर गिट्टी का निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे के माधोसिंह रेलवे स्टेशन स्थित बैलास्ट डम्प में आपूर्ति एवं वैगनों में लदाई, **ई-निविदा सूचना सं. :** एनईआर-बीएसबी-2025-156, **अनुमानित लागत (₹)** : 18,02,54,974/-, **अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (₹)** : 10,51,300/-, **निविदा बन्द होने की तिथि** : 24.03.2026, **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि** : 08 माह।

• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2025-155 से एनईआर-बीएसबी-2025-156 दिनांक 24.03.2026 को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मण्डल रेल प्रबन्धक/(इंजी.) वाराणसी**

मुजाधि/डब्ल्यू-492

**ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें**





















































पुलिस लाइन में होली खेलते डीएम व एसपी। ● अमृत विचार



शहर स्थित घंटाघर पर राधे-राधे पदयात्रा के दौरान अबीर व फूलों की होली। ● अमृत विचार



देवा शरीफ दरगाह पर होली मनाते लोग। ● अमृत विचार

# शहर से गांवों तक रंगों की बौछार, डीजे की धुन पर छाया होली का खुमार

## कोटवाधाम, लोधेश्वर और अवसानेश्वर महादेव मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, देवा में गंगा-जमुनी तहजीब के साथ खेली गई परंपरागत ऐतिहासिक होली

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** होली पर जिले में हर ओर रंग, उमंग और भाईचारे का माहौल दिखा। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पूरे उत्साह के साथ पर्व मनाया। शहर में बुधवार सुबह निकली राधे-राधे पदयात्रा में हजारों लोग शामिल हुए।

हुरियारों के साथ भगवान शंकर व माता पार्वती समेत अन्य झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इसके बाद धनोखर चौराहे पर डीजे की धुनों के साथ शाम तक रंगों की होली खेली गई। खाद्य, रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने अपने नई सड़क स्थित आवास और नसीपुर गांव में लोगों के साथ होली खेली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया, सांसद तनुज पुनिया तथा सपा के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने भी अपने आवास पर होली खेलते हुए लोगों को शुभकामनाएं दीं। शाम को नागेश्वर नाथ सरोवर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।



धनोखर चौराहे पर होली खेलते लोग। ● अमृत विचार



होली पर राधा-कृष्ण की वेशभूषा में कलाकार। ● अमृत विचार

**कोटवाधाम व लोधेश्वर में उमड़े श्रद्धालु :** नगर के साथ ही ग्रामीण अंचल में भी होली का पर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और रंगोत्सव का आनंद लिया। सतनामी संप्रदाय के आदि प्रवर्तक स्वामी जगजीवन साहेब की तपोस्थली श्रीकोटवाधाम तीर्थ में होली खेलने के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे। वहीं लोधेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव को गुलाल अर्पित कर रंगोत्सव की शुरुआत की गई। सिरौलीगौसपुर और बदोसराय में भी लोगों ने धूमधाम से होली मनाई। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। रामनगर नगर पंचायत में राजघराने की परंपरा के अनुसार मोहल्ला धमेड़ी से हुरियारों का जुलूस धवारी गाते हुए निकला, जो शाम को राजा की कोठी पहुंचकर संपन्न हुआ। वहीं हैदरगढ़ क्षेत्र स्थित अवसानेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

**ड्रोन कैमरों से हुई निगरानी :** होली के दौरान पुलिस प्रशासन ने जिलेभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए और ड्रोन कैमरों से निगरानी रखी। मसौली में कड़ी सुरक्षा में होली का त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस दौरान सीओ गरिमा पंत और प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी समेत पुलिस कर्मी ड्रोन कैमरों से निगरानी करते नजर आए। वहीं बाबा रामशरण दास भगवत दास कुटी हनुमान मंदिर में पुजारी रामलाल दास व श्रद्धालुओं ने होली खेली। फतेहपुर में गाजे-बाजे के साथ होरियारों की टोलियां निकलीं, बेलहरा में भी होली का जुलूस निकाला गया। इस दौरान एसडीएम कार्तिकय सिंह और सीओ जगत राम कनौजिया मुस्तैद रहे। जैदपुर सहित निंदूरा के कुर्सी, बड़ड्पुर, बाबागंज और टिकैतगंज में भी होली हर्षोल्लास से मनायी गयी। मोहम्मदपुर खाला में समाजसेवी सुदीप बाजपेई की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया।

**डीएम व एसपी ने पुलिसकर्मियों संग खेली होली :** होली सकुशल संपन्न कराने के बाद गुरुवार सुबह पुलिस लाइन में डीएम व एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ जमकर होली खेली। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण फायर ब्रिगेड के टैंकरों से होने वाली रंगों की बारिश रही। जैसे ही टैंकरों से रंगीन पानी की बौछार शुरू हुई पूरा मैदान रंगों में सराबोर हो गया। खुद एसपी अर्पित विजयवर्गीय और डीएम शशांक त्रिपाठी भी इस उल्लास से खुद को रोक नहीं पाए और मातहतों के साथ थिरकते नजर आए।

### देवा में खेली गई ऐतिहासिक होली

वहीं जो रब है वही राम है का संदेश देने वाले महान सूफी संत हाजी वारिस अली शाह की नगरी देवा में होली का पर्व गंगा-जमुनी तहजीब के साथ धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न धर्मों के लोगों ने एक साथ रंग-गुलाल खेलकर और गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी। होली की शुरुआत कौमी एकता द्वार से मटकी फोड़ने और फूलों व अबीर-गुलाल की होली के साथ हुई। महंत अनमोल दास और नगर पंचायत अध्यक्ष हारून वारसी की अगुवाई में निकला जुलूस कुर्सी रोड, कोतवाली परिसर और मोहल्ला चौधरियन से होता हुआ आगे बढ़ा, जहां जगह-जगह होलियारों का स्वागत किया गया। इसके बाद जुलूस हाजी वारिस अली शाह की दरगाह परिसर पहुंचा, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने फूलों और गुलाल के साथ होली खेली। देश के विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने भी इस अनोखी होली का आनंद लिया। बाद में होली समिति के अध्यक्ष पंडित अवध किशोर मिश्रा, बृज किशोर सोनी व लकी निगम ने जुलूस का समापन कराया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से भारी पुलिस बल तैनात रहा।



शहर में धर्मशाला के पास फूल और गुलाल के साथ होली खेलते साईं भक्त।

# विभिन्न क्षेत्रों में फंदे से लटके मिले पांच लोगों के शव

**बाराबंकी, अमृत विचार :** विभिन्न इलाकों में पांच लोगों के शव फंदे से लटके मिले। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार, दयारामपुरवा निवासी राजपाल (55) ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुत्र रवि प्रताप ने बताया कि उनके पिता ई-रिक्शा चलाते थे। बुधवार दोपहर वह ई-रिक्शा लेकर घर से निकले और रात में वापस लौट आए थे। गुरुवार सुबह भोर के समय घर के आंगन में लगे जाल से उनका शव रस्सी के सहारे लटका मिला। हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार लालपुर में गुरुवार की सुबह बाग में एक युवक का शव फंदे से लटकता मिला। शव की पहचान सुरेंद्र कुमार (20) के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि युवक अहमदाबाद में एक फैक्ट्री में काम करता था। अभी एक सप्ताह पहले ही लौटा था, वह शराब के नशे का आदी था। ग्रामीणों ने बताया कि बुधवार की देर रात नशे में ही घर आया और थोड़ी देर बाद वापस चला गया। गुरुवार सुबह सिटकरी लाल की बाग में आम के पेड़ से बने फंदे से लटकता मिला। कोठी प्रतिनिधि के अनुसार, इनायतपुर मजरे सादुल्लापुर निवासी रामसागर का पुत्र गुड्डू (28) घरेलू कलह से तंग आकर देर रात घर से लापता हो गया। गुरुवार गांव से कुछ दूर बाग में पेड़ से फंदे से लटक रहा था। निन्दूरा प्रतिनिधि के अनुसार, बड्डूपुर कोतवाली क्षेत्र के आक्षेपुर में गुरुवार सुबह बाग में आम के पेड़ से गांव के ही रजनीकांत रावत (20) पुत्र बिहारी रावत का शव लटका मिला। घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र के उधापुर गांव निवासी राजेश कुमार के 14 वर्षीय पुत्र श्यामू रावत का शव गांव के बाहर प्राथमिक विद्यालय के पीछे स्थित आम के बाग में पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक की होली के कपड़े खरीदने को लेकर अपने पिता से कहासुनी हुई थी।

# सीतापुर के युवक का नहर में मिला शव

**निन्दूरा, बाराबंकी, अमृत विचार :** सीतापुर स्थित घर से करीब 12 दिन पहले नाराज होकर निकले युवक ने नहर में छलांग लगा दी थी। लगातार तलाश के बाद गुरुवार को युवक का शव बाराबंकी से बरामद हुआ। सीतापुर के थाना रामपुर मथुरा के ग्राम समदा का रहने वाला लवकुश (30) पुत्र भगवानदीन गत 20 फरवरी को घर से निकला था। लोगों ने बताया कि किसी बात को लेकर नाराज लवकुशर ने बड्डूपुर क्षेत्र में पैंतेपुर पुल से शारदा सहायक नहर में छलांग लगा दी। 21 फरवरी को परिजनों ने महमूदाबाद थाने में लवकुश की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। वहीं पुलिस और गोताखोर लगातार नहर में उसकी तलाश कर रहे थे। मंगलवार की शाम बड्डूपुर थाना क्षेत्र के सुरजना भारी रेगुलेटर के पास ग्रामीणों ने एक युवक के शव को पानी में देखा। पुलिस ने शव को बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर पहुंचे पिता भगवान दीन ने शव की शिनाख्त पुत्र लवकुश के रूप में की।

# दुर्घटनाओं में सात लोगों की मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** होली के मौके पर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हुए।

सूरतगंज प्रतिनिधि के अनुसार थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के बसौली निवासी संदीप (30) पुत्र रमेश बुधवार दोपहर अपने मामा के घर बाइक से दौलतपुर जा रहे थे। रास्ते में एक बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में संदीप की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में दूसरी बाइक पर सवार टंडवा निवासी अंकुर (20) और दौलतपुर निवासी जयसिंह (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को सीएचसी सूरतगंज से जिला अस्पताल रेफर किया गया। ऐनुद्दीनपुर निवासी होमगार्ड महेंद्र वर्मा के 24 वर्षीय इकलौते बेटे प्रियांशु वर्मा की हादसे में मौत हो गई। प्रियांशु को फतेहपुर क्षेत्र के डडियामऊ के पास अनुबंधित बस ने उसे टक्कर मार दी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर कल्याणी नदी के पास बुधवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से अयोध्या के मवई थाना क्षेत्र के कुशहरी निवासी रंजीत की मौत हो गई, जबकि शिवांशु गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों बाइक से भिटरिया जा रहे थे। इसी क्षेत्र के बिगहिया लालपुर गुमान के पास हादसे में अयोध्या के पटरंगा के मखदूमपुर निवासी 29 वर्षीय करन उर्फ लल्ला की बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र के बिंदौरा-परसपुर मार्ग पर गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर दो सगे भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। फरही भिठौली निवासी हिमांशु सोनी (22) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि बड़े भाई छोटू सोनी (25) को लखनऊ रेफर किया गया है। रामसनेहीघाट क्षेत्र में हुए दो हादसों में 72 वर्षीय कल्लू समेत तीन लोग घायल हो गए। रामनगर-टिकैतनगर मार्ग पर हुए हादसे में वाहन की टक्कर से घायल ग्राम रायपुर अगानपुर निवासी रिंकू की मौत हो गई। फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार तहसील चौराहे पर मंगलवार की शाम हुए हादसे में रामनगर रोड से आ रहे आलू लदे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने एक बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। सड़क पर गिरे मोहल्ला मिर्दहनपुरवा निवासी सुशील कुमार पर ट्रैक्टर का अगला पहिया चढ़ गया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लखनऊ के युवक की मौत

लखनऊ में अंसल सिटी निवासी पूनम सिंह ने शहर कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उनका 20 साल का पुत्र रुद्र प्रताप सिंह 26 फरवरी को सुबह जानकीपुरम में दोस्तों के साथ एक शादी समारोह में जाने की बात कहकर घर से निकला और रात 10 बजे तक लौटने की बात कही थी, लेकिन वह वापस नहीं आया। रात में मोबाइल फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन फोन नहीं लगा। अगले दिन सुबह नगर कोतवाली बाराबंकी पुलिस द्वारा मृतक के मोबाइल फोन से सूचना दी गई कि युवक का एक्सीडेंट हो गया है और जिला अस्पताल पहुंचने को कहा गया। परिजन जब जिला अस्पताल पहुंचे तो उन्हें युवक की मौत की सूचना मिली।

### पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं : डीएम

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जनपद में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर पेट्रोल एवं डीजल की कमी को लेकर आ रही सूचनाओं को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने स्पष्ट किया है कि यह जानकारी पूरी तरह से निराधार है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है और आपूर्ति पूरी तरह सामान्य रूप से चल रही है। प्रशासन पेट्रोल पंपों की स्थिति पर लगातार निगरानी रख रहा है और कहीं भी ईंधन की कमी नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि कुछ असामाजिक तत्व अफवाह फैलाकर जनता में भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अपुष्ट या भ्रामक सूचना पर विश्वास न करें और सोशल मीडिया पर इसे साझा करने से बचें। सभी जानकारी के लिए केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें।

### मेधावी छात्राओं को किया गया सम्मानित



मेधावियों को सम्मानित करते प्रधानाध्यापक डॉ. राकेश सिंह व अन्य।

**फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** विकासखंड फतेहपुर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय सरैया मझगवां की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तर प्रदेश 2025-26 में जनपद की मुस्कान पुत्री राधेश्याम, निवासी ग्राम सरैया ने 45वीं रैंक हासिल कर चयनित होने का गौरव प्राप्त किया। वहीं सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के संयोजन में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा अनुसूचित जाति के मेधावी छात्रों के लिए आयोजित श्रेष्ठा परीक्षा 2026 में शैलेंद्री ने आल इंडिया रैंक 983 प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावी छात्राओं के सम्मान समारोह में एकेडमिक रिसोर्स पर्सन अशोक कुमार, सुरेश चंद्र एवं सुशील कुमार, तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय सरैया मझगवां के प्रधानाध्यापक डॉ. राकेश सिंह ने संयुक्त रूप से छात्राओं को मिठाई खिलाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के शिक्षक सत्यानंद, सरिता सिंह, सहृदयाँकुर नारायण शर्मा, अमित जायसवाल, सबा कमर, आयशा खातून और शिवमंगल ने छात्राओं को फूलमालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।

# मारपीट की घटनाओं में कई लोग हुए घायल

**बाराबंकी: अमृत विचार :** मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल हो गए। उधर जबरन होली खेलने को लेकर मारपीट के बाद भीम आर्मी ने कोतवाली घेर ली। रिपोर्ट दर्ज करने के दिलासे पर मामला शांत हुआ।

रामसनेहीघाट प्रतिनिधि के अनुसार गोरपुर निवासी रामफेर के अनुसार उधार वापस मांगने पर विकास अपने परिजनों व अन्य लोगों के साथ दुकान पर पहुंचा। आरोप है कि गाली-गलौज के बाद मारपीट की गई। बीच-बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी पीटा गया। हमलावरों ने ट्रैक्टर, कार, मोटरसाइकिल और सोलर पैनल में तोड़फोड़ की। मारपीट में रामफेर के भाई राजेश गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए, जबकि पिता पुत्तीलाल व भाई विपिन को भी चोटें आईं। दूसरे पक्ष के रामकेवल का आरोप है कि उनका पुत्र विकास पेट्रोल लेने दुकान पर गया था, जहां पैसों के विवाद में उसे जातिसूचक शब्द कहकर कमरे में बंद कर पीटा गया। शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरस्तीपुर इलाके में पीड़ित पक्ष के अनुसार, होली के दिन कुछ लोगों ने मोहल्ले में जबरन होली खेलने का प्रयास किया और बदसलूकी की। मोहल्ले के निवासी मार्थिनी के बेटे सर्वेश ने इसका विरोध किया। आरोप है कि इसके बाद विपक्षी पक्ष ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में 10-15 लोग लाठी-डंडा, लोहे की रॉड और बेल्ट लेकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने गालियां देते हुए हमला कर दिया। इस हमले में सर्वेश के सिर पर गंभीर चोट आने से वह घायल हो गया। जितेंद्र सहित अन्य कई लोगों को भी मारपीट में चोटें आईं। शिकायत के बावजूद पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की। इसी के विरोध में भीम आर्मी के कार्यकर्ता कोतवाली पहुंचे और प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन के दौरान सीओ संगम कुमार व कोतवाल सुधीर सिंह ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

देवा प्रतिनिधि के अनुसार ग्राम टिकरिया निवासी विजय कुमार ने बताया कि होली की दोपहर उनका पुत्र आकाश अपने मित्र को उसके घर छोड़ने मोटरसाइकिल से जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में खड़ी विपक्षी की गाड़ी का गेट अचानक खुल गया, जिससे आकाश बाइक समेत गिर पड़ा। विरोध करने पर आरोपी रोहित व अन्य लोग उसे मारने दौड़े। किसी तरह वह जान बचाकर अपने घर पहुंचा। आरोप है कि कुछ ही देर बाद रोहित, मोहित, राममूर्ति, अवधराम समेत कई लोग अपने परिजनों के साथ लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया।

### मामूली विवाद में हमला, एक की हालत गंभीर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** दरियाबाद क्षेत्र के सेमौर निवासी आलोक सिंह ने आरोप लगाया कि 3 मार्च को दरियाबाद कस्बे की एक कपड़े की दुकान पर मोलभाव को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि दुकानदार और उसके साथियों ने डंडों से मारपीट की, जिससे वह घायल हो गए। जहांगीराबाद के अल्लीपुर मजरे चचेरुवा में लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। पीड़ित राकेश कुमार के अनुसार, गांव के कुछ लोगों ने घर पहुंचकर गाली-गलौज और मारपीट की। बीच-बचाव करने आई उनकी पत्नी और पुत्र को भी चोटें आईं। कोतवाली नगर क्षेत्र के मछरिहा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर कुछ लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट की। लोनीकटरा क्षेत्र के खैराबीरू गांव में प्रधानी चुनाव की रंजिश को लेकर रात में घर पर हमला किए जाने का आरोप है।

# तालाब में डूबने से किशोर की गयी जान

**बाराबंकी, अमृत विचार :** होली खेलने के बाद नहाने गए एक किशोर की तालाब में डूबने से मौत हो गई। वहीं नहर में डूबे एक अन्य किशोर की अब तक तलाश नहीं की जा सकी है। देवा थाना क्षेत्र के रसूलपुर हेतम गांव निवासी माता प्रसाद का 14 वर्षीय पुत्र गौरव बुधवार दोपहर होली खेलने के बाद अपने साथियों के साथ गांव के तालाब में नहाने चला गया। नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथियों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह पानी में समा चुका था। परिजन मौके पर पहुंचे और गौरव को सीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र में होली खेलने के बाद नहाने गए ग्राम साढ़ेमऊ निवासी श्यामलाल के पुत्र अर्जुन 17 नहर में लापता हो गया। तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम लगाई गई लेकिन घटना के 24 घंटे बाद भी किशोर का कुछ पता नहीं चला। दरियाबाद थाना क्षेत्र स्थित रानेपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास बुधवार सुबह एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। सूचना मिलते ही दरियाबाद कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। शव की पहचान छत्तीसगढ़ राज्य बिलासपुर जिला के सीपत थाना क्षेत्र अंतर्गत जूहली गांव निवासी लखन सिंह 30 पुत्र धरपाल सिंह के रूप में हुई।

### सुंदरकाण्ड और भजन संध्या का आयोजन



भजन-कीर्तन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार :** बाबा रामशरण दास भागवत दास कुटी हनुमान मंदिर में चन्द्र ग्रहण के बाद हनुमान जी का स्नान कर श्रृंगार किया गया और फूल मालाओं से सजाया गया। इसके बाद भक्तों ने सुंदरकाण्ड व भजन संध्या का आयोजन किया।

# होलिया में उड़े रे गुलाल व होली खेले रघुवीरा पर थिरके होरियारे

## जिले में हर्षोल्लास व आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया रंगों का महापर्व होली

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले में रंगों का महापर्व होली परंपरागत हर्षोल्लास व आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। बुधवार व गुरुवार दोनों दिन समूचा जनपद अबीर-गुलाल व सतरंगी रंगों के सरोबार नजर आया। क्या बच्चे, क्या बूढ़े—हर कोई फागुनी मस्ती में डूबा रहा। सुबह होते ही शहर से ग्रामीण अंचलों तक टोलियां सड़कों पर निकल पड़ीं। चौराहों व गली-नुक्कड़ों पर लगे लाउडस्पीकरों से होली खेले रघुवीरा अवध में जैसे गीतों की गूंज सुनाई दी। जिस पर युवाओं ने जमकर नृत्य किया। वाहन सवारों को रोककर बुरा न मानो होली है के नारों के साथ सराबोर कर दिया गया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में होली की पारंपरिक फाग गायकी का दौर भी देरशाम तक चलता रहा। होली के जश्न में महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। घरों के आंगन से लेकर मोहल्लों की गलियों तक महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां बांटीं। वहीं, बच्चों की टोली छतों पर डटी रही और पिचकारियों व गुब्बारों से राहगीरों पर रंग की बौछार करती रही। शाम होते ही माहौल पूरी तरह बदल गया। लोग नए वस्त्र पहनकर अपनों के घर पहुंचे और अबीर-गुलाल लगाकर बड़ों का आशीर्वाद लिया और छोटों को प्यार दिया। होली केवल रंगों का नहीं बल्कि दिलों के मिलन का त्योहार है। लोगों ने पुरानी कड़वाहट व गिले-शिकवे भुला एक-दूसरे को गले लगाया और गुझिया व नमकीन खिलाकर मुंह मीठा कराया। दो दिनों तक चले इस उल्लासपूर्ण पर्व ने जिले में एकता व सौहार्द की एक मिसाल पेश की। देर रात तक बधाई देने और मिलन का यह सिलसिला जारी रहा।



शिक्षक विधायक के साथ होली खेलते मोहल्लेवासी।



होली पर मस्ती करते युवा। ● अमृत विचार

### शिक्षक विधायक ने मोहल्लावासियों संग खेली होली

**उन्नाव :** शहर के कृष्णा नगर मोहल्ले में शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल के आवास से मोहल्लावासियों की टोली ने घर-घर जाकर रंग व गुलाल की होली खेली। सभी बाबूगंज व कृष्णा नगर मोहल्ले में सभी के दरवाजे पहुंचकर एक-दूसरे के गले मिले और नाश्ता किया। किसी के यहां ठंढाई की व्यवस्था थी तो कहीं मिठाई आदि की व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह स्वागत करने की होड़ रही। टोली में वरिष्ठ नागरिकों व युवाओं के होने से गुलाब लगाने का प्रभाव ज्यादा दिखा। टोली में राकेश सिंह चंदेल, हरिहर प्रसाद दीक्षित, अमित मिश्रा, वेद प्रकाश शुक्ला, जंग बहादुर सिंह, राजेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. हरनाम सिंह चंदेल, कृष्णपाल सिंह चंदेल, अशोक आहूजा, राजीव बाजपेई आदि शामिल थे।

### फाग के दौरान हुई मारपीट में जमकर चले लाठी-डंडे

मौरावां थानाक्षेत्र के वलिया गांव में गुरुवार को फाग के दौरान पुरानी खुन्नस में मुन्ना सिंह ने पिंटू सिंह के पैर में डंडा मार दिया। इसके बाद दोनों के परिजन पहुंचे और उनमें गालीगलौज के बाद लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में एक पक्ष से मुन्ना सिंह, पिंटू सिंह, पदाड़ी सिंह व दीपा सिंह घायल हो गए। वहीं दूसरे पक्ष से रिंकू उर्फ पंकज सिंह, अवधेश उर्फ पिंटू सिंह, अतर सिंह व रश्मी सिंह घायल हो गईं। वहीं टोपरा गांव में बुधवार को गांव के राजेश व मनोरमा में गालीगलौज के बाद मारपीट हो गई। एसओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों मामलों की जांच की जा रही है।

### योग शिविर में फूल और गुलाल से खेली गई होली

पतंजलि युवा भारत द्वारा बसवा चौराहा मौरावां में एक मेडिकल स्टोर के पास आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का समापन गत दिवस हुआ। योग प्रशिक्षक भरत कुमार ने प्राणायाम भस्तिका, कपालभाति अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम, आसन आदि का अभ्यास कराया। योगाचार्य राम प्रकाश ने दंड व बैठक का अभ्यास कराया। साधकों ने हवन कर गुलाल व फूलों की होली खेली। इसमें आनंदकंद एडवोकेट, रमाकांत कोटेदार, राजेंद्र गुप्ता, अमरनाथ लोधी, मुरैता नवीन के प्रधान मनोज सिंह, अरविंद प्रधान कोड़रा, श्रीपाल पूर्व प्रधान कोड़रा, अशोक मास्टर, जगदीश शुक्ल, ओम प्रकाश, आर्यन, गुड्डू यादव अमरेंद्र, स्वयंवर राजपूत, राजकुमार राजपूत, लक्ष्मण प्रसाद, कार्यक्रम संयोजक तहसील प्रभारी बीएमलोधी ने सबको धन्यवाद दिया।

### रंगों की मस्ती में डूबा शुक्लागंज, होरियारों ने जमकर खेली होली

नगर में होली इस बार उत्साह व उल्लास के साथ मनी। बुधवार सुबह से ही लोगों में रंगों का उत्साह देखने को मिला। युवाओं की टोलियां अबीर-गुलाल उड़ाते हुए सड़कों व मोहल्लों में घूमती रहीं और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देती रहीं। 'बुरा न मानो होली है' कहते हुए लोगों ने राह चलते लोगों को भी रंगों से सराबोर कर दिया। सुबह 10 बजे के बाद होली का रंग पूरे शबाब पर पहुंच गया। नगर के कई होलिका स्थलों व प्रमुख चौराहों पर लगे साउंड सिस्टम पर युवा दिनभर थिरकते रहे। राजमार्ग, सुभाष नगर, बिंदानगर, श्रीनगर, चंपापुरवा, गांधी नगर, सर्वोदय नगर, कंचन नगर, नेहरू नगर व आजाद नगर आदि मोहल्लों में होरियारों ने जमकर रंग-गुलाल खेला। बच्चों में भी होली का खास उत्साह दिखा। हाथों में पिचकारी व रंग लेकर बच्चे एक-दूसरे पर रंग डालते और मस्ती करते नजर आए। वहीं घरों में महिलाओं ने पहले पकवान व होली की तैयारियां पूरी कीं। इसके बाद वे भी एक-दूसरे के घर पहुंचकर होली की खुशियां बांटती दिखीं। दिनभर नगर की गलियां व सड़कें रंगों से रंगीन दिखाई देती रहीं। होलिका दहन के बाद से ही लोगों में होली का उत्साह बना था लेकिन दूसरे दिन ग्रहण पड़ने से रंग खेलने से लोग रुके रहे। इसके बाद बुधवार को लोगों ने पूरे जोश के साथ होली खेली। त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। नगर के प्रमुख चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर फोर्स तैनात रहा। कहीं-कहीं हुड़दंग कर रहे लोगों को पुलिस ने खदेड़कर माहौल शांत कराया। थाना प्रभारी अजय सिंह भी फोर्स के साथ नगर में लगातार गश्त करते रहे।

### होली पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकले एसएसपी

**शुक्लागंज उन्नाव :** होली पर जिले में शांति, कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। बुधवार को एसएसपी जय प्रकाश सिंह व एएसपी उत्तरी अखिलेश सिंह ने गंगाघाट क्षेत्र में फोर्स के साथ पैदल गश्त की। इस दौरान अफसरों ने विभिन्न चौराहों व संवेदनशील स्थानों पर तैनात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी का निरीक्षण किया। साथ ही ड्यूटी पर तैनात फोर्स को सतर्कता, अनुशासन व मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। एसएसपी ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और कानून व्यवस्था बनाए रखना प्राथमिकता है। उन्होंने प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह को संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक सामग्री पर कड़ी नजर रखने व किसी भी अवांछनीय गतिविधि की सूचना पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। पुलिस की सक्रियता के चलते नगर में होली का त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।



बालूघाट मोड़ पर पैदल गश्त करते एसएसपी। ● अमृत विचार

### भाईदूज पर बहनों ने भाइयों को टीका कर मांगी लंबी उम्र की कामना

**शुक्लागंज, उन्नाव :** होली के बाद मनाया जाने वाला भाईदूज पर्व गुरुवार को नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। इसमें बहनों ने भाइयों के माथे पर रोली व चंदन का टीका लगाकर उनकी लंबी आयु, सुख-समृद्धि व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भाईदूज को भाई-बहन के पवित्र रिश्ते व स्नेह का प्रतीक माना जाता है। मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन पूर्णिमा की रात होलिका दहन के बाद अगले दिन रंगों की होली खेली जाती है और उसके बाद चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की द्वितीया तिथि को भाईदूज मनाया जाता है। इसे भ्रातृ द्वितीया भी कहा जाता है। गुरुवार सुबह से ही घरों में पूजा-अर्चना के बाद बहनों ने भाइयों को तिलककर मिठाई खिलाई व उनके मंगलमय जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों को उपहार देकर आशीर्वाद लिया और रक्षा का वचन दिया। इस दौरान दूर-दराज से बहनें मायके पहुंचीं। जिससे सड़कों व वाहनों में भी चहल-पहल रही। वहीं मिठाई की दुकानों पर अच्छी-खासी भीड़ रही।



भाईदूज पर भाई को टीका करती बहन। ● अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### नहर में उतराता मिला महिला का शव

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के मुड़ेरा गांव के बाहर से निकली नहर में एक महिला का शव बुधवार शाम गांव के लोगों ने देखा तो वहां हड़कंप मच गया। महिला लाल कुर्ता व लाल सलवार पहने थी। शव कई दिन पुराना लग रहा था। शव के नहर में कहीं से बहकर आने की अटकलें लगाई जा रही हैं। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने बताया कि शव कहीं से बहकर आया है। शिनाख्त नहीं हुई है। शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा गया है।

### फंदे से लटककर युवक ने दी जान

**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के खड़ेहरा गांव में युवक ने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है। खड़ेहरा गांव निवासी विकास गौतम (30) पुत्र रामदयाल मजदूरी कर परिवार पालता था। बुधवार दोपहर उसने अपने कमरे में लगे पंखे के कुंडे में साड़ी के फंदे से लटककर जान दे दी। पत्नी मुस्कान खाना देने पहुंची तो पति को लटका देख उसके होश उड़ गए। चीख सुन परिजन पहुंचे और शव नीचे उतारा। वह चार भाई व एक बहन में छोटा था। उसकी मौत से भाई धर्मेंद्र, अरविंद, कंचन व मां विलासदेवी रो-रोकर बेहाल हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने जांच कर शव का पोस्टमार्टम कराया है। जिसमें उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई है।

# शरारती तत्वों ने फूंकी बाइक व ई-रिक्शा, बुलेट जलकर राख

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत बिंदा नगर चौकी क्षेत्र में शरारती तत्वों ने घरों के बाहर खड़े वाहनों में आग लगा दी। इसमें एक बुलेट जलकर राख हो गई। जबकि बाइक व एक ई-रिक्शा को आसपास के लोगों ने समय रहते आग बुझाकर बचा लिया। पीड़ितों ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

रहमत नगर मकईया ताल निवासी फैजल ने बताया कि वह एक फैक्ट्री में काम करता है। मंगलवार रात वह अपने परिचित आसिफ निवासी मछरिया कानपुर की बुलेट करीब 12 बजे घर आया था। कुछ देर बाद वह बाइक से चला गया फिर रात 3 बजे लौटा। उसने बाइक घर के बगल में स्थित एक खाली प्लॉट में खड़ी कर दी और घर चला गया। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति ने बाइक में आग लगा दी जिससे बुलेट जलकर राख हो गई। इसके बाद शरारती तत्वों ने कुछ दूर खड़े मो. शकील के ई-रिक्शा व गोलू की बाइक में भी आग लगा दी। हालांकि आसपास के लोगों ने समय रहते आग बुझा दी। जिससे दोनों वाहन पूरी तरह जलने से बच गए। इस दौरान गोलू की बाइक में टंगा बैग जल गया और ई-रिक्शा की सीट आंशिक रूप से जल गई। पुलिस ने जांच की। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द पकड़ा जाएगा।

# आम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**हसनगंज उन्नाव, अमृत विचार:** चौकी क्षेत्र के कस्बा मोहान के मोहल्ला पकरा निवासी मुकेश राठौर का पुत्र कालू राठौड़ का शव गुरुवार को घर से बाहर हलवाई गड़हिया तालाब के पास आम के पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों ने शव देख परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई ने बताया कि कल्लू नशे का आदी था। वह दोपहर से घर से लापता था। वह मजदूरी कर घर का खर्च चलाता था। उसकी मौत से पत्नी रानी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। चौकी इंचार्ज रामऔतार ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, जांच की जा रही है।

# सूने घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र की बिंदानगर चौकी अंतर्गत बिंदानगर मोहल्ला निवासी श्रीकिशन पुत्र स्व. गुरु प्रसाद सिलाई का कार्य करते हैं। बताया जा रहा है कि वह परिवार के साथ दर्शन के लिए मैहर गए हुए थे। उनके छोटे भाई विजय कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े 3 बजे उनका बेटा छोले-भटूरे का ठेला लगाने घर से निकला था। उस समय श्रीकिशन के मकान के मेन गेट पर ताला लगा था। सुबह करीब साढ़े 3 बजे जब उनकी बेटी लौटी तो उसने देखा कि श्रीकिशन के घर का मेन गेट का ताला टूटा है। इसकी जानकारी उसने घरवालों को दी। इसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पीआरवी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। बताया गया कि मकान के निचले हिस्से में श्रीकिशन की बेटी प्रीति व दामाद रहते हैं। जबकि ऊपर के कमरों में श्रीकिशन परिवार के साथ रहते हैं। चोरों ने दोनों हिस्सों के ताले तोड़कर अलमारियों व बक्सों को खंगाल दिया और वहां रखे जेवर व नगदी चोरी कर ली।



चोरों द्वारा बिखराया गया कमरे का सामान। ● अमृत विचार

● होली के त्योहार पर परिवार गया था मैहर दर्शन करने तभी चोरों ने वारदात को दिया अंजाम

परिजनों के अनुसार चोरी में लाखों रुपये का सामान गया है हालांकि सही जानकारी पीड़ित परिवार के घर लौटने के बाद ही सामने आएगी। कोतवाली प्रभारी अजय सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### अंतिम संस्कार को पहुंचे ग्रामीणों पर मधुमक्खियों ने बोला हमला, दो दर्जन घायल


**नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार :** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गांव अहिमाखेड़ा निवासी 65 वर्षीय सुंदर की गुरुवार को मौत हो गई थी। गांव के बाहर खेत में उसका अंतिम संस्कार करने के लिए परिजन व ग्रामीण पहुंचे थे। तभी अचानक मधुमक्खियों ने ग्रामीणों पर हमला कर दिया। जिसे जहां जगह मिली सभी शव वहीं छोड़कर भाग निकले। बताते हैं कि मधुमक्खियों के हमले में करीब दो दर्जन लोग घायल हो गये। परिजन घायलों को लेकर अस्पताल भागे। इसमें करीब 20 लोग सीएचसी नवाबगंज पहुंचे और अन्य निजी अस्पताल में इलाज कराने चले गए। सीएचसी नवाबगंज में राजू (45), सुजीत (18), राम कुमार (70), सुमेर (45), वीरेन्द्र (42), केशनपाल (46), नरेन्द्र (48), रामजी (50), बद्री (70), कन्हैया लाल (40), मिलन कुमार (30), राधेलाल (60), नोमीलाल (22), रघुवीर प्रसाद (60), वासुदेव (60), अवधेश कुमार (50) आदि का इलाज किया जा रहा है। इसमें घायल रामजी को चिकित्सक ने गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।



सीएचसी में हो रहा घायलों का इलाज।

### कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव के निधन पर जताया शोक

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार :** नगर के अंबिकापुरम निवासी कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव के कुमार जायसवाल (87) का गुरुवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वह बीते कई दिनों से बीमार थे। उनके निधन से नगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि के कुमार लंबे समय तक कांग्रेस संगठन से जुड़े रहे और पार्टी के विभिन्न पदों पर रहकर सक्रिय भूमिका निभाई। उनके निधन से क्षेत्र के राजनीतिक व सामाजिक लोगों ने दुख जताया है। दोपहर में उनका अंतिम संस्कार मिश्रा कॉलोनी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। उनके पुत्र नीरज जायसवाल ने मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की रस्म पूरी की। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, कांग्रेस कार्यकर्ता व शुभचिंतक शामिल हुए। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संवेदना व्यक्त की।



कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव के कुमार की फाइल फोटो।

### ट्रेन की चपेट में आये युवक की मौत, नहीं हुई पहचान

**उन्नाव, अमृत विचार :** कानपुर-लखनऊ रेलमार्ग किनारे बुधवार को युवक का शव पड़ा मिला। लोको पायलट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। लेकिन शिनाख्त न होने पर शव मोर्चरी में रखवाया गया है। दही थानांतर्गत कानपुर-लखनऊ रेलवे ट्रैक पर बुधवार सुबह 8 बजे ट्रेन संख्या 04054 के चालक ने मेमो से अजगैन रेलवे स्टेशन मास्टर को सूचना दी कि पोल संख्या 43/18 पर युवक का शव पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो शव दही थानाक्षेत्र के अलगनगढ़ गांव के सीमाक्षेत्र में निकला। दही पुलिस की जांच में सामने आया कि युवक की उम्र करीब 38 साल थी। काफी प्रयास के बाद उसकी पहचान न होने पर शव मोर्चरी भेजा गया है। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि युवक की पहचान का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिलीं। युवक मटमैली जींस व काली चेकदार शर्ट पहने है। सोशल मीडिया से शव की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है।

### वृद्ध की अचानक मौत पर बहन ने जताया शक

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सिविल लाइंस निवासी एक वृद्ध की अचानक मौत हो गई। बहन ने मौत को संदिग्ध बता पुलिस को सूचना दे दी। इस पर दो डॉक्टर के पैनल से कराए गए पोस्टमार्टम में उसकी मौत बीमारी होने की बात सामने आई है। सिविल लाइन जेल रोड निवासी अनिल (65) पुत्र स्व. रघुवीर सिंह प्राइवेट नौकरी करता था। वह शराब पीने का लती था। इससे शादी के कुछ साल बाद उसकी पत्नी अपनी बेटी को लेकर चली गई थी। इसके बाद बड़ी बहन गीता उसका पति अनिल ससुराल के मकान में रहने लगा था। वहीं सास लल्ला रानी व बहनोई अनिल साले की देखभाल करते थे। बहनोई अनिल ने बताया कि उसके दो सालों में एक समीर परिवार के साथ उरई में रहता है। एक बहन बीना सिंह पत्नी जगदीश अर्दली बाजार वाराणसी की निवासी है। तीन साल पहले सास की मौत हो गई थी। बहन गीता ने बताया कि अनिल मंगलवार सुबह घर से निकले थे। जहां अधिक शराब पीने के बाद कोई घर के बाहर छोड़ गया था। देररात उसकी घर पर अचानक मौत हो गई। जहां छोटी बहन बीना ने उसकी मौत संदिग्ध बता सदर कोतवाली पुलिस को सूचना दे दी। इस पर पुलिस ने जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की तो परिजन इनकार करने लगे। लेकिन मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में होने का हवाला देकर गुरुवार को दो डॉक्टर के पैनल में शामिल डॉ. मनीष चौरसिया व डॉ. फैसल जुबेर ने पोस्टमार्टम किया। इसमें उसकी हैंगिंग से मौत होने की पुष्टि हुई। चर्चा रही कि दोनों बहनों के बीच मायके की संपत्ति को लेकर विवाद था। इसी कलह से पुलिस को सूचना दी गई थी।

# अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की गई जान

● त्योहार पर अपनों की मौतों पर फूट-फूटकर रोये परिजन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** होली पर अलग-अलग हुए सड़क हादसों में 4 की जान चली गई। इसकी खबर मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराए हैं।

केस-1

### दो बाइकों की टक्कर में युवक की हुई मौत

पुरवा कोतवाली अंतर्गत मवई-रजवाड़ा मार्ग पर रजवाड़ा गांव के बाहर बुधवार को दो बाइकों की टक्कर में मौरावां थानाक्षेत्र के लोहरामऊ गांव निवासी संदीप (25) पुत्र स्व. महुली की मौत हो गई। इसमें दूसरी बाइक सवार शिवरानीखेड़ा निवासी नीरज (22) पुत्र रामनरेश गंभीर घायल हो गया। मां शिवदेवी ने बताया कि संदीप बुधवार दोपहर अपनी ससुराल रंजीतखेड़ा जा रहा था। वह प्राईवेट नौकरी करता था। 4 भाई-बहनों में वह दूसरे नंबर का था। पति की मौत से पत्नी ममता व अन्य परिजन बेहाल हैं। दूसरी बाइक सवार घायल नीरज को सीएचसी से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर किया। लेकिन परिजन उसे रायबरेली के जिला अस्पताल ले गए। उसकी हालत नाजुक है। पुरवा कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि हादसे में एक युवक की मौत हुई है। दूसरा घायल है। उसका इलाज चल रहा है। अभी परिजनों ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।



केस-2

### सड़क हादसे में घायल युवक ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

औरास थानाक्षेत्र के उमरायखेड़ा गांव निवासी सतीश (37) पुत्र मंगू पासवान खेती कर परिवार पालता था। मंगलवार शाम बाइक से हरदोई जिले के थाना कासिमपुर के माडर गांव में लगने साप्ताहिक बाजार से सब्जी खरीदने गया था। जहां से लौटते समय बाजार के पास सड़क हादसे में वह गंभीर घायल हो गया था। परिजन उसे औरास सीएचसी लाए। जहां देरशाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पत्नी सतीशा ने बताया कि सतीश 3 भाइयों में दूसरे नंबर का था। 5 बच्चों में 3 बेटी व 2 बेटे हैं। पति की मौत से पत्नी सतीशा व बच्चे बेहाल हैं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

केस-3

### बाइक की टक्कर से वृद्ध की हुई मौत

बारासगवर थानाक्षेत्र के ऊंचगांव-बक्सर मार्ग पर मंगलवार रात साढ़े 8 बजे बाइक की टक्कर से बारासगवर थानाक्षेत्र के जगतपुर गांव निवासी छेदी लाल (65) की मौत हो गई। भाई चुन्ना ने पुलिस को बताया कि छेदीलाल खोती करता था। हादसे के वक्त वह साइकिल से ऊंचगांव बाजार गया था। लौटते समय हादसा हो गया। पुलिस ने बाइक कब्जे में ली है। छेदीलाल की पत्नी की मौत हो चुकी है। संतान न होने से वह अपने भाई व भतीजे के साथ रहता था। एसओ धर्मेंद्रनाथ मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर आने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

केस-4

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, बहन ने की पहचान

दही थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे पर बाईपास चौराहा के पास स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास मंगलवार देरात वाहन की टक्कर से बिहार थानाक्षेत्र के कुंदनपुर गांव निवासी उदयराज रैदास (56) की मौत हो गई। छोटे भाई रवींद्र ने बताया कि वह 3 दिन पहले सदर कोतवाली क्षेत्र के नवीन मंडी के पास रहने वाली बहन निशा के घर आए थे। मंगलवार को वह काम की तलाश में निकले थे। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गए। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया था। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पहले पुलिस ने अज्ञात में शव रखवा दिया। बाद में सोशल मीडिया पर फोटो वायरल की तब बहन ने पोस्टमार्टम हाउस जाकर पहचान की और बुधवार को शव का पोस्टमार्टम हुआ। बताया कि भाई को जहां भी काम मिलता था कर लेते थे। वह 4 भाई में बड़े थे। शादी नहीं हुई थी। बेटे की मौत से मां ईश्वरदेई व अन्य परिजन बेहाल हैं। एसओ ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

### होली पर बेटी से मिलने जा रहे दंपति की सड़क हादसे में मौत

**उन्नाव :** हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहान मार्ग पर तेज रफ्तार दो बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में दंपति की मौत हो गई। वहीं दूसरी बाइक सवार 3 युवक भी घायल हो गये। पुलिस से मिली सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। लखनऊ जिला के काकोरी थानाक्षेत्र के बरवदा खेड़ा गांव निवासी हीरालाल (50) पुत्र कुशहर अपनी पत्नी रूपरानी (47) के साथ हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के ऊंचेद्वार गांव निवासी बेटी खुशबू से होली पर मिलने जा रहे थे। तभी क्षेत्र के मोहान मार्ग पर नेवलगंज गांव के सामने से होली खेलकर लौट रहे एक बाइक सवार 3 युवकों ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दंपति सहित पांचों लोग सड़क पर गिर कर गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग दौड़ कर पहुंचे लेकिन तब तक हीरालाल की मौत हो गई थी। इसी दौरान दूसरी बाइक सवार घायल हुए तीनों युवक मौके से भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रूपरानी को एंबुलेंस से सीएचसी हसनगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर पर पहुंचे परिजन शव देख बिलख उठे। भाई माखनलाल ने बताया कि दंपति अपनी बेटी खुशबू के घर होली मिलने गए थे। बताया कि परिवार में तीन बेटों में उत्तम, छोटू, राजेश व दो बेटियां खुशबू व सपना हैं। बेटा छोटू चंडीगढ़ में नौकरी करता है। माता-पिता की मौत की खबर पाकर वह घर लौट रहा है। पुलिस ने भाई की तहरीर पर कार्रवाई करते हुए दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा है। कोतवाली प्रभारी शरद चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है। टक्कर के बाद युवक बाइक छोड़कर भाग निकले है। बाइक बिना नंबर की है। जिसे सीज कर चेचिस नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश कर रही है।



हीरालाल



रूपरानी

# 16 मार्च से 20 तक होंगी परिषदीय छात्रों की परीक्षाएं

**उन्नाव, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित 2709 विद्यालयों में पढ़ने वाले 208530 छात्रों की वार्षिक परीक्षा 16 से 20 मार्च तक होगी। जानकारी देते हुए बीएसए शैलेश पांडे ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को पत्र जारी कर दिशा-निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता व पारदर्शिता में किसी प्रकार लापरवाही न होने दी जाए। 16 से 20 मार्च तक होने वाले परीक्षाओं का संचालन दो पालियों में सुबह 9.30 से 11.30 व दोपहर 12.30 से 2.30 बजे तक किया जाएगा। 16 मार्च को दोनों पालियों में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों की कुछ विषयों की मौखिक परीक्षा कराई जाएगी। वहीं 6 से 8 के छात्रों की सुबह बेसिक क्राफ्ट, कला, कृषि, गृह शिल्प व दोपहर में खेल व शारीरिक शिक्षा व स्काउटिंग की परीक्षा होगी। 17 मार्च को सुबह 2 से 8 के छात्रों की गणित व दोपहर में 3 से 8 के छात्रों की संस्कृत, उर्दू की परीक्षा होगी। 18 मार्च को सुबह कक्षा 3 से 8 की सामाजिक विषय व दोपहर में 2 से 8 की अंग्रेजी की परीक्षा होगी। 19 मार्च को सुबह 2 से 8 के छात्रों के हिंदी व दोपहर को कक्षा 3 से 8 की कला, संगीत की परीक्षा कराई जाएगी। जबकि 20 मार्च को सुबह कक्षा 3 से 5 की कार्यानुभव, नैतिक शिक्षा, कक्षा 4 से 8 की विज्ञान व दोपहर पाली में कक्षा 4 से 8 के छात्रों की पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा कराई जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से की मारपीट

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के पन्यौड़ा गांव में एक यूवकसे गांव के कुछ लोगों द्वारा मारपीट की गई जिसमें में युवक घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए पहले सीएचसी बिलग्राम, फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना गुरुवार की है। गांव निवासी सर्वेश उर्फ कल्लू 35गांव में निकला था कि अचानक उस से कुछ लोगों ने मारपीट की युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा से उसे रिफर कर दिया गया। प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### तीन आरोपी गिरफ्तार पशु और वाहन बरामद

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोतवाली पुलिस ने एक पिकप में क्रूरता से भरे गए सात जानवरो सहित तीन आरोपियों को पशु क्रूरता अधीनयम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार किया है। सरदार गंज चौकी के प्रभारी एस आई अतुल गुप्ता और पुलिस बल द्वारा 03 मार्च को क्रूरता पूर्वक पशुओं को लादकर ले जा रहे एक पिकअप वाहन को कब्जे में लेकर फैजान निवासी मोहल्ला गिगियानी, अलीम निवासी मोहल्ला महमन्द और उवैस निवासी मोहल्ला महमन्द को गिरफ्तार किया गया। पिकअप वाहन में लदे 7 पशुओं को उतरवाकर सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है।

# महिला अस्पताल में दर्द निवारक इंजेक्शन और जांच किट तक नहीं

## हरदोई में स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल, नहीं सुधर रही अस्पतालों की हालत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अब भी चिंताजनक बनी हुई है। जिलाधिकारी और प्रभारी मंत्री की बैठकों व निर्देशों के बावजूद सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बाहर से दवाइयां और जरूरी सामान मंगाने की शिकायतें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

ताजा मामला हरदोई मेडिकल कॉलेज से संबद्ध जिला महिला चिकित्सालय का सामने आया है, जहां मरीजों को प्राथमिक उपचार के लिए भी अस्पताल पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में पेन किलर इंजेक्शन और प्रसव से जुड़ी सामान्य जांच के लिए इस्तेमाल होने वाली प्रेगनेंसी टेस्ट किट तक उपलब्ध नहीं है। ऐसे में डॉक्टर मरीजों के तीमारदारों को बाहर की मेडिकल दुकानों से यह सामान लाने के लिए पर्चा लिख रहे हैं।सोशल मीडिया पर भी एक पर्चा तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें डॉक्टर द्वारा पेन किलर इंजेक्शन और प्रेगनेंसी टेस्ट किट बाहर से मंगाने की बात लिखी गई है। जानकारी के अनुसार तीन मार्च को बेनीगंज थाना क्षेत्र से आई एक महिला पेट दर्द की शिकायत लेकर जिला महिला चिकित्सालय पहुंची थी। महिला दर्द से काफी परेशान थी, लेकिन अस्पताल में तत्काल राहत देने के लिए दर्द का इंजेक्शन उपलब्ध नहीं था। इसके बाद डॉक्टर ने तीमारदारों को बाहर से इंजेक्शन और जांच किट खरीदने के लिए पर्चा लिख दिया।



मेडिकल कालेज में काउंटरों पर लगी भीड़।

### स्पष्टीकरण तक सीमित रहती है जांच

**हरदोई।** इस घटना के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्थाओं पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों का कहना है कि जब जिला मुख्यालय के अस्पताल में ही जरूरी दवाइयां और जांच किट उपलब्ध नहीं हैं, तो ग्रामीण इलाकों के अस्पतालों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। हरदोई मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. जीवन विष्णु गोगोई भले ही व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के दावे करते हों, लेकिन अस्पताल की वास्तविक स्थिति इन दावों से अलग नजर आती है। कई बार यह भी शिकायत मिलती है कि डॉक्टर समय पर अस्पताल नहीं पहुंचते और मरीजों को बाहर से दवाइयां लिख दी जाती हैं। लोगों ने कहा कि घटनाओं की जांच अक्सर केवल स्पष्टीकरण तक सीमित रह जाती है। इसका खामियाजा दूर-दराज से इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को उठाना पड़ता है। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से अस्पतालों में दवाइयों और जरूरी चिकित्सा सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि मरीजों को परेशान न होना पड़े।

### रेलवे के गेटमैन की संदिग्ध हालात में मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** रेलवे के स्टोर से ड्यूटी करने के बाद क्वार्टर में पहुंचे गेटमैन की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। कछौना कोतवाली के सुक्खी खेड़ा निवासी 45 वर्षीय दीपचन्द्र रेलवे में गेटमैन था और बघौली के बरवा रेलवे क्रासिंग नंबर-60 पर तैनात था, लेकिन इन दिनों वह बालामऊ जंक्शन के स्टोर में ड्यूटी कर रहा था। दीपचन्द्र पत्नी गुड्डी के अलावा दो बेटों पुष्पेन्द्र, आकाश और एक बेटी श्वेता के साथ बालामऊ जंक्शन के रेलवे क्वार्टर में रह रहा था। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है,रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नशे की हालत में भाई से विवाद के बाद युवक ने की आत्महत्या

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नशे की हालत में दो भाई झगड़ रहे थे,घर वालों ने बवाल टालते हुए दोनों को कमरें में बंद कर दिया,जहां बड़ा भाई सो गया और छोटे भाई ने वहीं फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। नींद से उठ कर बैठे बड़े भाई के चिल्लाने पर पूरी बात पता चली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया गया है कि सुरसा थाने के मढ़िया जानकी नगर मजरा खजुरहरा निवासी 30 वर्षीय प्रवीण कुमार पुत्र जयराम दिहाड़ी मजदूर था,उसके परिवार में पत्नी शशिबाला के अलावा दो बेटे और एक बेटी है। पिता जयराम ने बताया कि बुधवार को प्रवीण नशे की हालत में घर पहुंचा और बड़े भाई मटरू से झगड़ने लगा,काफी मना करने पर दोनों नही माने तो उन्हे एक कमरें में बंद कर दिया गया,देर रात मटरू नींद से उठा और प्रवीण को गमछे से लटका देख चिल्लाने लगा,शोर सुन कर वहां सारे वाले पहुंच गए। मटरू ने बताया कि वह सो गया था,प्रवीण क्या करता रहा ? उसे कुछ पता नहीं चला। पुलिस जांच कर रही है।


प्रवीण की फाइल फोटो।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** फोन पर किसी की कॉल आने पर बात करते हुए युवक घर से बाहर चला गया। काफी देर तक वापस नहीं लौटा तो परिवार के लोग उसकी तलाश करने लगे। अगले दिन सुबह वह लड़खड़ाते कदमों से घर पहुंचा और बताया कि नकाबपोश बदमाशों ने उसे जबरन कुछ खिला दिया है। उसके बाद हाथ से मोबाइल छीन कर उसे तोड़ कर फेंक दिया। कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे आगे कुछ कहा जा सकता है।



पिहानी कोतवाली के अलियापुर निवासी सूबेदार का 18 वर्षीय पुत्र दलवीर ई-रिक्शा चलाता था। पिता सुबेदार ने बताया कि रविवार की रात दलवीर घर पर था। देर रात उसके पास फोन आया, वह बात करते-करते बाहर निकल गया,उसके बाद वापस नहीं लौटा। सारी रात उसे ढूंढा जाता रहा,उसी बीच सोमवार की भोर वह लड़खड़ाते कदमों से घर पहुंचा। दलबीर ने रोते हुए बताया कि दो नकाबपोशो. ने उसे जबरन ज़हर दे दिया और उसका मोबाइल छीना और उसे तोड़ कर फेंक दिया।

# जुआं पकड़ने गई पुलिस पर हमला

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- सिपाही की तहरीर पर 8 नामित व 20 अज्ञात पर बलवा की रिपोर्ट

**अमृत विचार।** अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा में जुएं की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान अभद्रता का आरोप लगा लोगों ने दरोगा व सिपाहियों से बदसलूकी शुरू कर दी। भीड़ ने सिपाहियों को बंधक बनाने का प्रयास किया। सूचना पर सीओ व एसओ फोर्स के साथ पहुंचे तो अधिक भीड़ एकत्र हो गई जिसने पथराव भी किया। इसमें एसओ का वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ। हालांकि पुलिस के मुताबिक सिपाही शराबियों के उत्पात की सूचना पर गए थे। बवाल के दौरान पुलिस कर्मियों को चोट लगी है। बीट प्रभारी की तहरीर पर पुलिस ने 8 नामित व 15-20 पर बलवा व सरकारी कार्य में बाधा डालने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसएसपी जय प्रकाश सिंह पीएसी के साथ पहुंचे और सीओ से घटना की जानकारी ली। फिलहाल गांव में पीएसी तैनात कर उपद्रियों की फुटेज खंगाल कर पहचान शुरू की है।

अचलगंज थानाक्षेत्र के हड़हा गांव में बुधवार शाम करीब 6 बजे हल्का इंचार्ज शिवकुमार पांडेय सिपाही अमरजीत सिंह के साथ गश्त पर थे। तभी उन्होंने गांव के युवक अंकित सोनकर से जुआं के संबंध में जानकारी करने का प्रयास किया तो अंकित ने खुद जाकर पता लगाने की बात कही। इस पर दरोगा व सिपाही भड़क गए। आरोप है कि सिपाही ने उससे गालीगलौज की। जिसका युवक ने विरोध किया तो मामला हाथापाई तक पहुंच गया। विवाद की सूचना पर वहां ग्रामीण एकत्र हो गए। खुद को बंधक बनता देख सिपाही दरोगा को छोड़कर भागा और थाने में इसकी सूचना दी। एसओ बृजेश शुक्ला व सीओ मधुपनाथ मिश्रा फोर्स के साथ पहुंचे और डंडा पटककर भीड़ हटाने का प्रयास किया। लेकिन भीड़ पीछे हटने की जगह आक्रोशित हो गई। धीरे-धीरे लोगों की संख्या फोर्स से अधिक हो गई। इसमें शामिल उपद्रियों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। घटना में कुछ पुलिस कर्मियों को चोटें आने की भी चर्चा है। वहीं पथराव के दौरान एसओ के चालक ने पुलिस वाहन हटाने का प्रयास किया तो वह खंती में चली गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस बैकफुट पर आई और गांव से एक किमी दूर उन्नाव-लालगंज हाईवे पर बने अंडरपास के नीचे जाकर खड़ी हो गई। कंट्रोल रूम को मामले की जानकारी देकर अतिरिक्त फोर्स व पीएसी की मांग की गई। इस पर रात को एसएसपी जयप्रकाश सिंह पीएसी के साथ थाने पहुंचे और हालात का जायजा लिया। साथ ही घटना के दौरान पुलिस द्वारा बनाए गए वीडियो की जांच की। इसमें सामने आया कि भीड़ में काफी संख्या में महिलाएं भी थीं। घटना के बाद बीघापुर व दही थाने का भी फोर्स बुलाया गया। फिलहाल गांव में सन्नाटा पसरा है। सीओ मधुपनाथ मिश्र ने बताया कि पुलिस कर्मी घायल नहीं हुए हैं। युवक ने नशे में गाली-गालौज व उपद्रव किया है। गांव में पुलिस बल तैनात है। जांच की जा रही है। पीएसी गांव में गश्त कर रही है।

# युवाओं व किशोरों ने जमकर की मस्ती, खेली कपड़ा फाड़ होली

सफीपुर, बांगरमऊ, उन्नाव

**अमृत विचार।** बदलते परिवेश में युवाओ में कपड़ा फाड़ होली की परंपरा पड़ती जा रही है। सैकड़ों युवक एक-दूसरे के कपड़े फाड़कर होली खेलते हैं। होली का बच्चे व युवा बेशब्री से इंतजार करते हैं। होली पर किशोरों व युवाओं का आलम यह रहा कि वह डीजे पर बज रहे गीतों की धुनों पर थिरकते रहे और एक-दूसरे के कपड़े फाड़कर रंगों की बारिश करते रहे। युवकों के पास जो भी आया उसे अपने कपड़े गंवाने पड़े। नगर के मोटेश्वर मंदिर आदि स्थानों पर यह नजारा देखने को मिला। हालांकि युवकों के होली खेलने के इस तरीके से बुजुर्ग किनारा ही करते रहे।

बांगरमऊ नगर के मुख्य मार्गों से लेकर मोहल्लों की गलियों तक 'होली है' के जयकारों की गूंज रही। टोली में निकले युवाओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया। जगह-जगह स्थापित होलिका दहन स्थलों पर लोगों ने पूजा-अर्चना की और नई फसल की बालियां भूनकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण किया। इसके बाद रंग खेलने का दौर शुरू हुआ। कस्बा गंजमुरादाबाद में सुरक्षा व्यवस्था के बीच फाग जुलूस निकाला गया। एएसपी प्रेमचंद, एसडीएम बृजमोहन शुक्ला, सीओ संतोष सिंह व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडे फोर्स के साथ मुस्तैद रहे। गौरतलब है कि बीते वर्ष फाग जुलूस के दौरान दो समुदायों में हिंसक झड़प हो गई थी। इसे लेकर इस बार पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा। वहीं गावों में फाग गायन की महफिलें सजीं। जहां ढोलक-मजीरों की जुगलबंदी ने ग्रामीण परिवेश को जीवंत कर दिया। बुजुर्गों ने युवाओं को आशीर्वाद दिया तो महिलाओं ने घरों में गुझिया, पापड़ व चिप्स बनाकर मेहमानों का स्वागत किया। इस दौरान नगर की गंगा-जमुनी तहजीब एक बार फिर देखने को मिली।

नौनिहालगंज बाजार में मां भुवनेश्वरी मंदिर के सामने श्री दोसर वैश्य सेवा समिति द्वारा परंपरागत होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। यहां गंगा जमुनी तहजीब का संगम देखने को मिला। समारोह में पूर्व मंत्री चौधरी अशोक सिंह बेबी, रामचंद्र वर्मा, पालिकाध्यक्ष रामजी गुप्ता, नियाज अहमद, रविकांत गुप्ता, बालाराव गुप्ता, फरीद खान, अनिल कुशवाहा, अहमद रजा, राकेश गुप्ता व नारायण गुप्ता ने एक-दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी।


सफीपुर में होली पर कपड़े फाड़कर रंग खेलते युवा।


बांगरमऊ के नौनिहालगंज बाजार में होली मिलन समारोह में मौजूद लोग।

### होली पर ढोल-नगाड़ों की धुन पर थिरके होरियारे, मचाया धमाल

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में होली हर्सोल्लास के साथ मनाई गई। ढोल नगाड़ों के बीच थिरकते युवाओं ने एक दूसरे को रंगों से तर-बतर कर दिया। दो दिन तक चले रंग में बच्चे तो बच्चे, बड़े भी किसी से कम नहीं रहे। सब टोलियों में निकले और एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाया। बुजुर्गो को भी रंग का टीका लगाया और पैर छूकर आशीर्वाद लिया। युवा तेज आवाज में बज रहे गीतों पर धमाचौकड़ी मचा रहे थे। इस सबके बीच पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा। किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए सीओ सोनम सिंह, एसओ एसएन त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शांति व शौहर्द से पर्व मनाने की अपील करते रहे।

### नकदी व सोने-चांदी के जेवरात चोर ले गए, जांच कर रही पुलिस

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के भूड मडेया मजरा बाबटमऊ गांव में अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नगदी और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित शिवराज पुत्र रूपलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मकान पर अभी छत नहीं पड़ी है और दीवार के सहारे छप्पर डाला गया है। उसी छप्पर के नीचे एक बक्सा रखा था, जिसे अज्ञात चोर रात में उठा ले गए। पीड़ित के अनुसार बक्से में रखी कुछ नगदी के साथ सोने और चांदी के जेवरात भी थे। घटना 1 अप्रैल की रात की बताई जा रही है। सुबह जब परिवार के लोगों ने सामान देखा तो बक्सा गायब मिला, जिसके बाद घर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ भी की है। पीड़ित ने मामले में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच-पड़ताल की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा।

### अनियंत्रित डंपर ने ली युवक की जान


**अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र के देवगांव चौकी अंतर्गत रसूलपुर गांव में एक युवक को तेज रफ्तार डंपर ने कुचल दिया। उसकी मौत हो गई। पुलिस ने डंपर और चालक को हिरासत में ले लिया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत (बघौड़ा) कच्चे का पुरवा निवासी आकाश तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी रसूलपुर गांव में अपने रिश्तेदार विनोद के घर आया था। विनोद के घर में आकाश की बहन की शादी हुई है। बीती रात आकाश घर के बाहर लगे हैंडपंप पर हाथ धो रहा था। इसी दौरान डंपर ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। आकाश को कुमारगंज के एक निजी अस्पताल से लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। देवगांव चौकी पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया।

# 5 किमी. दूर सुनाई देती थी मिसाइल गिरने की आवाज

अयोध्या कार्यालय :

- आबूधाबी से सकुशल लौटे दशरथ महल के महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य ने सुनाई आपबीती

**अमृत विचार :** जहां पर हम रुके हुए थे वहां से पांच किलोमीटर की दूरी पर अमेरिका का एयरवेस है। वहां जब मिसाइल गिरती थी तो तेज आवाज सुनाई देती थी। दहशत से लोग खिड़की दरवाजे बंद कर लेते थे। भगवान की कृपा से हम लोग सुरक्षित आ गए। ये कहना है दशरथ महल पीठाधीश्वर विंदुगद्याचार्य महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य का। वो गुरुवार को आबूधाबी से वापस अयोध्या पहुंचे थे। अंतर्राष्ट्रीय महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह, रसिक पीठ के आचार्य महंत जनमेयज शरण और महंत हेमंत दास ने फूल माला से स्वागत किया।


महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर महंत देवेंद्र प्रसादाचार्य का स्वागत करते पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह और साधु संत। अमृत विचार

महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य ने बताया कि भक्त ने आबूधाबी में बने राममंदिर में दर्शन के लिये बुलाया था। इसलिए 27 फरवरी को गया था।इसी बीच 28 फरवरी से ईरान और अमेरिका में युद्ध प्रारंभ हो गया। जिसके कारण फ्लाइट कैंसिल हो गई। आबूधाबी के हवाई अड्डे पर भी मिसाइलें गिरीं। वहां पर जो लोग हैं वह भयभीत है।

श्रृंगऋषि आश्रम के महंत हेमंत दास ने बताया कि युद्ध के चलते हवाई सेवाएं अस्थायी रूप से बंद कर दी गईं, जिसके कारण महाराज की निर्धारित तिथि 2 मार्च को भारत वापसी संभव नहीं पाई थी। कहा कि इजरायल और ईरान में रहे हमलों के बीच वहां के रहने भारतीय भी सुरक्षित नहीं हैं। दशरथ महल के महंत भी आबुधाबी यात्रा पर गये थे, जो युद्ध के कारण वह वापस नहीं आ पा रहे थे। जैसे ही हवाई सेवाएं शुरू हुईं वो सकुशल वापस आ गये।

### कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति ज्ञानेंद्र सिंह की नियुक्ति निरस्त

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह की नियुक्ति कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने निरस्त कर दी है। राजभवन द्वारा जारी पत्र के अनुसार यह आदेश 24 घंटे पूर्व से प्रभावी माना गया है। कुलाधिपति ने ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह को 10 फरवरी को पदभार ग्रहण करने की तिथि से तीन वर्ष के लिए कुलपति नियुक्त किया था। हालांकि उन्होंने निर्धारित समयावधि के भीतर पदभार ग्रहण नहीं किया। राजभवन ने उन्हें 1 मार्च 2026 तक पदभार संभालने का अंतिम अवसर दिया था, जिसमें वे असमर्थ रहे। सूत्रों के अनुसार, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह वर्तमान में आईसीएआर नई दिल्ली में निदेशक पद पर कार्यरत हैं। उनकी सेवानिवृत्ति 31 मार्च 2026 को प्रस्तावित है। सेवानिवृत्ति से पूर्व विश्वविद्यालय में पदभार ग्रहण न कर पाने को नियुक्ति निरस्त किए जाने का प्रमुख कारण माना जा रहा है। राजभवन द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि यह निर्णय जनहित, छात्रहित और कृषि उच्च शिक्षा के व्यापक हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। फिलहाल, विश्वविद्यालय का अतिरिक्त प्रभार डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेंद्र कुमार सिंह को सौंपा गया है।

# मस्जिदों में मुकम्मल हुआ कुरान पाक का पहला दौर

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** मुकद्दस रमजान में नगर की विभिन्न मस्जिदों में तरावीह की नमाज में कुरान पाक मुकम्मल होने का सिलसिला जारी है। 14वें रमजान को कई मस्जिदों में कुरान पाक का पहला दौर मुकम्मल हुआ। नगर के मोहल्ला दरगाह स्थित जामा मस्जिद में नायब शहर काजी हाफिज फिरोज खान ने कुरान पाक का पहला दौर मुकम्मल किया।

यहां मो. खालिद, कुर्बान अली, मोअज्जम, अर्सलान खान, फरमान खान व फरहान सिद्दीकी आदि मौजूद रहे। मोहल्ला घूरेटोला स्थित नई मस्जिद में हाफिज जैद खान ने तरावीह में कुरान पाक पूरा किया। यहां तौफीक खान, हाफिज अकील, हाफिज शकील व सादिक अली आदि रहे। बाईपास वाली मस्जिद में सबसे कम उम्र के 15 वर्षीय हाफिज साजिद ने तरावीह में कुरान मुकम्मल किया। यहां पूर्व चेयरमैन इजहार खान, शब्बू खान, मो. नफीस, मो. रईस, मो. हसीब, हाफिज मोहम्मद हसीन, शानू खान, गुलज़ार, मो. रऊफ, मो. कलीम, मो. रशीद, हाफिज मोहम्मद सुफियान व अर्सलान खान आदि रहे। वहीं, मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित दरगाह यासीनिया वाली मस्जिद में हाफिज जीशान व हाफिज फरहान ने भी तरावीह की नमाज में कुरान पाक का पहला दौर मुकम्मल किया। इसमें जामा मस्जिद के इमाम व खतीब नायब शहर काजी हाफिज फिरोज खान ने तरावीह की नमाज की फजीलत बयान करते हुए कहा कि तरावीह पढना सुन्नत मुअक्कदा है। इस नमाज को जरूर पढ़ना चाहिए। कहा कि रमजान का महीना इबादत, सब्र व रहमत का महीना है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक इबादत करने, कुरान की तिलावत करने व जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। तरावीह के बाद मुल्क में अमन-चैन व खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई।


तरावीह की नमाज के बाद मस्जिद में मौजूद लोग।

### किसान से मारपीट में 4 लोगों पर रिपोर्ट

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के धनइयां गांव के महावीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े 7 बजे वह अपने खेत की रखवाली करने गया था। तभी भिटवा गांव निवासी रेशू, कल्लू, बाबू व बालेन्द्र वहां पहुंच गए और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर चारों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसमें महावीर को चोटें आईं। उसका आरोप है कि मारपीट के बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रोजेदारों ने की मुल्क की सलामती की दुआ

**बांगरमऊ, अमृत विचार।** नगर के मोहल्ला सैय्यदवाड़ा स्थित दरगाह यासीनिया में पीरजादा सैय्यद मोहम्मद गयासुद्दीन उर्फ गौसी मियां की ओर से सामूहिक रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ। इफ्तार से पूर्व गौसी मियां ने रोजा इफ्तार की फजीलत पर बयान करते हुए कहा कि रोजा सब्र, सहनशीलता व इंसानियत का पैगाम देता है। कहा कि इफ्तार के वक्त की दुआ खास कबूल होती है। इसलिए इफ्तार से पहले हमें अपने साथ-साथ पूरे मुल्क की खुशहाली के लिए दुआ करनी चाहिए। निर्धारित समय पर अजान के साथ रोजेदारों ने खजूर व पानी से रोजा इफ्तार किया। फिर सभी ने दरगाह परिसर में मगरिब की नमाज अदा की। इसके बाद देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे व तरक्की की दुआ की गई। इसमें डॉ. सैय्यद अजहरुद्दीन, पूर्व चेयरमैन इजहार खान गुड्डू, डॉ. जाकिर, हाफिज जीशान, अनवर कुरैशी, कारी अजमत अली, मौलाना गुलाम नबी सैफी, फरीद खान व हाफिज फरहान आदि रोजेदार रहे। इसी क्रम में नगर के मोहल्ला हटिया स्थित अपने आवास पर डॉ. फरजाना ने भी सामूहिक रोजा इफ्तार कराया। इसमें एहराज खान बब्लू, डॉ. शादाब अंसारी, सोहेल अंसारी, तारिक अंसारी, सिराज सभासद व फरीद खान आदि मौजूद रहे।


रोज इफ्तार में शामिल होते लोग। अमृत विचार

**मुकद्दस रमज़ान**



- 16वां रोज़ा-
  - अफ्तार-शुक्रवार 6 :13 बजे
- 17वां रोज़ा-
  - सहरी-शनिवार 5 :10 बजे।

**न्यूज ब्रीफ**

### रोजगार मेले का आयोजन 14 को

**हरदोई, अमृत विचार।** डा. राम मनोहर लोहिया महाविद्यालय, अल्लीपुर में 14 मार्च को प्रात: 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में मुख्य अतिथि के रूप में रजनी तिवारी, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री मौजूद रहेंगी।

### डीएम ने जन सनुवाई में सुनीं 15 शिकायतें

**हरदोई, अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई में गुरुवार को कुल 15 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हो।

# उत्साह, उल्लास व उमंग के साथ मनाया गया होली का पर्व

**संवाददाता, हरदोई,**



लोगों से गले मिलते राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल व नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र।



बिलग्राम में एक-दूसरे के गले मिलते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले भर में होली का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। नगर के महाराज सिंह पार्क में सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम में मंत्री नितिन अग्रवाल सहित विभिन्न धर्मों के राजनैतिक, समाजसेवी व विभिन्न संगठनों के लोगों ने भाग लिया। लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलते हुए होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देता नजर आया। महाराज सिंह पार्क में राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, पूर्व विधान परिषद सदस्य डा. राजपाल कश्यप, भाजपा नेता प्रदीप वर्मा सहित गणमान्य लोगों ने प्रतिभाग किया। नगर पालिका परिषद की ओर से होली समारोह में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न गायकों ने अपने गीत प्रस्तुत किए।

बिलग्राम संवाददाता के अनुसार श्री बाबा मंशानाथ मंदिर प्रांगण में शाम होते ही होलिका दहन की परंपरा विधि-विधान के साथ निभाई गई। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होलिका दहन किया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इसके बाद मंदिर प्रांगण में होली मिलन का कार्यक्रम हुआ, जिसमें लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अनिल राठौर भी कार्यक्रम में पहुंचे और लोगों से गले मिलकर होली की बधाई दी। वहीं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजा रमन गुप्ता ने भी नगरवासियों से मुलाकात कर उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे और मंदिर परिसर में पुलिस बल तैनात रहा, जिससे पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। संडीला संवाददाता के अनुसार अंगूरी शंकर सेवा समिति द्वारा प्रभात फेरी मंदिर नगर पालिका के पीछे होली मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें महिलाएं बच्चे एवं युवाओं ने खूब होली खेली। अंगूरी शंकर सेवा समिति के अध्यक्ष अंगूरी शंकर सिन्हा ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी लोगों को बुलाकर रंग खेला गया। होली मिलन भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाएं, पुरुष व बच्चे एक साथ होली खेल सके। बच्चों एवं महिलाओं ने होली के गीत पर नृत्य भी किया। इस अवसर पर राजन गुप्ता, अतुल जयसवाल, विनय सिंह, विजय सिन्हा, ओमी गुप्ता, लिपिका सिन्हा, आव्या सिन्हा, आराध्या सिन्हा, भूमि सिंह, रानी गुप्ता, देवेंद्र गुप्ता, रिदीमा सिन्हा, दीप्ती सिन्हा, आभास, दैविक आदि सैकड़ों महिलाएं व बच्चे और बुजुर्ग मौजूद रहे।



होली पर मस्ती करते बच्चे व युवा। अमृत विचार



संडीला में रंग खेलतीं युवतियां। अमृत विचार



बेनीगंज में पिचकारी से रंग छोड़ते बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों ने पूरे दिन जमकर की मस्ती

बेनीगंज संवाददाता के अनुसार बुधवार को होली मिलन समारोह के दौरान नन्हे मुन्हें बच्चों में खास उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही बच्चों ने रंग गुलाल व हाथों में पिचकारी लेकर खेलते नजर आए, जिसके बाद रंग बिरंगी कपड़ो से बनी आकर्षक ड्रेस पहनकर एक दूसरों को गले लगाते हुए होली मिलने निकल पड़े। घरों में पहुंच कर तरह तरह के पकवानों का आनंद उठाया।

# हादसों की होली: बेकाबू रफ्तार में 8 की मौत, 28 लोग घायल

## त्योहर की खुशियों के बीच मृतकों के परिजनों में मची रही चीख-पुकार, गंभीर रूप से घायलों को हॉयर सेंटर भेजा गया

**संवाददाता, हरदोई,**




**अमृत विचार।** सड़क पर दौड़ी बेकाबू रफ्तार ने होली को हादसों के नाम कर दिया। वैसे तो होली के बीच हर तरफ सड़को पर रंग और गुलाल और लोग एक-दूसरे से हंसी-ठिठोली करते दिखाई देते थे,लेकिन इस बार की तस्वीर बिल्कुल अलग थी,बेकाबू रफ्तार के चलते सड़क लाल थीं और हर तरफ चीख-पुकार सुनाई दे रही थी।

पिहानी कोतवाली के करीमनगर निवासी 21 वर्षीय रोहित कुशवाहा पुत्र विजेंद्र कुशवाहा की शादी पिछले महीने 9 फरवरी को कोतवाली शहर के शहाबुदीन पुर की रोली के साथ हुई थी। रोहित के ताऊ राजेंद्र की शाहाबाद तिराहा पिहानी में मिठाई की दुकान है। रोहित गुरुवार की सुबह बाइक से ताऊ की दुकान पर जा रहा था। जीडीसी के पास गन्ने से लदे ट्रक ने टक्कर मारते हुए उसे कुचल दिया, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई। वहीं पाली थाने के भरखनी निवासी ब्रजेश उर्फ विजय बुधवार को पत्नी मुसम्मी और तीन महीने की बेटी विनीता को लेकर रिश्तेदारी में गया था। वापस लौटते समय पाली-शाहाबाद रोड पर वेगराजपुर के पास दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी, जिससे तीनों घायल हो गए। जिन्हे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, वहां गुरुवार की सुबह विनीता की मौत हो गई।

इसी तरह सुरसा थाने के ढ़ोलिया निवासी सुबेदार (71) बुधवार की सुबह शौच को जा रहा था,उसी बीच तेज़ रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी,जिससे सूबेदार बुरी तरह ज़ख्मी हो गया,उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया,जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई।

बेनीगंज कोतवाली के सारीपुर निवासी 30 वर्षीय गुलशन अपने दोस्त पकंज व कुलदीप के साथ बाइक से सीतापुर ज़िले के कुलुहा बरेठा जा रहा था,उसी बीच दधनामऊ रोड पर जमुनिया के पास दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी,जिसमें गुलशन और उसके दोनों दोस्तों के अलावा दूसरी बाइक सवार मुकेश व अनुज ज़ख्मी हो गए। सभी को सीएचसी पहुंचाया गया,जहां गुलशन की मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ बेनीगंज कस्बे के मोहल्ला सुनारनटोला निवासी गोपाल वैश्य का 14 वर्षीय पुत्र सागर वैश्य गुरुवार की सुबह बाइक से सौदा खरीदने जा रहा था,उसी बीच पेट्रोल पम्प के पास पिपरी निवासी मंजेश की बाइक से टक्कर मार दी,जिससे सागर वैश्य के सिर में गहरी चोंट पहुंची और कुछ देर बाद मौत हो गई।

टड़ियावां थाने के खेरवा निवासी 42 वर्षीय राजपाल पुत्र नंदराम गुरुवार की सुबह गांव खेरवा चौराहे पर खड़ा था,उसी बीच उधर से निकली बस ने उसे टक्कर मार दी,बुरी तरह ज़ख्मी हुए राजपाल को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां उसकी मौत हो गई। हरपालपुर थाने के महुआ कोली निवासी 52 वर्षीय दिनेश सिंह अपने चचेरे भाई सुधीर सिंह के साथ सवायजपुर की बाज़ार गया हुआ था,वहां से दोनों बाइक से लौट रहे थे,उसी बीच गंगा एक्सप्रेस-वे के पद्मविला पुर सर्विस रोड पर तेज़ रफ्तार गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी,जिससे दिनेश सिंह के गहरी चोंट पहुंची,उसे स्वास्थ्य उपकेंद्र खम्हरिया से मेडिकल कालेज के लिए रिफर कर दिया गया,जहां उसकी मौत हो गई। वहीं दूसरी तरफ कोतवाली शहर के बनियानी पुरवा निवासी रवि पुत्र रुप्पा अपना सीएनजी आटो ले कर पिहानी गया हुआ था,गुरुवार की सुबह वहां से सवा रिया ले कर लौट रहा था,रास्तें में कोतवाली देहात के भूरा टीकुर के पास रवि को झपकी आने से उसका आटो पेड़ से टकरा गया,जिससे रवि के अलावा उस पर सवार हरियावां थाने के मरई निवासी 22 वर्षीय सलामत,पिहानी कोतवाली के सिमौर निवासी 65 वर्षीय रामपाल,कस्बे के मोहल्ला मिश्राना निवासी 25 वर्षीय अभय गुप्ता,उसकी 23 वर्षीय पत्नी खुशी,कोतवाली देहात के चक निवासी 68 वर्षीय लज्जाराम और उसकी 65 वर्षीय उसकी पत्नी सुमिला बुरी तरह ज़ख्मी हो गई। आनन-फ़ानन में सारे लोगों को एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया,जहां सुमिला की मौत हो गई,उसके पति लज्जाराम के अलावा अभय गुप्ता,उसकी पत्नी खुशी गुप्ता को हायर सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया। जबकि सड़क हादसों के शिकार हुए लोग सारे दिन मेडिकल कालेज पहुंचते रहे। जिनमें कोतवाली शहर के भिठारी निवासी 25 वर्षीय संदीप गांव निवासी अपने दोस्त रेशम व अनुराग के साथ होली मिलने के लिए जा रहे थे। इस दौरान गांव के पास ही सामने से आ रहे गाड़ी को बचाने में संदीप की बाइक बेकाबू हो गई। इसमें तीनों सिर के बल सड़क पर गिर गए। तीनों बुरी तरह से ज़ख्मी हो गए। एंबुलेंस से तीनों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। कोतवाली देहात के भगौती पुरवा निवासी अशोक कुमार और राधेश्याम बाइक से सहावत निवासी बाइक सवार कुंदन,कोतवाली देहात के पंडित पुरवा निवासी सौरभ, हरियावां थाने के रारा निवासी रणजीत, रामप्रताप सिंह, पिहानी कोतवाली के जरौना निवासी अंकुल, सतीश, हरियावां थाने के बेला कपूरपुर निवासी साइकिल सवार अहिबरन,सुरसा थाने के गोबरहा निवासी प्रभाकर, आकाश, कोतवाली देहात के अटवा-असिगांव निवासी बाइक सवार प्रदीप, उनके दोस्त आशीष, ध्रुव, बिलग्राम नगर के रफैय्यतगंज निवासी बाइक सवार सोनू, विकास, बिहार के मोतीहारी जनपद के दरपा थाने के ग्राम पिपरा निवासी बाइक सवार अभिमन्यु ,उसका बहनोई टड़ियावां थाने के अहिरानी अग्रवाल कुमार,बिलग्राम नगर के मोहल्ला कासूपेट निवासी बाइक सवार अभिषेक कुशवाहा,उसका दोस्त पीयूष, हरियावां थाने के ग्राम बजरिया निवासी राजेश,बघौली थाने के विक्टोरिया गंज निवासी अनुज और बृजेश ज़ख्मी हो गया।

### दो बाइकों की भिड़ंत में चार घायल, तीन गंभीर

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** मझिला थाना के आंझी आलमनगर मार्ग पर हुए दो बाइक की आमने सामने हुई भिड़ंत में चार लोग घायल हो गए जिन्हें सीएचसी लाए जाने के बाद तीन घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। घटना ग्राम टूमुर्की के निकट एक पेट्रोल पंप के पास हुआ जिसमें फतेहपुर गाजी गांव के रहने वाले जकील 32 वर्ष पुत्र मोहम्मद नबी, हीरालाल पुत्र बाबूलाल 45 वर्ष और मंझिला गांव के रहने वाले 30 वर्षीय विपिन पुत्र राकेश और 18 वर्षीय नीरज पुत्र उपदेश सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों घायलों को तुरंत शाहाबाद सीएचसी भेजा जहां मौजूद चिकित्सक ने घायलों का उपचार कर हीरालाल, विपिन, और नीरज को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### हादसे में किशोर की मौत, चाचा घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** बोर्ड का परीक्षार्थी होली की खरीदारी करने चाचा के साथ बाज़ार गया था। लौटते समय रास्ते में अचानक से बाइक के सामने जानवर आ गया,जिसे बचाने में बाइक पेड़ से टकरा गई,जिससे परीक्षार्थी की मौत हो गई और उसके चाचा को काफी गहरी चोंटे आई है। बेहटा गोकुल थाने के हूंसेपुर करमाया निवासी धर्मेंद्र का 16 वर्षीय पुत्र रोविल बावन के नारायण बालिका कालेज में 10वीं की बोर्ड परीक्षा दे रहा था। मंगलवार को रिश्ते के 23 वर्षीय चाचा नरेंद्र के साथ होली की खरीदारी करने शिरोमणि नगर की बाज़ार गया था। देर शाम दोनों बाइक लौट रहे थे। हूंसेपुर करमाया के पास सामने से अचानक जानवर आ गया, जिसे बचाने में बाइक पेड़ से जा टकराई। दोनों को एम्बुलेंस-108 से सीएचसी शाहाबाद पहुंचाया गया, जहां रोविल की मौत हो गई। रोविल दो भाइयों में बड़ा था,उसका छोटा भाई अर्पित है।



मृतक रोविल की फाइल फोटो।

### 24 घंटे बाद गर्रा नदी से बाहर निकाला शव

**हरदोई, अमृत विचार।** होली पर रंग खेलने के बाद युवक गर्रा नदी में नहा रहा था। उसी बीच वह डूब गया। गोताखोरों ने 24 घंटे बाद युवक का शव नदी की तलहटी से बाहर निकाला। शाहाबाद कोतवाली के उधरनपुर निवासी श्याम सिंह (38) ने बुधवार को होली खेली और उसके बाद वहीं पास की गर्रा नदी में नहाने चला गया। काफी देर तक घर न पहुंचने पर उसे ढूंढा जाने लगा। नदी के किनारे उसके कपड़े पड़े होने से श्याम सिंह के नदी में डूबने का डर पैदा हो गया। इसके बाद पूरी रात रेस्क्यू जारी रहा। गुरुवार को शाहजहांपुर के गोताखोर बुलाए गए। 24 घंटे बाद श्याम सिंह का शव बरामद किया गया। श्याम सिंह के परिवार में पत्नी व एक बेटा है।

# कुत्तों के हमले में घायल बच्चे की 28वें दिन मौत

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** घर के बाहर खेल रहे बच्चे पर कुत्तों ने हमला कर नोंच डाला। घर वाले निजी हास्पिटल में इलाज कराते रहे। वहां सर्जरी के लिए तीन लाख का खर्च बताने पर घर वाले उसे दूसरे निजी हास्पिटल में इलाज करा रहे थे। गुरुवार की सुबह बच्चे की मौत हो गई।

पिहानी कोतवाली के जहानीखेड़ा निवासी छोटे शाह का पांच वर्षीय पुत्र अयान करीब 28 दिन पहले घर के बाहर खेल रहा था। उसी बीच कुत्तों ने उसे नोंच डाला। अयान को सीएचसी पिहानी में इंजेक्शन लगाकर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। उसके अगले दिन मेडिकल कालेज से हायर सेंटर लखनऊ रिफर कर दिया गया। पिता ने बताया कि अयान को लखनऊ के निजी हास्पिटल में भर्ती करवाया गया। वहां चेहरे की सर्जरी के लिए तीन लाख का खर्चा बताया गया,लेकिन इतने रुपये का बंदोबस्त नहीं हो सका,इस वजह से उसे वहां उठा लाए। अयान को घर में रोक कर उसका नीर के एक निजी हास्पिटल में इलाज चल रहा था। दिखा रहे थे। बुधवार को तबीयत बिगड़ने पर उसे वहीं ले जाया गया,जहां गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई।

# विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

**संवाददाता, हरदोई**



सविता की फाइल फोटो।

- **भाई का आरोप हत्या कर शव लटकाया गया**
- **कोतवाली में हुए समझौते के बाद 11 फरवरी को हुई थी विदाई**

**अमृत विचार।** अतिरिक्त दहेज़ के लिए विवाहिता की पिटाई करने वाले ससुरालियों की पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने समझौता कराकर पत्नी को पति के साथ विदा करा दिया। उसके 22वें दिन बुधवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। भाई ने पुलिस को दी तहरीर में हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है।

पिहानी कोतवाली के कनपुरवा मजरा शाहपुर सैय्यादान निवासी कुलदीप की 27 वर्षीय पत्नी सविता की बुधवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुराल वालों ने फांसी लगाकर आत्महत्या की बात कही है जबकि सविता के भाई अनिल पुत्र सुंदर लाल निवासी जमुनिया सहबाज थाना मैगलगंज लखीमपुर खीरी ने हत्या का आरोप लगाया है। अनिल ने बताया कि बहन की शादी साल 2020 में हुई थी। शादी के बाद बहनोई बाइक और 50 हज़ार कैश की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगा। समझाने के बाद भी बाज़ नहीं आया तो 6 फरवरी को पिहानी कोतवाली में शिकायत की गई। 11 फरवरी को कोतवाली में दोनों पक्षों के बीच समझौता होने पर सविता को पति के साथ विदा कर दिया गया। अनिल ने बहनोई कुलदीप, उसकी मां बिटोला और बहन रेखा पर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

### रोते हुए भाई से बोला था...साथ ले चलो...

अनिल ने बताया कि बुधवार की सुबह सविता ने रोते हुए फोन पर कहा था कि आओ...उसे अपने साथ ले चलो, उसे खतरा है। लेकिन वह नहीं पहुंच सका, उसने अपने मौसेरे भाई राजीव को सविता के पास भेजा था,लेकिन उसके पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी, सविता की मौत होने की खबर उसे राजीव ने ही दी थी, ससुराल वालों ने कुछ नहीं बताया।

# रंग लगाने पर चाची ने बुलाई पुलिस, युवक ने दे दी जान

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** होली पर युवक ने रिश्ते की चाची को रंग लगा दिया। इससे नाराज महिला ने पुलिस बुला ली, हालांकि पुलिस त्योहार की बात कहकर उसे शांत करा दिया। लेकिन इससे आहत युवक ने गांव से बाहर जाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव कब्ज़े में लेकर जांच शुरू कर दी है।

शहर के मोहल्ला चौहान थोक पूर्वी निवासी 22 वर्षीय मनीष पुत्र उदय पेशे से मज़दूर था। बुधवार को होली की हुड़दंग में शामिल मनीष ने शराब पी ली थी। उसी बीच वह पड़ोस में चाची को रंग लगाने पहुंच गया। रंग लगाने पर चाची इतना नाराज हो गई कि उसे धमकी देते हुए डायल-112 पर फोन कर पुलिस बुला ली। पुलिस होली का हवाला देते हुए दोनों के बीच समझौता करा कर लौट गई। लेकिन यह बात मनीष को आहत कर गई। वह घर से दूर राधा नगर मोहल्ले में बगिया पहुंचा और वहां फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मनीष तीन भाइयों और एक बहन में मनीष छोटा था। पुलिस ने रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की बात कही है।



मनीष की फाइल फोटो।

# पत्नी के अनुचित दबाव में पति ने की आत्महत्या

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** पत्नी अपने भाई के पास चंडीगढ़ में रहने का दबाव बना रही थी। उसी बात पर बुधवार की रात पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ और पत्नी सो गई। लेकिन जब उसकी आंख खुली तो पति को बेड के नीचे पड़ा देखा। उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

कोतवाली शहर के सैय्या पुरवा निवासी 32 वर्षीय धर्मेंद्र राजमिस्त्री था,उसके इकलौता बेटा आर्यन है। भाई गोलू ने बताया कि धर्मेंद्र की पत्नी मनोरमा का भाई चंडीगढ़ में रहता है। मनोरम पति पर चंडीगढ़ में रहने का दबाव बना रही थी। धर्मेंद्र के भाई गोलू ने बताया कि उसी बात पर दोनों के बीच नोंकझोंक हुआ करती थी। बुधवार की रात दोनों में कुछ हुआ था। गुरुवार की सुबह मनोरमा ने पति धर्मेंद्र को बेड के नीचे पड़ा हुआ देखा,उसे एम्बुलेंस-108 से मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। गोलू ने बताया कि भाई ने कुछ खा कर आत्महत्या कर ली। हालांकि पत्नी बीमारी से मौत होना बता रही है।



धर्मेंद्र की फाइल फोटो।

**त्योहार का असर** | हरदोई से दिल्ली-पंजाब रूट की ट्रेनों में लंबी वेटिंग

# होली के बाद काम पर लौटने वाले यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें, ट्रेनें फुल

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** होली का त्योहार खत्म होने के बाद अब अपने कार्यस्थल पर लौटने वाले यात्रियों की परेशानियां बढ़ती नजर आ रही हैं। हरदोई रेलवे स्टेशन से दिल्ली, पंजाब और चंडीगढ़ की ओर जाने वाली प्रमुख ट्रेनों में सीट मिलना बेहद मुश्किल हो गया है। अधिकांश ट्रेनों में लंबी वेटिंग चल रही है, वहीं कई तिथियों पर यात्रियों को वेटिंग टिकट तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।


रेलवे प्रशासन की ओर से त्योहार के दौरान हरदोई स्टेशन पर केवल दो फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनों का ठहराव कराया गया था, जो यात्रियों की संख्या के मुकाबले काफी कम साबित हुआ। अब त्योहार समाप्त होने के बाद बड़ी संख्या में लोग वापस अपने कार्यस्थलों की ओर जा रहे हैं, लेकिन नियमित ट्रेनों में जगह न मिलने से उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दिल्ली जाने वाली प्रमुख ट्रेन 12229 लखनऊ-नई दिल्ली मेल में स्लीपर क्लास की स्थिति काफी खराब है। 6 मार्च को 148 और 7 मार्च को 139 वेटिंग चल रही है, जबकि 8 मार्च को वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है। 9 मार्च को 106 और 10 मार्च को 86 वेटिंग दर्ज की गई है। इसी ट्रेन के थर्ड एसी कोच में भी 6 मार्च को 39, 7 मार्च को 65, 8 मार्च को 11, 9 मार्च को 55 और 10 मार्च को 36 वेटिंग चल रही है। दिल्ली जाने वाली 14207 पद्मावत एक्सप्रेस में भी यात्रियों की भीड़ साफ दिखाई दे रही है। स्लीपर क्लास में 6 मार्च को 78 और 7 मार्च को 83 वेटिंग है, जबकि 8 मार्च को वेटिंग तक उपलब्ध नहीं है। 9 मार्च को 53 और 10 मार्च को 37 वेटिंग दर्ज की गई है।



टिकट काउंटर पर लगी भीड़। अमृत विचार

### पंजाब जाने वाली ट्रेनों में भी मिल रही लंबी वेटिंग

**हरदोई।** वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में भी यही हाल है। इस ट्रेन में 6 मार्च को स्लीपर में 36 वेटिंग है, जबकि 7 से 10 मार्च तक स्लीपर क्लास में वेटिंग टिकट तक उपलब्ध नहीं है। थर्ड एसी में 6 मार्च को 26, 7 मार्च को 36, 8 मार्च को 58, 9 मार्च को 25 और 10 मार्च को 16 वेटिंग चल रही है।पंजाब की ओर जाने वाली ट्रेनों में भी स्थिति चिंताजनक है। 13005 हावड़ा-अमृतसर पंजाब मेल में स्लीपर क्लास में 6 मार्च को 60, 7 मार्च को 69, 8 मार्च को 80, 9 मार्च को 65 और 10 मार्च को 51 वेटिंग चल रही है। वहीं 13307 गंगा सतलुज एक्सप्रेस में स्लीपर में 6 मार्च को 114, 7 मार्च को 107 और 8 मार्च को 89 वेटिंग दर्ज की गई है। यात्रियों का कहना है कि होली जैसे बड़े त्योहार के बाद हरदोई से पर्याप्त स्पेशल ट्रेनों का संचालन नहीं होने से परेशानी बढ़ गई है। लोगों ने रेलवे प्रशासन से मांग की है कि त्योहारों के बाद भी कुछ दिनों तक अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन किया जाए और हरदोई स्टेशन पर उनका ठहराव सुनिश्चित किया जाए, ताकि यात्रियों को राहत मिल सके। फिलहाल बड़ी संख्या में लोग वेटिंग टिकट के भरोसे ही यात्रा करने को मजबूर हैं।



रोजा

शिया
सहरी : 04.56 बजे
अफ्तार : 06.23 बजे

सुन्नी
सहरी : 05.03 बजे
अफ्तार : 06.13 बजे

# हंगामे का विरोध किया तो वृद्धा को मार डाला

संवाददाता मछरेहटा/ सीतापुर।

**अमृत विचार:** शराब पीकर हंगामे का विरोध एक बुजुर्ग महिला को भारी पड़ा। दबंग परिवार ने एकजाई होकर महिला धारदार हथियार से हमला किया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बीच-बचाव में वृद्धा के दो पुत्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मछरेहटा थानाक्षेत्र के सुरजनपुर गांव में हुई वारदात को लेकर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है, गांव में पुलिस-पीएसी तैनात है।



प्रेमा देवी (फाइल फोटो)



घटना के बाद रोते-बिलखते परिवारीजन। अमृत विचार

मछरेहटा थानाक्षेत्र के सुरजनपुर गांव में शराब पीकर एक पक्ष होली का हुड़दंग कर रहा था। बताते हैं कि घर के करीब हुड़दंग होता देख वृद्ध महिला प्रेमा देवी ने मना किया। बस इतनी सी ही बात पर दीनदयाल उर्फ चुम्मी, ऊदन और मुनेंद्र पुत्रगण रामगोपाल शराब के नशे में गाली-गलौज करने लगे। इसी बीच प्रेमा देवी के पुत्र अमरजीत और रंजीत आए गए। बात बढ़ने पर दीनदयाल और उसके भाईयों ने हसिया और धारदार हथियार से हमला कर दिया। जानलेवा हमले में वृद्धा प्रेमा देवी की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर अवस्था में अमरजीत और रंजीत को जिला अस्पताल ले जाया, जहां से दोनों लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किये गए हैं। एसपी अंकुर अग्रवाल ने बताया है कि आरोपी दीनदयाल उर्फ चुम्मी, ऊदन और मुनेंद्र पुत्रगण रामगोपाल को गिरफ्तार करते हुए, जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। गांव में शांति और सुरक्षा बनाए जाने को लेकर पुलिस बल तैनात किया गया है।

- मछरेहटा थानाक्षेत्र के सुरजनपुर गांव का है मामला
- मां को बचाने आए दोनों बेटों पर भी किया हमला, हालत गंभीर

# त्योहार के दिन दो युवकों ने दी जान

संवाददाता, सीतापुर।

संदिग्ध

**अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में होली की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब दो युवकों ने संदिग्ध परिस्थितियों में आत्महत्या कर ली।

पहली घटना खैराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम इदलीसपुर की है। यहां एक निजी बैंक में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात अशोक (30) पुत्र जगपाल का शव आम के बाग में फंदे से लटका मिला। परिजनों का गंभीर आरोप है कि एक होमगार्ड से हुए विवाद के बाद स्थानीय पुलिस द्वारा अशोक पर बेवजह दबाव बनाया जा रहा था और मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी जा रही थी। इसी प्रताड़ना से तंग आकर उसने कदम उठाया। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो बच्चों को छोड़ गया है। परिजनों ने एसपी अंकुर अग्रवाल से न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध केस दर्ज किया जाएगा।

दूसरी घटना नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के लकड़ियामऊ गांव की है। यहां मुकेश (32) ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बताया जा रहा है कि मुकेश का एक वर्ष पूर्व विवाह हुआ था और तीन महीने बाद ही तलाक हो गया था। बुधवार को वह अपनी ससुराल से लौटा था, जिसके बाद उसने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। थाना प्रभारी नैमिषारण्य नवनीत मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में वृद्धा की मौत, 40 लोग घायल

**लहरपुर।** सड़क हादसों में अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसों में 40 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे में एक महिला की मौत भी हुई है। हरदोई जनपद का शाहाबाद निवासी रामजी (30) पुत्र अनिल होली मिलने रिशतेदारी में आए थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। सड़क हादसे में शारदा नगर निवासी अतुल कुमार पुत्र रमाकांत, गायघाट निवासी सर्वेश पुत्र राधेश्याम गंभीर रूप से घायल हो गए। मार्ग दुर्घटना में हीरा देवी (70) पत्नी रामेश्वर निवासिनी ओदरहा हरगांव की मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### नाली विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े

**लहरपुर।** नगर के मोहल्ला शेख टोला में नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों पर शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की। नगर के मोहल्ला शेख टोला में नाली के विवाद को लेकर सोनू, पंकज एवं दुसरा पक्ष जियार्रहमान और अल्यातुन के मध्य विवाद हो गया। विवाद की सूचना पर दोनों पक्षों के लोग जमा हो गए व स्थिति तनाव पूर्ण हो गई। विवाद की सूचना मिलते ही भारी संख्या में पुलिस बल ने पहुंचकर मामले को शांति कराया और चार लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग करने की कार्रवाई की गई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों के विरुद्ध शांति भंग करने की कार्रवाई की जा रही है।

### जुआ खेलते तीन गिरफ्तार, एक फरार

**लहरपुर।** कोतवाली पुलिस ने जुआं खेलते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया। धरपकड़ के बीच एक आरोपी मौके से फरार हो गया। केसरी गंज चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता के मुताबिक, नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला स्थित आरा मशीन के निकट विद्युत पोल के नीचे जुआं खेलने की सूचना पर छापामारी की गई। दबिश देकर आदर्श यादव निवासी ग्राम अहिरन पुरवा, सिराज निवासी मोहल्ला बागवानी टोला, शहवान निवासी मोहल्ला भुलन पुर को गिरफ्तार किया। जबकि मौके से मोहल्ला गन्नी टोला निवासी सुमित मौके से फरार हो गया। केशरी गंज चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि बंदी बनाए गए लोगों के पास से 12270/ रुपए बरामद किए गए हैं।

### महिला ने की ऑटो चालक की पिटाई

**सीतापुर।** शहर के ट्रांसपोर्ट चौराहे पर महिला ने ऑटो चालक की पिटाई की, इस दौरान पुलिस मूकदर्शक बनी रही। बताते हैं कि एक महिला ऑटो किराये पर लेकर जा रही थी। बताते हैं कि वाहन कोतवाली नगर क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट चौराहे के नजदीक पहुंचा। इसी दौरान किराये को लेकर पड़ोस गांव की महिला छोटी देवी से विवाद शुरू हो गया। बातचीत के बाद महिला ने चप्पलों से चालक की पिटाई कर दी। इस दौरान कई लोगों ने मारपीट का वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। सीओ सिटी विनायक गोपाल भोसले का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है।

### घर से निकले युवक का लटका मिला शव

**रामपुर मथुरा, सीतापुर :** घर से निकला युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया, बाद में उसका शव पेड़ से लटका हुआ मिला। रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के गुलालपुरवा गांव में हुई घटना को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है। रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के गुलालपुरवा निवासी रामकुमार के मुताबिक, उनका 28 वर्षीय पुत्र रामकांत यादव मंगलवार को रिश्तेदारी में जाने की बात कह कर घर से निकला था। बुधवार सुबह ग्रामीण शौच के निकले तो उन्होंने रमाकांत यादव के शव को गांव के बाहर पेड़ में गमछे के सहारे झूलता देखा। मचते हड़कंप के बीच भीड़ जमा हो गयी। पुलिस मौके पर पहुंची शव को पेड़ से उतरवाने के बाद कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष श्यामू कनौजिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# दीवार गिरने से बुजुर्ग की मौत

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार :** पिसावां थाना क्षेत्र के फर्दापुर गांव में देर शाम एक हादसा हो गया। यहां एक जर्जर कच्ची दीवार गिरने से बुजुर्ग सियाराम (50) की मलबे में दबकर मौत हो गई। हादसे में उनकी दो बकरियों की भी जान चली गई, जबकि तीन अन्य घायल हैं।



हादसे के बाद घर के बाहर मौजूद ग्रामीण। अमृत विचार

परिजनों के मुताबिक, सियाराम अपने घर के पास कच्ची दीवार के समीप खड़े थे, तभी अचानक वह भरभराकर उनके ऊपर गिर गई। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें मलबे से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौके पर पहुंचे लेखपाल ने नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार की है। मृतक के भाई काशीराम ने बताया कि प्रशासन ने आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाने का आश्वासन दिया है। घटना के बाद से गांव में मातम पसरा है।

# सड़क हादसे में किसान सहित तीन लोगों की मौत

**संवाददाता, सीतापुर। अमृत विचार :** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को हुए भीषण सड़क हादसों में तीन लोगों की जान चली गई। पहली घटना मछरेहटा क्षेत्र की है, जहाँ मिश्रिख के 84 कोसी परिक्रमा मेले से दुकानदारी कर बाइक से घर लौट रहे चाचा-भतीजे की सड़क हादसे में मौत हो गई। लहरपुर के बागवानी टोला निवासी मोहम्मद आदिल (19) और उनके चाचा मोहम्मद अली (25) की बाइक फिरोजपुर गांव के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराते हुए खाई में गिर गई। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।




वहीं, दूसरी घटना रामकोट थाना क्षेत्र के एनएच-30 पर खगेसिया मऊ के पास हुई। यहाँ ट्रैक्टर-ट्रॉली में गन्ना लादकर मिल जा रहे बंदीपुर निवासी किसान संतोष को पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल संतोष ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश जारी है।

# उत्साह के साथ मनी होली, अफसरों ने जनता के साथ मनाया जश्न

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद में होली का पर्व हर्षोल्लास और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में एसपी अंकुर अग्रवाल ने पुलिस परिवार के साथ जमकर गुलाल उड़ाया और खुद गीत गाकर जवानों का उत्साह बढ़ाया। वहीं, जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर और एसपी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर आम नागरिकों के साथ होली खेली और शांति व्यवस्था में सहयोग के लिए जनता का आभार जताया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर विनायक भोसले समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उधर, महमूदाबाद में युवाओं की टोलियों ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया, जबकि सहादत नगर में कड़े पुलिस पहरे के बीच शांतिपूर्ण ढंग से होली जुलूस निकाला गया। पर्वतपुर गांव में होलिका दहन स्थल को लेकर चल रहा तीन दिवसीय विवाद क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्य की मध्यस्थता के बाद सुलझ गया और पारंपरिक स्थल पर ही दहन संपन्न हुआ। पूरे जनपद में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल मुस्तैद रहा।



होली पर्व पर जनपद भ्रमण के दौरान डीएम राजा गणपति आर. व एसपी अंकुर अग्रवाल।



पुलिस लाइन में साथी पुलिसकर्मियों और अधिकारियों के साथ होली मनाते एसपी अंकुर अग्रवाल।


### पुलिस लाइन में उड़ा गुलाल, एसपी ने गाए तराने

सीतापुर। पुलिस लाइन परिसर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस परिवार के साथ जमकर रंग-गुलाल उड़ाया। कार्यक्रम में उस वक्त उत्साह दोगुना हो गया जब एसपी ने खुद माइक संभाला और 'लॉलीपॉप लागेलू' गाना गाकर सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। पुलिसकर्मियों ने एसपी को कंधे पर उठाकर जश्न मनाया। परिसर में पारंपरिक रूप से कीचड़ की होली भी खेली गई, जिसमें जवानों ने जमकर मस्ती की। डीजे की धुनों पर थिरकते पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को गले लगाया। इस मौके पर एएसपी उत्तरी आलोक सिंह, एएसपी दक्षिणी दुर्गेश सिंह सहित सभी क्षेत्राधिकारी व भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

# मुतवल्ली हाउस में इफ्तार, पेश की भाईचारे की मिसाल

**संवाददाता, खैराबाद। अमृत विचार :** कस्बा स्थित मशहूर मुतवल्ली हाउस में रमज़ान के पाक महीने के अवसर पर भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहर की विभिन्न धार्मिक व सामाजिक शख्सियतों ने शिरकत कर आपसी प्रेम और गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री कारागार सुरेश राही रहे।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन हमारी साझी संस्कृति को मजबूती प्रदान करते हैं। वरिष्ठ समाजसेवी मुतवल्ली इकराम हुसैन के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में मुतवल्ली स्वं. इरफान हुसैन के पुत्र फरहान, रेहान व एहतराम हुसैन राजू मियां के साथ शाहनवाज, शिराज और अयाज हुसैन ने अतिथियों की अगवानी की। मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी गई। इफ्तार में शाही ईदगाह के इमाम डॉ. मुफ्ती मोहम्मद इलियास, सज्जादा नशीन शुएब मियां, सैयद ओवैस अहमद रिजवी, कारी इस्लाम आरिफी आदि रहे।



सांसद कार्यालय पर होली मिलन में लोगों को कांग्रेस में शामिल कराते सांसद राकेश राठौर।

### रंग तभी सुंदर लगते हैं जब अन्याय का मुंह काला हो: राकेश

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** सांसद राकेश राठौर के कार्यालय पर आयोजित होली महोत्सव में फागुन की मस्ती के बीच सामाजिक न्याय और शांति का संदेश गूंजा। सांसद ने स्पष्ट किया कि होली के रंग तभी सार्थक हैं, जब वे अन्याय के विरुद्ध हों। सांसद राकेश राठौर ने कहा कि रंग तभी सुंदर लगते हैं जब अन्याय का मुंह काला हो। फागुन का असली अर्थ नफरत की राख से प्रेम की नई फसल उगाना है। कार्यक्रम में वैश्विक शांति और तानाशाही पर भी चर्चा हुई। संगठन प्रभारी शिव प्रकाश सिंह ने भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष का आह्वान किया, वहीं प्रवक्ता एहितिशाम बेग ने कहा कि इंसाफ की लड़ाई में शहादत पराजय नहीं है। इस अवसर पर सुनीला रावत, सुनीता चौधरी और विष्णु गौतम ने भी विचार व्यक्त किए। महोत्सव के दौरान कई ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें सांसद ने पार्टी में शामिल कराया। कार्यक्रम में रत्नम राठौर ने सभी का आभार व्यक्त किया।



### ओवरलोड वाहन दे रहे हादसों को दावत

ओवरलोड वाहन खुद के साथ राहगीरों की जान भी जोखिम में डाल रहे हैं। ये नजारा सीतापुर-दिल्ली मार्ग पर स्थित कैप्टन मनोज कुमार पांडेय गेट के समीप का है। टैक्टर ट्राली में सीमेंट की बोरिया भरी थीं। ओवरलोड के कारण अचानक वाहन के पहिये हवा में उठ गए, गनीमत रहा उस समय कोई वाहन करीब से नहीं गुजरा। लोगों का कहना है कि इस तरह के वाहनों से अक्सर हादसे हो जाते हैं।

# मारपीट की घटनाओं में एक की मौत, 16 घायल

सीतापुर कार्यालय।

**अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आपसी विवाद और उत्सव के दौरान हुई मारपीट की घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई, जबकि महिलाओं समेत 16 अन्य लोग घायल हुए हैं।

पहली घटना मिश्रिख कोतवाली के अकबरपुर गांव की है, जहां दो सप्ताह पूर्व एक बारात में जयमाल के समय पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में सहादतनगर निवासी पंकज पाल (25) गंभीर रूप से घायल हो गया था। लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में केस दर्ज करते हुए कार्रवाई की है। इसी क्रम में दूसरी घटना दलावल गांव की है। यहां होली पर डीजे पर डांस करने के दौरान बाहरी युवकों के हस्तक्षेप का विरोध करने पर एक ही परिवार के चार लोगों को पीटकर से घायल कर दिया गया। घायलों में महिलाएं बिट्टी, छोटी आदि को भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना, पिसावां के हरनी कला गांव की है, जहां मामूली विवाद के बाद दो पक्षों में जमकर ईंट-पत्थर और लाठी-डंडे चले। इस संघर्ष में दोनों पक्षों के 12 लोग घायल हुए हैं। उपद्रव के दौरान एक पक्ष पर छप्पर को आग लगाने का आरोप है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज हो गया है।

# कब्रिस्तान में खुदी मिली कब्र, अफरा-तफरी

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** सदर चौकी क्षेत्र के हुसैनगंज स्थित कब्रिस्तान में बुधवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब लोगों ने दो दिन पहले सुपुर्द-ए-खाक किए गए जुबैर निवासी सदर बाजार की कब्र आधी खुदी हुई देखी। सुबह करीब सात बजे जब परिजन फातिहा पढ़ने पहुंचे, तो मंजर देख दंग रह गए।

मामले की सूचना तुरंत कब्रिस्तान के जिम्मेदार इसरार को दी गई, जिन्होंने तत्काल सदर चौकी पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। परिजनों की मौजूदगी में कब्र की जांच की गई ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शव सुरक्षित है या नहीं। संतोषजनक जांच के बाद परिजनों की सहमति से कब्र को दोबारा बंद कराया गया। मौके पर मौजूद जामा मस्जिद के जिम्मेदार रिजवान खान, मुशीर खान, रेहान खान व अन्य लोगों को पुलिस ने उचित कार्रवाई और भविष्य में सुरक्षा का आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



हुसैनगंज स्थित कब्रिस्तान में खुली कब्र ओर मौजूद लोग। अमृत विचार

# मिठाई के मोलभाव में गई बुजुर्ग की जान

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** मिठाई के मोलभाव में बुजुर्ग को अपनी जान गंवानी पड़ी। हत्या के आरोप में दुकानदार और उसका पुत्र मौके से फरार बताए जा रहे हैं। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र में हुई वारदात को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है।



हेतराम (फाइल फोटो)

मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र का बेलहैया गांव निवासी हेतराम पुत्र जुल्फू रिश्तेदार में होली मिलने जा रहा था। परिजनों के मुताबिक, देर शाम कस्बा स्थित श्रीकेशन की मिठाई की दुकान पर हेतराम मिठाई लेने पहुंचा। इसी दौरान मोल-भाव के बीच बात बिगड़ गई और विवाद शुरू हो गया। बातचीत बढ़ने पर दुकानदार श्रीकेशन और उनका पुत्र झगड़ा करने लगा। आरोप है कि दुकानदार पिता-पुत्र ने लाठी-डण्डों से हमला कर दिया। दुकान के बाहर बेहोश होता देख भीड़ जमा हो गई। इसी बीच आस-पड़ोस के लोग आ गए। गंभीर अवस्था में वृद्ध हेतराम अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज प्राथमिकी दर्ज की है।

# सड़क हादसों में 6 लोगों की मौत, 10 घायल

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद में होली के त्योहार के दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण हुई इन दुर्घटनाओं में कुल 5 लोगों की जान चली गई, जबकि एक दर्जन लोग घायल हुए हैं।

पहली घटना पिसावां थाना इलाके के दधनामऊ मोड़ के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में गुलशन (25) और मुकेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताते हैं कि सभी नशे की हालत में होली खेलने जा रहे थे।



घटनास्थल पर जमा लोगों की भीड़ और स्थानीय पुलिस। अमृत विचार

- पिसावा, थानगांव, सिधौली और लहरपुर क्षेत्र में हुए हादसे

दूसरी घटना, थानगांव क्षेत्र के घेउड़ा गांव के पास भी दो बाइकों की जोरदार टक्कर हुई। हादसे में पांच लोग घायल हुए थे, जिनमें से इलाज के दौरान इंद्रजीत निवासी बाराबंकी की मौत हो गई। अन्य चार घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। तीसरी घटना सिधौली क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से अजय (22) निवासी बख्शी का तालाब, लखनऊ की मौत हो गई। अजय अपनी ससुराल से लौट रहा था, जिसका शव झाड़ियों में पड़ा मिला। चौथी दुर्घटना, लहरपुर घटना कोतवाली क्षेत्र के भदफर मार्ग पर बिलरिया के पास हुई। हादसे में पप्पू (35) निवासी छावनी प्रहलादपुर अपनी बाइक के साथ सड़क किनारे लहूलुहान मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### नशे में धुत थे बाइक सवार, वाहन की टक्कर से चार गंभीर

**इमलिया सुल्तानपुर।** थाना क्षेत्र की काजीकमालपुर चौकी के पास शराब के नशे में धुत बाइक सवारों ने सड़क किनारे जा रही दो महिलाओं को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में सुधा पत्नी प्रेम प्रकाश मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। दूसरी महिला को मामूली चोटें आई हैं।

# मुख्य मार्ग बना दलदल, ग्रामीण परेशान

संवाददाता, औरंगाबाद।

**अमृत विचार :** विकास खंड मिश्रिख की ग्राम पंचायत ततरोई में विकास के दावों की पोल खुलती नजर आ रही है। गांव निवासी प्रदीप ने बताया कि गांव का मुख्य मार्ग पिछले एक साल से पूरी तरह ध्वस्त होकर दलदल में तब्दील हो चुका है, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है।

अनिल और अरविंद ने बताया कि केशन लाल के मकान से लेकर अनिल पाल के मकान तक का रास्ता पूरी तरह कीचड़ और गंदगी से पटा हुआ है। यहां नालियों का पानी जमा होने से कीड़े जन्म ले चुके हैं, इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को हो रही है, जो गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मजबूरन छात्रों को दूसरे लंबे रास्तों से होकर स्कूल जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद भी समस्या का निस्तारण नहीं किया गया। अब हम लोग समस्या निस्तारण की गुहार जिलाधिकारी डॉ राजागणपति आर से लगाएंगे। जब इस मामले में बीडीओ अनिल कुमार से बात की गई, तो उन्होंने हमेशा की तरह एक स्वर में कहा कि मामला संज्ञान में है और इसे जल्द दिखवाते हैं।



जलभराव वाले मार्ग से गुजरतीं स्कूली छात्राएं। अमृत विचार



प्रदीप पाल



अनिल कुमार

# पिता ने सौतेली मां के साथ मिल बेटे को उतार दिया मौत के घाट

## नशे में आए दिन करता था विवाद, हत्यारोपी दंपति को किया गया गिरफ्तार

बछरावां, रायबरेली

**अमृत विचार।** बेटे की हरकतों से परेशान होकर पिता ने अपनी सौतेली मां (दूसरी पत्नी) के साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। वहीं मामले में आरोपी दम्पत्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना बछरावां पर डायल 112 पुलिस के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रानीखेड़ा में रोशनलाल पुत्र छेदालाल (24) का शव घर के बाहर वाले कमरे में पड़ा है। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार, बछरावां थाना प्रभारी श्याम कुमार पाल, पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं फ़ारेसिक टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। साक्ष्य संकलन कर घटना के सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच शुरू की गई। थाना बछरावां पुलिस टीम द्वारा मृत्यु का सही कारण ज्ञात करने हेतु मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक के पिता छेदालाल ने पुलिस को गुमराह करते हुए शत्रुघ्न सोनकर, नीरज, नन्हके पुत्रगण देवतादीन निवासी रानीखेड़ा को नामजद किया। घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम में गठित की गई। पुलिस टीमों द्वारा महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलन (इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, धरातलीय साक्ष्य) की कार्यवाही की गई। जांच विवेचना में आरोपियों से पूछताछ के दौरान यह बात प्रकाश में आई कि मृतक रोशनलाल आए दिन शराब के नशे में अपनी सौतेली मां अर्चना के साथ मारपीट गाली-गलौज करता था। घटना के एक दिन पूर्व मृतक का गांव के ही लोगों से झगड़ा हुआ था। इसी बात का फायदा उठाकर रोशनलाल के पिता व उसकी सौतेली मां के द्वारा उसकी गला दबाकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतक रोशनलाल का मोबाइल गायब था, जो अभियुक्त अर्चना की निशानदेही परघर से 300 मीटर की दूरी पर गेहूं के खेत से बरामद किया गया है। पुलिस ने पिता छेदालाल पुत्र श्रीराम एवं मृतक की सौतेली मां अर्चना पत्नी छेदालाल को गिरफ्तार कर लिया।

**नशे में धुत अधेड़ छत से गिरा, हालत गंभीर: बछरावां:** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेंहगो निवासी प्रवेश कुमार पुत्र राममिलन बुधवार की देर रात नशे में धुत होकर अपनी छत से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया। मौजूद चिकित्सक के द्वारा प्राथमिक उपचार करने के पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### आत्महत्या का किया प्रयास



**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र मौरावा जनपद उन्नाव के अंतर्गत करदहा गांव निवासी रजनीश शुक्ला पुत्र राजकिशोर का बुधवार की शाम अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया। नाराज होकर पत्नी मायके रायबरेली चली आई। इससे आहत होकर उसने अपने कमरे को बंद करके फ़ांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। चीख पुकार पर परिजनों एवं आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाल कर सीएचसी बछरावां पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के केवलपुर गांव में बुधवार को संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव निवासी धर्मेंद्र यादव (36) पुत्र राधेश्याम ने अपने घर के कमरे में पंखे के हुक से रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। सुबह जब परिजनों ने उसे फंदे से लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में ले लिया। मृतक के भाई शंकर यादव ने आरोप लगाया कि धर्मेंद्र की पत्नी सरोज बीते 27 फरवरी को अपने कथित प्रेमी के साथ चली गई थी। इसके बाद से उक्त युवक द्वारा धर्मेंद्र को फोन पर लगातार धमकियां दी जा रही थीं। उनका आरोप है कि इसी मानसिक तनाव के चलते उसने यह कदम उठा लिया। घटना परिजनों का हाल बेहाल है।

## सामाजिक समरसता का प्रेरक है होली

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** घंटाघर चौराहे पर व्यापारियों की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। यहां पर उपस्थित लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक एवं व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष बसन्त सिंह बग्गा ने कहा कि होली मिलन के कार्यक्रम सामाजिक समरसता के लिए प्रेरक का काम करते है। सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि वह दुश्मन ही सही उसे आवाज दे, मोहब्बत से सलीके से बिठाकर देख हड्डी बैठ जाती है। यह पंक्तियां होली मिलन के मंसूबे को मजबूत करती है। समारोह में डॉ. हिमानी रस्तोगी, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, प्रशासनिक सेवा में कार्यरत रामेन्द्र मिश्रा, महेश त्रिपाठी, एफएसओ हरेन्द्र, एफएसओ संजय त्रिपाठी, अरविन्द श्रीवास्तव, कौशलेन्द्र कंचन, राहुल खन्ना, मो. परवेज आदि को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता एवं आभार ज्ञापन जिला महामन्त्री राजेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर मुकेश रस्तोगी, गुरूबक्श सिंह बग्गा, घनश्याम गुप्ता, केके मौर्या, आशु श्रीवास्तव, सत्यांशु दुबे, अनुज त्रिवेदी, मो. शाकिब कुरैशी, बबलू जोशी रहे।




होली मिलन समारोह में अतिथि को सम्मानित करते व्यापारी नेता। अमृत विचार

## बनी रहै दुहुनुन कै जोड़ी, नित उठी ख्यालै होरी हो

**सरेनी, रायबरेली।** सरेनी क्षेत्र के गांवों में भी लगातार तीन दिनों तक होली के रंगों की धूम रही। गांवों में फगुहारों ने फाग गीत के माध्यम से दरवाजे-दरवाजे जाकर फाग गीतों से सभी को समरसता का संदेश दिया। जबकि समाजसेवियों ने गरीबों के घरों में गुझिया बनवा कर भिजवाई व होली पर्व पर एकजुटता की भावना जाहिर की। बच्चों ने लगातार तीन दिनों तक अबीर, गुलाल व रंग भरी पिचकारियों से एक दूसरे पर रंगों की बौछार कर त्योहार का लुफ्त उठाया। सरेनी क्षेत्र के ज्यादातर गांवों में पारंपरिक लोकगीत फाग को ढोल, नगाड़ों की धुन पर गाने की परंपरा आज भी जारी है। होली जलने के साथ ही दहन स्थल पर फगुहारे इकट्ठा होकर इसकी शुरुआत करते हैं और मंदिर में जाकर इसका समापन किया जाता है। लखनापुर फाग टीम का नेतृत्व कर रहे पोप्पल लोहार ने बताया कि नई पीढ़ी का रुझान फाग के प्रति घटता जा रहा है। हालांकि इस बार बुजुर्गों के साथ मिलकर युवा इस परंपरा को कायम रखने के पक्ष में हैं। लखनापुर व सरेनी की फाग टीमें ठाकुरबीर बाबा की समाधि स्थल पर इकट्ठा होकर जबाबी फाग सुनाती हैं। यह परंपरा सैकड़ों वर्षों से कायम है। फगुहार दरवाजे पर पहुंच कर ये पंक्तियां जरूर सुनते हैं कि सदा आनन्द रहै यह द्वारा, मोहन ख्यालै होरी हो। बनी रहै दुहुनुन कै जोड़ी, नित उठी ख्यालै होरी हो। कोरवां गांव में आदि शक्ति मां सुरेश सेवा संस्थान की ओर से घर-घर गुझिया बंटवाई गई। दुधवन गांव में समाजसेवी रामेन्द्र सिंह ने समोसा व मिठाई बंटवाई व सभी के माथे पर अबीर गुलाल लगाया।



सरेनी में रंगोत्सव पर्व पर फाग गायन प्रस्तुत करती फगुहारों की टोली। अमृत विचार

### धूमधाम से मनाया गया भैया दूज का पर्व

**लालगंज, रायबरेली।** होली पर्व के दो दिन बाद गुरुवार को भैया दूज का पर्व मनाया गया। आज बहनों ने अपने भाइयों के मष्तिस्क पर तिलक लगाकर भैया दूज का पर्व मनाया। इस अवसर पर भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी। यह पर्व पर भाई-बहन के रिश्ते में न सिर्फ मिठास बढ़ाता है, बल्कि उसे मजबूती प्रदान कर समाज में सभ्यता का प्रतीक भी बनता है। भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला को उनकी बहन रेखा अवस्थी ने टीका लगाकर भैया दूज की बधाई दी। इस अवसर पर गोविंद अवस्थी, कृष्णा अवस्थी, जान्हवी अवस्थी मौजूदगी रही।

### शारदा पुल पर शराबी युवक ने किया हंगामा

**संवाददाता जगतपुर, रायबरेली, अमृत विचार।** कस्बे के शारदा नहर पुल पर बुधवार को शराब के नशे में धुत एक युवक ने जमकर हंगामा किया, जिससे कुछ समय के लिए पुल पर यातायात बाधित हो गया। युवक ने अपनी बाइक सड़क के बीचोंबीच खड़ी कर दी और पुल पर बैठकर चिल्लाने लगा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर जगतपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने युवक को सड़क से हटाकर उसकी बाइक किनारे कराई और यातायात सुचारु कराया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हो सकी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि युवक शराब के नशे में था और बाइक फिसलने से गिर गया था। उसे समझाकर-बुझाकर मौके से हटा दिया गया। जिसके बाद यातायात पूरी तरह से सामान्य हो गया।

## होली पर जिले भर में जमकर उड़ाया गया अबीर-गुलाल

संवाददाता रायबरेली

**अमृत विचार।** होली का पर्व जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। फिल्मी गानों की धुन बच्चे, बड़े, बुजुर्ग, महिलाएं सभी थिरकते नजर आए। अबीर-गुलाल और रंग से हर कोई सराबोर रहा। इस दौरान गांव से लेकर शहर तक फाग टोलियां घुमती रहीं।

वैसे तो होलिका दहन के साथ ही रंग खेलने की शुरुआत हो गई। हर तरफ होली का उल्लास छा गया। इसके बाद लोगों ने गले मिलकर एक-दूसरे को होली की बधाई दी। दिन में महिलाओं ने होलिका मैया की पूजा की। गुरुवार को टोली रंगों के साथ उल्लास दोगुना हो गया। नगर पंचायत नसीराबाद होली फाग गस्त श्री राम लीला कमेटी अध्यक्ष पवन कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में डेला महरानी व हसन मिया की कोठी से प्रारम्भ हुआ। जो निर्धारित मार्ग से होता हुआ मोहल्ला हाता में एक हुआ। हाता से दोनों फाग गस्त निर्धारित मार्ग से थाना परिसर पहुंचा, जहां पर प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार सोनकर सहित थाना स्टाफ द्वारा होली खेली गई।

थाना परिसर से निर्धारित मार्ग से शिवनगर, हाता, मोमिनपुरा, खुदागंज हसनमिया की कोठी, कुर्मियाना, हासिमकुआ, बंगला, दखिन टोला, कोरी टोला, गुडखेत, कायस्थाना, मऊतिराहा, होकर पहला होली फाग गस्त डेला महारानी पर दूसरा हसन मियां की कोठी पर समाप्त हुआ।

होली फाग गस्त के आयोजक अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव अपने सहयोगी राज, राजेश, अंश श्रीवास्तव के साथ कमान संभाले हुए थे। होली फाग गस्त में नगाडा बजाने की जिम्मेदारी पियारे रैदास, राजा राम रैदास की थी। गस्त में अभिषेक, पवन कुमार श्रीवास्तव, आन अग्रहरि, राज आदि शामिल रहे। थाना प्रभारी पवन कुमार सोनकर अपनी पूरी टीम के साथ स्वयं होली फाग गस्त की समाप्ति तक साथ-साथ चलते रहे।



सलोन में कपड़ा फाड़ होली खेलते लोग। अमृत विचार


### अबीर-गुलाल व रंगों से भरी पिचकारी की धूम

**सलोन, रायबरेली।** कस्बे से लेकर देहात तक होली की धूम मची रही। संवेदनशील जगहों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जा रही थी। वही युवाओं की टोली जगह-जगह ढोल नगाड़े साउंड सिस्टम पर शाम तक झूमते नजर आये। बच्चे पिचकारी और गुब्बारे लेकर घरो से बाहर निकल गए और राहगीरों के ऊपर रंग डाल रहे थे। होली खेलने वाले मस्तानों की टोलियां घरों से निकल पड़ी। अपने परिचित, मित्रों, रिश्तेदारों को रंग-गुलाल लगाकर होली की बधाई देने का सिलसिला दिनभर चलता रहा। युवा, बच्चे, महिलाओं में होली का उत्साह देखते बन रहा था। महिलांए और युवतियां भी लोगों के घरों में जाकर जमकर होली खेल रही थी। कस्बे की होली के जुलूस में हजारों की भीड़ मौजूद रही।

## मारपीट में तीन लोग घायल, केस दर्ज

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के पूरे सरदार मजरे अमावां गांव निवासी काशीराम पुत्र कन्हैयालाल ने पुलिस को मारपीट की तहरीर दी है। उसका कहना है कि मंगलवार की देर शाम वह साथियों संजीत व प्रकाश के साथ शराब ठेके पर गया था, जहां क्षेत्र के पूरे गोविंद मजरे हरियावां गांव निवासी रामराज यादव पुत्र राम लखन से किसी बात को लेकर कहासुनी हो शुरू गई। आरोप है कि रामराज ने अपने चार साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में काशीराम संजीत व प्रकाश समेत तीन लोग घायल हो गए। आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया गया है।

### पुलिस अधीक्षक ने किया थाने का निरीक्षण



महराजगंज थाने में अभिलेख देखते पुलिस अधीक्षक रवि कुमार। अमृत विचार

**महराजगंज, रायबरेली।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बुधवार को को चंदापुर व महराजगंज थाने का औचक निरीक्षण कर पुलिस महकमे में सतर्कता का संदेश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभिलेख, महिला हेल्प डेस्क, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, मैस, पुलिस बैरक और बंदीगृह की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। एसपी ने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, महिला एवं साइबर अपराध से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था बनाने और पुलिसकर्मियों की सुविधाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कोतवाल जगदीश यादव, थाना प्रभारी अरविंद सिंह सहित पुलिस कर्मी सतर्क रहे।

### तालाब में मिला किशोर का शव

**राही, रायबरेली।** भदोखर थाना क्षेत्र के पूरे फजा मजरे भांव गांव में तालाब में किशोर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार को मुकेश पुत्र गोविन्द रात में दरवाजे पर सोया था। गुरुवार तड़के उसका शव घर के पड़ोस स्थित तालाब के किनारे पड़ा मिला। ग्रामीणों के मुताबिक मृतक मुकेश मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था। प्रभारी निरीक्षक राकेश चंद्र ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर मौत का सही पता चलेगा।

### अलग-अलग हादसों में सात घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** होली के पर्व के दौरान क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में सात लोग घायल हो गए। एक युवक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।पहली घटना लक्ष्मणपुर के पास स्थित शराब ठेके के निकट हुई, जहां भदोखर थाना क्षेत्र के कुचरिया निवासी चंद्र प्रकाश (24) पुत्र रामकुमार बाइक की टक्कर से घायल हो गए। दूसरी घटना मालियाडीह मंदिर के पास हुई, जहां दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में अकोहरी निवासी रोहित (18) पुत्र सत्यदेव और गौरा लखानी निवासी नीरज (18) पुत्र फूलचंद घायल हो गए। रोहित की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। तीसरी घटना भटनोसा के पास दो बाइकों की टक्कर में मिल एरिया थाना क्षेत्र के गंगहरा निवासी निर्मला शुक्ला और बुधेंद्र (34) पुत्र रामप्रकाश घायल हो गए। चौथी घटना नवाबगंज पुल के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बेनीकामा निवासी मन्ना तिवारी (36) पुत्र रामनिधि तिवारी घायल हो गए। वहीं पांचवीं घटना जमालपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से ऊंचाहार थाना क्षेत्र के बाबूगंज निवासी आकाश (28) पुत्र अमर बहादुर घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगतपुर के अधीक्षक डॉ. एल.पी. सोनकर ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में कुल सात लोग घायल होकर अस्पताल पहुंचे थे। सभी का प्राथमिक उपचार किया गया।

### तेज रफ्तार डीजे लोडर पलटा, पांच घायल

**जगतपुर, रायबरेली।** होली के उल्लास के बीच बुधवार को कितुली गांव के पास मोड़ पर तेज रफ्तार डीजे लोडर अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे उस पर सवार पांच युवक घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार होली पर्व के अवसर पर कुछ युवक डीजे लोडर पर सवार होकर उत्सव मनाते हुए जा रहे थे। इसी दौरान कितुली गांव के पास मोड़ पर वाहन तेज गति के कारण अनियंत्रित हो गया और पलट गया। हादसा होते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना में अभिषेक (14) पुत्र राम बहादुर, विवेक (20) पुत्र अमृतलाल, अजीत (20) पुत्र दिनेश, विवेक (18) पुत्र बसंत लाल और अजीत (20) पुत्र सत्रोहन निवासी कितुली घायल हो गए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया। डॉ. विनीत सिंह ने बताया कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। इनमें विवेक और अजीत के सिर में गंभीर चोटें होने के कारण बेहतर उपचार के लिए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर आगे की आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के पश्चिम गांव निवासी धीरेंद्र बहादुर पुत्र अवधेश कुमार (28) बाइक पर सवार होकर बांदा-बहराइच राजमार्ग से होते हुए अपनी ससुराल स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामपाल खेड़ा मजरे बन्नावा गांव जा रहा था। रास्ते में चुरुवा पश्चिम गांव बाईपास के मुख्य चौराहे के निकट रुका तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद कार मार्ग किनारे स्थित खाई में चली गई और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने एंबुलेंस के द्वारा घायल को सीएचसी बछरावां पहुंचाया, जहां से डॉ. प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक उपचार के पश्चात उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।

## होली खेल रहे किन्नर समाज पर गैर समुदाय के लोगों का हमला

- जमकर चले ईंट-पत्थर, सात लोग घायल, दो की हालत गंभीर

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के कस्बा अंतर्गत जगन पुलिया निकट सब्जी मंडी के पास गुरुवार की दोपहर किन्नर समाज के द्वारा होली खेलने को लेकर कराये जा रहे कार्यक्रम के दौरान गैर समुदाय के दबंग लोगो ने उन पर ईंट और पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। इस मामले में कुलदीप पुत्र श्यामलाल कश्यप निवासी बाँध टोला की तहरीर पर शीबू, साहिल, हसनू जागर का परिवार, समेत कई दर्जन नाम पता अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार दोपहर तकरीबन दो बजे के आसपास किन्नर समुदाय के द्वारा कस्बा अंतर्गत जगन पुलिया निकट सब्जी मंडी के पास स्थित अपने आवास पर होली खेलने के लिए रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहाँ पर शामिल होकर डीजे की धुन पर किन्नर समाज एवं अन्य आस पड़ोस के लोग का जश्न मना रहे थे। जश्न में उनके समाज के लोगों के साथ उनका एक ड्राइवर और उनके कुछ मित्र जो गैर समुदाय के थे, वह भी होली खेल रहे थे। तभी गैर समुदाय के दूसरे पक्ष के द्वारा उनके ड्राइवर वह अन्य मित्रों को इस्लाम की दुहाई दी जाने लगी और यह कहा गया कि तुम मुस्लिम होकर भी होली खेल रहे हो। इसी बात को लेकर बातचीत शुरू हो गई जो इतनी ज्यादा बढ़ गई कि गैर समुदाय के लोगों के द्वारा किन्नर समाज के लोगो एवं उनके साथियों के ऊपर ईट पत्थर एवं लाठी डंडों से जानलेवा हमला कर दिया गया। इस हमले में राम सजीवन पुत्र बिंदादीन (32) निवासी सब्जी मंडी, शीतला पुत्र जगदीश (45) निवासी बांध टोला, मोनू पुत्र हरिप्रसाद (18), संतोष पुत्र जगदीश प्रसाद (40), राम सुमिरन पुत्र बिंदादीन (26) निवासीगण सब्जी मंडी, दुर्गेश पुत्र सुशील सोनी (24) निवासी सत्यनारायण टोला, कुलदीप पुत्र श्यामलाल (32) निवासी सब्जी मंडी गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन परिजनों के द्वारा घायल अवस्था में सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया। जहां मौजूद चिकित्सक के द्वारा सभी का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात मोनू और संतोष की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वही मामले में घायल हिंदू पक्ष के लोगों के परिजनों एवं अन्य हिंदुओं के द्वारा हजारों की संख्या में पहुंचकर थाने का घेराव कर तत्काल दोषियों पर कार्यवाही कर उन्हें गिरफ्तार करने की बात कही जाने लगी। देखते ही देखते थाने में हजारो लोगों का जमावड़ा उमड़ने लगा और विभिन्न हिंदू संगठन के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को न्याय दिलाने की मांग करने लगे। लोगों का जमावड़ा बढ़ता देख बछरावां पुलिस के हाथ पांव फूलने लगे, मौके पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी महाराजगंज प्रदीप कुमार एवं उपजिलाधिकारी महाराजगंज गौतम सिंह ने मोर्चा सभालते हुए हिंदू पक्ष को समझाने का कार्य प्रारंभ किया, लेकिन मामला बढ़ता देख आसपास के थाने गुरबक्शगंज, हरचंदपुर, शिवगढ़ और महाराजगंज का पुलिस बल भी मौके पर पहुंचा। लेकिन हिंदू पक्ष के आक्रोश को देखते हुए तत्काल मौके पर पहुंचे एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार और एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने दोषियों पर कार्यवाही कर उनकी गिरफ्तारी करने का आश्वासन हिंदू पक्ष को दिया। उन्होंने बताया कि किन्नर समुदाय के कुछ लोग होली खेल रहे थे। इस दौरान उनके जश्न में कुछ गैर समुदाय के उनके मित्र एवं उनका ड्राइवर भी शामिल था। जिनको गैर समुदाय की लोगों के द्वारा होली खेलने को मना किया गया जिस पर वाद विवाद बढ़ गया।



थाने का घेराव करते लोग। अमृत विचार

## दो बाइकों की टक्कर में दो की मौत

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बांदा-बहराइच राजमार्ग पर नंदाखेड़ा गांव के पास बुधवार की दोपहर आसपास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर में दो की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुबख्शगंज थाना क्षेत्र के अटौरा बुजुर्ग निवासी अभिलाष पुत्र शारदा प्रसाद बाइक पर सवार होकर बछरावां से गुरुख्शगंज की तरफ जा रहे थे। वहीं दूसरे बाइक सवार रितेश कुमार पुत्र सोमनाथ (17) अपने साथी सूरज पुत्र शंकर (25) निवासीगण ठकुराइन खेड़ा थाना लालगंज अपनी बाइक से गुरुबख्शगंज से बछरावां की तरफ आ रहे थे। रास्ते में दोनों बाइके नंदाखेड़ा गांव के मुख्य चौराहे के करीब पहुंची, तभी दोनों में आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए। जबकि दुर्घटना में तीनों लोग घायल हो गए। जिन्हे आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस के द्वारा सीएचसी बछरावां पहुंचाया गया, जहां चिकित्सक प्रभात मिश्रा ने प्राथमिक परीक्षण के दौरान अभिलाष और रितेश को मृत घोषित कर दिया।

### ट्रक की टक्कर से युवक की मौत

**अमावां, रायबरेली।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के देवानंदपुर गांव निवासी धरीज (24) वर्ष पुत्र सुखदेव मंगलवार की रात किसी काम से थाना क्षेत्र के गड़रियन पुरवा गया था। जहां से वापस लौटते समय देर रात रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर देवानंदपुर के पास ही रोड से गुजर रहे एक ट्रक ने धीरज को जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में धीरज घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल धीरज को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ट्रामा सेंटर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम में भेज दिया है। दूसरी तरफ दुर्घटना में शामिल ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष विंध्य विनय रावत ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर केस दर्ज कर ट्रक के चालक की तलाश की जा रही है। शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जांच जारी है।

### लाठी-डंडों से हमला कर किया घायल, रिपोर्ट दर्ज

**डलमऊ, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के चक मलिक भीटी ग्राम निवासी जनकदुलारी पत्नी रामप्रसाद ने डलमऊ कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि गुरुवार को पुरानी जमीन रंजिश में गांव के ही लगभग एक दर्जन से अधिक लोग घर पर आकर गाली गलौज करने लगे। मना करने पर लाठी डंडों से मेरे पुत्र राहुल, जेठ बंसी, भतीजा योगश, कुलदीप व संदीप और पड़ोसी रामकरण को दौड़ा दौड़ा मारा पीटा, जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें मौके पर पहुंची डलमऊ पुलिस द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया। कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया की पीड़ित जनकदुलारी की तहरीर पर गांव के सुंदरलाल व हीरालाल व गोविन्द कुमार व मोहन व गौरव व महेंद्र कुमार व लक्ष्मी शंकर व ब्रजेश व शिव शरण व रवि शंकर के साथ 10 से 15 व्यक्ति अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।



श्री साईं मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### देहली में श्री सॉईं के भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**शिवगढ़, रायबरेली।** क्षेत्र के देहली कस्बे में स्थित प्रसिद्ध श्री सॉईं मंदिर में 16वां ऐतिहासिक विशाल भंडारा सम्पन्न हुआ, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। गुरुवार को सुबह आठ बजे मंदिर के संस्थापक श्याम सुंदर पाण्डेय द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ श्री साईंनाथ का दूध, दही, घी, चीनी, शहद, चन्दन, गुलाब जल और गंगाजल से अभिषेक कराया गया। तपश्चात श्री साईंनाथ का भव्य श्रृंगार करके भोग लगाया गया। विधि विधान पूर्वक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा आरती की गई। प्रात: नौ बजे गाजे-बाजे के साथ मंदिर से श्री साईं की पालकी निकाली गई, जिसे समूचे गांव में द्वार-द्वार, मंदिर-मंदिर घुमाया गया। दोपहर 12 बजे भंडारा शुरु हुआ जो देर रात तक चला। राजधानी लखनऊ में रह रहे श्याम सुन्दर पाण्डेय व उनकी धर्मपत्नी सरला पाण्डेय, पुत्र संजय पाण्डेय, पंकज पाण्डेय ने वर्ष 2010 में अपने पैतृक गांव देहली में भव्य श्री साईनाथ के मंदिर का निर्माण कराकर 24 जून 2010 को दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई थी।

# सड़क हादसों समेत अन्य घटनाओं में दस की मौत

**होली पर मातम**

संवाददाता, अमेठी


राजबहादुर तिवारी (फाइल फोटो)


दूलन। (फाइल फोटो)


सुनील कुमार वर्मा (फाइल फोटो)


अनवरी बानों (फाइल फोटो)


हनुमान गौतम (फाइल फोटो)


पवन गुप्ता (फाइल फोटो)

**अमृत विचार।** जिले में रंगों का त्योहार होली इस बार कई परिवारों के लिए मातम में बदल गया। अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों, करंट लगने, संदिग्ध परिस्थितियों व नदी में डूबने और विषैला पदार्थ खाने की घटनाओं में कुल दस लोगों की मौत हो गई। घटनाओं से पूरे जिले में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, होली के दिन और उसके अगले पूर्व दिन जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इन हादसों में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जबकि कुछ की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान कुछ ने दम तोड़ दिया।

**केस नंबर 1**

जानकारी के अनुसार पीपरपुर थाना क्षेत्र के सवनगी गांव में करिश्मा नामक 27 वर्षीय युवती अपने मायके के कमरे में फंदे से लटकी हुई पाई गई। परिजनों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवती की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी गहन जांच की जा रही है। पुलिस इस मामले में परिजनों और अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है।

**केस नंबर 2**

**किसान की करंट लगने से मौत:** मुंशीगंज थाना क्षेत्र के सेवई हेमगढ़ गांव में एक दुखद घटना सामने आई। 65 वर्षीय किसान घेराऊ प्रजापति खेत से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में वह बिजली के टूटे तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है और ग्रामीण स्तब्ध हैं।

**केस नंबर 3**

इन्हौना थाना क्षेत्र के बिझौरा गांव में होली खेलने के बाद अमृत सरोवर तालाब में नहाने गए 26 वर्षीय दिलीप कुमार की डूबने से मौत हो गई। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे वह गहरे पानी में चले गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से उन्हें बाहर निकालकर जगदीशपुर ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। दिलीप पेशे से राजगीर थे। उनके परिवार में पत्नी शीला, नौ वर्षीय पुत्र विपिन और पांच वर्षीय पुत्री दिव्या हैं। थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**केस नंबर 4**

लखनऊ-सुल्तानपुर राजमार्ग पर चिलौली के पास बोलेरो की टक्कर से धीरापुर गांव के साइकिल सवार 80 वर्षीय राज बहादुर तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी सिंहपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

**केस नंबर 5**

वहीं शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के कोलवा गांव में 52 वर्षीय दूलन ने विषैला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल ले गए, लेकिन इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**केस नंबर 6**

कमरौली के गढ़ा मोड़ के पास लखनऊ–वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार को डीसीएम की टक्कर से साइकिल सवार अनवरी बानों (55) की मौत हो गई, जबकि उनके पति मोहम्मद वसीम (59) गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों साइकिल से दवा लेने जा रहे थे। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घायल वसीम का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।

**केस नंबर 7**

कमरौली के बरसंडा के पट्टी गांव में हनुमान गौतम (35) की संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ सेवन के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने जहर देकर हत्या का आरोप लगाया है, जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**केस नंबर 8**

मुसाफिरखाना के जाखा शिवपुर निवासी सुनील कुमार वर्मा (30) का शव लालगंज चौराहे के पास सड़क किनारे झाड़ियों में मिला। मौके पर उनकी क्षतिग्रस्त बाइक भी पड़ी मिली। पुलिस के अनुसार बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरने से उनकी मौत हुई।

**केस नंबर 9**

शुकुल बाजार के किशनी गांव में बुधवार को होली खेलने के बाद गोमती नदी में नहाने गए युवक पवन कुमार गुप्ता (23) डूब गए। पुलिस और स्थानीय गोताखोर एनडीआरएफ टीम ने 28 घंटे बीत जाने पर भी तलाश अभियान जारी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका था। घटना की सूचना मिलने पर सी ओ अतुल सिंह व तहसीलदार राहुल सिंह पहुंच कर जानकारी जुटाई वही पवन गुप्ता का पता न लगने से ग्रामीण आक्रोशित है जानकारी के अनुसार पवन चंडीगढ़ में फल की रेहड़ी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। करीब 20 वर्ष पहले उनके पिता का निधन हो चुका है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मां पार्वती, बहन बबिता और संगीता का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल बना हुआ है। थानाध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि युवक की तलाश के लिए स्थानीय गोताखोरों व एनडीआरएफ टीम लगी है

**केस नंबर 10**

शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के बागमीरा भिटवा गांव निवासी शिव ओम (18) की बुधवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। वह साइकिल से होली खेलने जा रहा था। जैसे ही वह जगदीशपुर–सत्थिन मार्ग पर चढ़ा, सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उसकी टक्कर हो गई। गंभीर रूप से घायल युवक को ग्रामीणों ने सीएचसी जगदीशपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**सड़क हादसों में चार घायल: महराजगंज, रायबरेली।** अगल अलग दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। घायलों में मदनिया गांव निवासी नीरज पुत्र रामफेर, दरियागंज निवासी सौरभ पुत्र माता प्रसाद, शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरे गुलाब सिंह निवासी बाइक सवार भीम सिंह व लाखन सिंह शामिल हैं। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य महराजगंज लाया गया।

# 30 घंटे बाद गोमती नदी में मिला युवक का शव


हादसे के बाद शोकाकुल परिजन। अमृत विचार

शुकुल बाजार, अमेठी

**अमृत विचार।** होली की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब थाना क्षेत्र के किशनी गांव निवासी 23 वर्षीय पवन कुमार गुप्ता का शव डूबने के करीब 30 घंटे बाद घटना स्थल से लगभग सात सौ मीटर दूर गोमती नदी में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, किशनी गांव निवासी पवन कुमार गुप्ता बुधवार को होली खेलने के बाद गांव के पास बने नवनिर्मित पीपा पुल के पास अपने चचेरे भाइयों पंकज गुप्ता, निखिल गुप्ता और हिमांशु गुप्ता के साथ नदी में नहाने गए थे। दोपहर करीब 12:30 बजे सभी युवक पुल से नदी में कूदकर नहा रहे थे। इसी दौरान पवन गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। साथ में मौजूद युवकों ने उन्हें बचाने की कोशिश की, लेकिन वह देखते ही देखते पानी में लापता हो गए। किसी तरह बाहर निकलकर साथियों ने परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी तत्काल पहुंची और स्थानीय गोताखोरों व एनडीआरएफ टीम की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई गई। लगातार 30 घंटे तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद युवक का शव घटना स्थल से लगभग सात सौ मीटर दूर नदी में उतराता मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।


उसरहा गांव में निकाली गयी कलशयात्रा। अमृत विचार

# सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व निकाली गयी भव्य कलशयात्रा

**सिंहपुर, अमेठी।** ब्लॉक क्षेत्र के उसरहा गांव के दीपू शुक्ला के आवास पर बृहस्पतिवार से शुरू हो रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा से पूर्व श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा कार्यक्रम स्थल से चल कर गांव के सभी मंदिरो का भ्रमण करते हुए बाबा दतहरेश्वर धाम पहुंची। विधि विधान से पूजन के बाद यात्रा आदिशक्ति पीठ माँ अहोरवा भवानी धाम पहुंची जहाँ से पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा माँ मोक्षश्वरी धाम पहुंची जहाँ पर आचार्य द्वारा पूजन अर्चन के बाद भक्तों ने सरोवर से जल भरकर कार्यक्रम स्थल के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान यजमान लोधेश्वर शुक्ल व श्रीमी कैलाश पति, दीपू शुक्ल अभिषेक, सत्यांश, विकास यादव, रमेश, अवनीश तिवारी, मोनू ,रमन बाजपेई, करुणेश, आनंद बाजपेई, अरुण मिश्रा, इंद्र कुमार पाठक, दीपू मिश्रा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# युवक की मौत, ग्रामीणों का रोड जाम कर प्रदर्शन

शुकुल बाजार, अमेठी


परिजन को आर्थिक मदद का आश्वासन देते तहसीलदार राहुल सिंह व अन्य।

**अमृत विचार।** होली के दिन हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही परिजन आक्रोशित हो गए। परिजनों का कहना था कि पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है जिसे नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। उन्होंने आकाश व गोपाल गौतम निवासी निहालगढ़ चक जंगला कस्बा जगदीशपुर पर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। परिजनों व ग्रामीणों का यह भी आरोप था कि पुलिस ने पहले दो लोगों को पकड़ने के बाद उन्हें छोड़ दिया। जिसके चलते बड़ी संख्या में परिजन व बड़ी संख्या में ग्रामीण ने सड़क जाम कर नारेबाजी व विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे लगाए और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई व आर्थिक सहायता की मांग की। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता देख उन्होंने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद तहसीलदार राहुल सिंह और क्षेत्राधिकारी सीओ अतुल कुमार सिंह सहित शुकुल बाजार, भाले सुल्तान, जगदीशपुर और कमरौली थानों की पुलिस मौके पर पहुंचे और अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये की बीमा सहायता दिलाने और नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया जिसके तीन घंटे बाद परिजनों व ग्रामीणों ने प्रदर्शन खत्म किया और पुलिस ने राहत की सास ली। पूरा मामला शुकुल बाजार थाना क्षेत्र के बागमीरा भिटवा गांव का है। गांव निवासी शिव ओम (18) बुधवार दोपहर होली खेलने के बाद साइकल से नहर की ओर जा रहा था। जगदीशपुर-सत्थिन मार्ग पर सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल शिव ओम को ग्रामीणों की मदद से जगदीशपुर ट्रामा सेंटर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजन शव को घर ले आए। गुरुवार दोपहर आरोपियों की गिरफ्तारी और आर्थिक सहायता की मांग को लेकर उन्होंने सड़क जाम कर दिया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को 5 लाख रुपये की बीमा सहायता दिलाने और नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। थाना अध्यक्ष विवेक वर्मा ने बताया कि आरोपी बाइक चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

## युवक ने घर के अंदर फंदा लगाकर दी जान

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** अंतू थाना क्षेत्र के चौरा वार्ड निवासी 22 वर्षीय मंजीत सोनी मिन्नी ने होली की रात घर के अंदर फांसी लगा लिया। बुधवार सुबह परिजनों ने देखा तो दरवाजा अंदर से बंद था। सूचना पर पहुंची पुलिस के शव को नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उसके पिता पूर्णमासी की नौ फरवरी को बीमारी से मौत हो गई थी। अभी परिवार के लोग संभल भी नहीं पाए थे कि पूर्णमासी के तीसरे नम्बर के बेटे मंजीत ने कमरे में चुल्ले के सहारे फंदा लगा लिया ।एआरटीओ चौकी इंचार्ज रामनरेश यादव ने बताया कि शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। कोई तहरीर नहीं मिली है।

## महिला की मौत में सात पर दहेज हत्या का केस

**प्रतापगढ़, अमृत विचार।** विवाहिता के फांसी लगाकर जान देने के मामले में सात के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने पति को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। देहात कोतवाली के श्रीनाथपुर निवासी सुधांशु ओझा की 25 वर्षीय पत्नी बबिता ओझा की मंगलवार अपरान्ह तीन बजे घर में फांसी लगाने मौत हो गई थी। सूचना पर पहुंचे मायकेवालों ने पति सुधांशु ओझा, देवर अंशु ओझा, हर्ष, ससुर प्रदीप, सास किरन, चचिया ससुर पंकज और चचिया सास महिमा ओझा के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कराया। भुपियामऊ चौकी इंचार्ज वरुण कुमार सिंह ने पति सुधांशु ओझा को इलाके के राजगढ़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मामूली विवाद में मारपीट, चार घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे बिलास मजरे जमुरावां गांव निवासी सुरेंद्र कुमार पुत्र छंगा ने गांव के ही निवासी शिवम, शुभम, सत्यम, पुत्रगण रामकंठ, रामकंठ पुत्र रामकुमार, रामकुमार पुत्र जगेसर के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर में सुरेंद्र कुमार ने बताया कि बीते बुधवार को गांव के ही निवासी सत्यम पुत्र रामकंठ अपना ट्रैक्टर लेकर गांव आते समय रास्ते में कुआं पर ट्रैक्टर से जोरदार टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर हमला कर दिया। मामले में कोतवाल महराजगंज जगदीश यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा कर दर्ज कर जांच कराई जाएगी।

## जमीन के विवाद में दंपति घायल

**डलमऊ, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रजौली ग्राम निवासी राम सजीवन व राजाराम पुत्रगण धनपत के मध्य जमीन विवाद में मारपीट हो गई। इसमें राम सजीवन व उसकी पत्नी संतोष कुमारी घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी राघवन सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। जिसकी विवेचना उप निरीक्षक अतुल कुमार त्रिपाठी द्वारा की जा रही है।

## खेत से मशीन की बैटरी व सामान चोरी

**जगतपुर, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के बैरी गोवर्धनपुर निवासी रितिक तिवारी और अजय शुक्ला के ख्खेत से झटका मशीन में लगी सोलर बैटरी व अन्य उपकरण चोरी हो गए। वहीं पास के बैरीहार गांव निवासी अजीत यादव के खेत में लगी झटका मशीन को भी चोरों ने निशाना बनाने का प्रयास किया। लेकिन किसी के आने की आहट पर ताला आधा कटा छोड़कर मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्यागी ने बताया कि मामले में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## भेंटुआ व संग्रामपुर ब्लॉक में अफसर नदारद

**संग्रामपुर, अमेठी।** होली के महापर्व के दूसरे दिन भी विकास खंड भेंटुआ और संग्रामपुर के ब्लॉक कार्यालयों में होली का रंग साफ दिखाई दिया, जिसके चलते विकास कार्य लगभग ठप नजर आए। गुरुवार को ब्लॉक कार्यालयों की पड़ताल के दौरान कई अधिकारी और कर्मचारी अपने दफ्तरों से नदारद मिले, जिससे फरियाद लेकर पहुंचे लोगों को मायूस होकर लौटना पड़ा। बताया जा रहा है कि विकास खंड भेंटुआ और संग्रामपुर दोनों स्थानों पर एक ही खंड विकास अधिकारी तैनात हैं। सरकार की ओर से अधिकारियों और कर्मचारियों को समय से कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन इन ब्लॉकों में इन आदेशों का खास असर नहीं दिख रहा है ।गुरुवार सुबह लगभग 10 बजे संग्रामपुर ब्लॉक में एडीओ आईएसबी सुरेश कुमार अपने कार्यालय पहुंचे, जबकि एडीओ पंचायत करीब 11 बजे कार्यालय आए। इसके अलावा अन्य कर्मचारी जैसे कनिष्ठ लिपिक, क्लर्क और कई जिम्मेदार अधिकारी अनुपस्थित रहे, जिसके कारण कार्यालय का संचालन मुख्य रूप से सफाई कर्मियों के भरोसे चलता रहा ।भेंटुआ ब्लॉक की स्थिति भी लगभग यही रही। यहां भी खंड विकास अधिकारी और एडीओ पंचायत दोनों ही कार्यालय में मौजूद नहीं मिले। कार्यालय का कामकाज सीमित कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के सहारे चलता दिखाई दिया ।स्थानीय लोगों का कहना है कि इन दोनों ब्लॉकों की स्थिति लंबे समय से इसी तरह बनी हुई है। अधिकारियों के समय से कार्यालय न आने के कारण आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कई बार चक्कर लगाने पड़ते हैं।

## पिता-पुत्र पर लाठी-डंडों से हमला

**जगदीशपुर, अमेठी।** थाना क्षेत्र के मछरिया गांव में रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। बुधवार शाम विजय बहादुर सिंह घर के बाहर खड़े थे तभी गांव के अशोक कुमार मिश्रा, अरविंद मिश्रा व उनके साथियों ने लाठी–डंडों से हमला कर दिया। बीच–बचाव करने पहुंचे उनके बेटे अनुराग सिंह को भी पीट दिया गया। हमले में पिता–पुत्र घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में लेकर धारा 151 के तहत चालान किया है। मामले की जांच जारी है। वहीं मुसाफिरखाना क्षेत्र में मेले के दौरान हुई मारपीट और भगदड़ जैसी स्थिति में आठ लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। इसके अलावा गौरीगंज क्षेत्र में अलग–अलग हादसों में तीन अन्य लोग घायल हुए। सभी घायलों का उपचार चल रहा है। इन घटनाओं के बाद कई घरों में होली का उत्साह मातम में बदल गया।

# स्मृति ईरानी का नाम राज्यसभा सूची से बाहर, भाजपा कार्यकर्ताओं में निराशा

**अमेठी, अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की गई है। इस घोषणा के बाद अमेठी जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनमानस के बीच निराशा का माहौल है। पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का नाम सूची में शामिल न होने से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में मायूसी देखी जा रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं का कहना है कि स्मृति ईरानी ने अमेठी में लंबे समय तक सक्रिय रहकर काम किया है। उन्होंने जनता के बीच अपनी एक मजबूत पहचान बनाई है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को हराया था। केंद्रीय मंत्री रहते हुए उन्होंने क्षेत्र में कई विकास कार्यों को गति देने का प्रयास किया। वह जनता से लगातार जुड़ी रहीं और उनकी समस्याओं को सुना। स्थानीय भाजपा नेताओं और समर्थकों का मानना है कि स्मृति ईरानी एक योग्य, कर्मठ और जनप्रिय नेता हैं। उनका अनुभव और नेतृत्व देश की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ऐसी प्रभावशाली नेता का संसद और सरकार में होना पार्टी और देश दोनों के लिए आवश्यक है। उनके समर्थकों का मानना है कि उन्हें सदन में होना चाहिए। इससे वह अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा सकेंगी। अमेठी के कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि स्मृति ईरानी ने क्षेत्र की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है। उन्होंने विकास कार्यों के लिए निरंतर प्रयास किए हैं। ऐसे में उन्हें राज्यसभा में भेजा जाना चाहिए था। इससे वह सदन में भी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा पातीं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि स्मृति ईरानी की सक्रियता और जनाधार काफी मजबूत है। इसे देखते हुए आने वाले समय में पार्टी उन्हें किसी बड़े दायित्व में आगे ला सकती है। फिलहाल अमेठी के भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच यही चर्चा है।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष, मारपीट और तोड़फोड़ में नौ घायल, चार गंभीर

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** पट्टी नगर से सटे कुंदनपुर गांव में होली के दिन ट्रक से पोल टूटने से बिजली गुल होना व पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ। इसमें दोनों पक्ष के नौ लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों के परिजन उन्हें पट्टी कोतवाली लेकर पहुंचे। पुलिस ने इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी भेजा। चार की हालत नाजुक होने पर प्रताप बहादुर जिला अस्पताल भेज दिया गया। मामले में एसआई ने कार्रवाई करते हुए सात महिलाओं समेत 15 लोगों के खिलाफ मारपीट बलवा सहित अन्य धारा में केस दर्ज किया है। पट्टी के कुंदनपुर गांव निवासी शिवम सरोज पुत्र कमलेश सरोज ट्रक चालक है। वह बुधवार को होली की सुबह पार्सल ट्रक लेकर घर पर आया था। बताया जाता है कि इसी दौरान ट्रक की टक्कर से सड़क के किनारे लगे बिजली के दो पोल टूट गए, जिससे कई घरों की बिजली गुल हो गई। इसी बात को लेकर शिवम व दूसरे पक्ष के लोगों में विवाद होने लगा। इस दौरान जमकर मारपीट, गाली–गलौज और तोड़फोड़ की घटना हुई। इससे कई लोग घायल हो गए। सभी घायलों को परिवार के लोग निजी वाहन से लेकर कोतवाली पहुंचे। पट्टी कोतवाली के एसआई प्रशांत कटियार की तहरीर पर पुलिस ने शैलेंद्र सरोज, राजू सरोज, बबली, मालती, रिचा भारती, मनीष, धीरेंद्र सरोज, अजीत, अमरावती रंजीत, खुशी व शिवम के साथ विजय सरोज, अनारवती एवं सपना सरोज के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## नहर में नहाते समय सगी बहनों समेत तीन बच्चियां डूबीं, तलाश जारी

**संग्रामगढ़, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ क्षेत्र में गुरुवार को बड़ी घटना हो गई। यहां के खनवारी नहर में स्नान करने गईं दो सगी बहनें और एक किशोरी गहरे पानी में जाने की वजह से डूब गईं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम के साथ स्थानीय ग्रामीण उनकी तलाश में जुटे हैं, हालांकि अभी तक पता नहीं लग सका है। उधर इन तीनों के साथ स्नान कर रहा एक किशोर किसी तरह बचकर निकल गया। संगामगढ़ थाना क्षेत्र के खनवारी गांव निवासी रामनरेश पटेल की तीन बेटियां 12 वर्षीय आंचल, 14 वर्षीय काजल, 10 वर्षीय रिया, अनिल पटेल की 12 वर्षीय बेटी रोशनी, हरिकृष्ण का 15 वर्षीय बेटा सतीश कुमार दोपहर में गांव से 500 मीटर दूर प्रयागराज जलशाखा में नहाने चले गए। सभी बच्चे गुरुवार सुबह देर तक रंग खेलने के बाद दोपहर में नहर में पहुंचकर नहाने लगे। अचानक चारों बच्चियां डूबने लगीं। काजल किसी प्रकार बाहर निकल आई। तीनों बच्चियों ने सतीश को पकड़ने का प्रयास किया। सतीश भी डूबने लगा तो वह किसी प्रकार अपना हाथ छुड़ाकर बाहर निकल आया। आंचल, रिया और रोशनी गहरे पानी में डूब गईं। बाहर निकले सतीश और काजल शोर मचाने लगे तो गांव के लोग पहुंच गए। बच्चियों के परिजन भी नहर किनारे पहुंचे। उन्हें न देख चीत्कार करने लगे। दो दर्जन से अधिक ग्रामीण नहर के पानी में उतरे और बच्चियों की तलाश करने लगे। एसओ मनोज तोमर, सीओ लालगंज आशुतोष मिश्र के साथ ही संग्रामगढ़ और लालगंज फायरब्रिगेड के लोग भी मौके पर पहुंच गये।


कलशयात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

## गाजे-बाजे के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

**संग्रामपुर, अमेठी।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के ग्रामसभा सहजीपुर निवासी बालकृष्ण तिवारी के निज होने वाली श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ होने से पहले गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश लिए सैकड़ों महिलाओं के साथ गाजे –बाजे के साथ सहजीपुर पंडाल से निकलकर गूजीपुर – नारायनपुर चौराहे होते हुऐ कालिकन धाम पहुंची यात्रा के दौरान भजनों और जयकारों से पूरा माहौल कृष्णमय हो गया भगवान श्रीकृष्ण –राधा के साथ भगवान शिव की आकर्षक झांकी देखकर लोग मंत्रमुग्ध हो गए जो एक दिव्य अनुभव प्रदान कर रही थी ।कथा वाचक आचार्य ने बताया कि यह यात्रा देवी–देवताओं का आह्वान करने और कथा स्थल को ऊर्जावान बनाने के लिए निकाली गई है। इस यात्रा में शामिल होने वाले प्रमुख श्रद्धालु श्यामकृष्ण, राधेकृष्ण, त्रियुगीनारायण तिवारी, कल्लू पाण्डेय, शैलेंद्र तिवारी, अरविंद, सुधांशु, कुलदीप, संदीप, शुभम्, सत्यम, आदित्य मिश्रा आदि रहे।

## स्कूल का ताला तोड़कर चोरी करने का प्रयास

**अमेठी, अमृत विचार।** होली अवकाश के बाद विद्यालय खुलने पर प्राथमिक विद्यालय घाटमपुर में चोरी के प्रयास और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चार दिवसीय होली अवकाश के बाद गुरुवार सुबह जब बच्चे और विद्यालय का स्टाफ नियत समय पर स्कूल पहुंचे, तो विद्यालय के मुख्य द्वार का ताला टूटा हुआ और गायब पाया गया। इसके साथ ही आपातकालीन द्वार का ताला भी ईंट–पत्थरों से मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। विद्यालय परिसर के अंदर भी तोड़फोड़ की गई है। परिसर में लगे मंदिर के नल की टोंटियां तोड़ दी गईं और ईको क्लब के बाल उद्यान को भी पूरी तरह तहस–नहस कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही प्रधानाध्यापिका ने तत्काल विभागीय उच्चाधिकारियों, मुंशीगंज थाना प्रभारी और ग्राम प्रधान को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# घर में घुसकर नाबालिग से दुष्कर्म भाई के शोर मचाने पर भागा आरोपी

**तिलोई, अमेठी।** कोतवाली मोहनगंज क्षेत्र के एक गांव में 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ एक 24 वर्षीय युवक ने रेप की घटना को अंजाम दिया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई। जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी मां ने थाने में प्रार्थनापत्र देकर बताया कि मेरी 15 वर्षीय बेटी व 6 वर्षीय बेटा घर पर दोनों अकेले थे। उसी बीच थाना क्षेत्र के ग्राम अचलपुर मजरे बिराज निवासी आंशिक अली (25) पुत्र शुभान नट ने मेरी लड़की को घर में अकेला पाकर घर में घुस गया और दरवाज़ा अंदर से बंद कर लिया। और लड़की को गलत तरीके से छूने लगा। लड़की के विरोध करने पर आशिक अली ने नाबालिक लड़की को जान से मारने की धमकी दी। और लड़की के चिल्लाने पर आरोपी ने पीड़िता के मुंह को कपड़े से दबा कर उसके साथ जबर जस्ती दुष्कर्म किया। इतने में लड़की का 6 वर्षीय भाई यह सब देख गांव के एक किराने की दुकान पर मां को बुलाने गया। जब मां घर पहुंच कर देखा और आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी धक्का देकर मौके से फरार हो गया है। पीड़ित मां ने जब इसकी शिकायत आरोपी के घर परिजनों से करने गई तो वो लोग लड़ाई झगडे पर अमादा हो गए। और कहा की तुम यह से चली जाओ नहीं तो तुम्हें जान से मार देगें। पीड़ित मां ने तत्काल घटना की लिखित सूचना मोहनगंज पुलिस दी। सूचना पर पहुंची मोहनगंज पुलिस ने लड़की को कब्जे में लेकर अपराधी के घर पर दबिश दी। लेकिन जब तक वह फरार हो चुका था। पुलिस लड़की को लेकर थाने चली आई। जहां पीड़िता की मां की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर मेडिकल परीक्षण हेतु भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष राकेश सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।



अगर आप केवल भविष्य के विषय में ही सोचते रहेंगे, तो वर्तमान को भी खो देंगे।
–गुरु गोबिंद सिंह

## ऊर्जा संकट के संकेत

ईरान के दावे और अमेरिका तथा इसराइल के बयानों से लगता है कि पूरे पश्चिम एशिया में फैल चुकी यह जंग लंबी खिंच सकती है। यह टकराव कुछ सप्ताह से आगे बढ़ता है, तो भारत जैसे बड़े ऊर्जा आयातक देश के लिए आर्थिक और सामाजिक प्रभाव गंभीर हो सकते हैं। हमारी ऊर्जा जरूरतों का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल बाहर से और उसका बड़ा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से बरास्ता स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के जरिए प्रतिदिन आता है। इसके बाधित होने से तेल आपूर्ति व कीमत दोनों पर गंभीर दबाव पड़ेगा।

भारत के पास विशुद्ध रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार लगभग 10 दिन के आयात के बराबर है, जबकि सार्वजनिक और निजी कंपनियों के पास वाणिज्यिक स्टॉक मिलाकर कुल भंडार लगभग 70 दिन तक माना जाता है। यही कारण है कि आधिकारिक और अनौपचारिक आंकड़ों में अंतर दिखाई देता है। युद्ध तीन सप्ताह से अधिक खिंचने पर और होर्मुज जलमार्ग बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर जाने की आशंका रहती है। इससे भारत का आयात बिल और चालू खाते का घाटा बढ़ेगा, तो रुपये पर दबाव पड़ेगा। ईंधन महंगा होगा तो परिवहन लागत बढ़ेगी। फलतः खाद्य वस्तुओं से लेकर रोजमर्रा की सेवाओं तक कीमतें बढ़ जाएंगी। थोड़ी राहत उन जहाजों से मिल सकती है, जो पहले ही होर्मुज पार कर चुके हैं या रूसी तेल लेकर समुद्र में खड़े हैं। ये कुछ दिनों या हफ्तों की आपूर्ति बनाए रखने में मदद कर सकते हैं, लेकिन दीर्घकालिक समाधान नहीं हैं। ऐसे में भारत को वैकल्पिक स्रोतों की ओर देखना होगा। पश्चिम अफ्रीका-विशेषकर नाइजीरिया और अंगोला तथा दक्षिण अमेरिकी देशों से तेल आयात एक विकल्प हो सकता है, हालांकि इन स्रोतों से तेल लाने की दूरी अधिक होने से परिवहन लागत बढ़ेगी। अमेरिकी दबाव के बावजूद, यदि वैश्विक संकट गहराता है तो भारत को रूस से तेल खरीद कर अपनी ऊर्जा सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में भी जोखिम कम नहीं है। खाड़ी क्षेत्र से एलएनजी आपूर्ति बाधित होने की आशंका और कतर के ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमले की खबरें चिंता बढ़ाती हैं। यदि आयातित गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो पीएनजी और सीएनजी की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है। ऐसे में घरेलू उत्पादन बढ़ाने, एलएनजी के वैकल्पिक अनुबंध करने और उद्योगों को प्राथमिकता-आधारित वितरण नीति अपनाने की आवश्यकता पड़ सकती है। आपूर्ति स्रोतों का विविधीकरण, अतिरिक्त एलएनजी कार्गो की व्यवस्था और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों को भंडार बनाए रखने के निर्देश इसके संकेत हैं।

सरकार बाजार की अस्थिरता के बावजूद उपभोक्ताओं को राहत देने की हर संभव कोशिश करेगी। वह रिफाइनरियों से पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात पर अस्थायी नियंत्रण लगा सकती है, ताकि घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित रहे। व्यापार मार्गों में बदलाव और रणनीतिक भंडार का नियंत्रित उपयोग भी विकल्प हो सकते हैं। इस आसन्न संकट ने याद दिलाया है कि ऊर्जा सुरक्षा के लिए मात्र आयात पर निर्भरता तज कर देश की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक समाधान के रूप में नवीकरणीय ऊर्जा, घरेलू गैस उत्पादन और रणनीतिक भंडार क्षमता बढ़ाने की दिशा में तेज कदम तत्काल उठाने होंगे।

# 'युद्ध-भय': भारत को आर्थिक पैटर्न बदलने की जरूरत





प्रो. आरके जैन

शिक्षाविद्

भारत का 'युद्ध-भय' सिंड्रोम अब किसी मनोवैज्ञानिक शब्दकोश की परिभाषा भर नहीं, बल्कि 21वीं सदी के भारत की आर्थिक नब्ज बन चुका है। जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। मार्च 2026 में ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष ने इस आशंका को चरम तक पहुंचा दिया, जब ब्रेंट क्रूड 82 डॉलर के ऊपर निकल गया और होर्मुज स्ट्रेट पर जहाज़ों की लंबी कतारें दिखने लगीं। वैश्विक एजेंसियों की रिपोर्टों के मुताबिक 4.5 ट्रिलियन डॉलर की भारतीय अर्थव्यवस्था, जो हाल तक नियंत्रित महंगाई और तेज़ वृद्धि का उदाहरण मानी जा रही थी, अचानक बाहरी झटकों से डगमगाने लगी। यह महज आर्थिक उतार-चढ़ाव नहीं; यह सामूहिक मानस का संकट है। निवेशक जोखिम समेटते हैं, रुपया दबाव झेलता है और उपभोक्ता को पेट्रोल पंप पर मिलता बिल आने वाले कल की चिंता जता देता है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

इस 'युद्ध-भय' की जड़ें नई नहीं हैं। 1991 का खाड़ी संकट, जब इराक ने कुवैत पर चढ़ाई की, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार को लगभग खाली कर गया। 1973 के योम किप्पुर युद्ध ने तेल को हथियार बना दिया था और तब भी भारत ने आयात-निर्भरता की भारी कीमत चुकाई। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान कच्चा तेल 120 डॉलर तक जा पहुंचा, महंगाई सात प्रतिशत से ऊपर निकली और मौद्रिक सख्ती बढ़ानी पड़ी। हर बार पैटर्न एक-सा रहा। कहीं दूर युद्ध और यहां विकास दर पर प्रहार। इतिहास लगातार चेताता रहा कि ऊर्जा, उर्वरक और आपूर्ति श्रृंखलाओं में अत्यधिक बाहरी निर्भरता हमें असुरक्षित करती है, फिर भी संकट टलते ही हम सामान्यता के भ्रम में लौट आते हैं। यही चूक 'युद्ध-भय' को स्थायी मनःस्थिति में बदल देती है।

2026 का पश्चिम एशियाई संघर्ष इसी पैटर्न का समकालीन रूप है। भारत के लगभग 17 प्रतिशत निर्यात उसी क्षेत्र की ओर जाते हैं और एक करोड़ से अधिक प्रवासी वहां से रेमिटेंस भेजते हैं। यदि तनाव लंबा चला, तो तेल 100 डॉलर के पार निकल सकता है, जिससे चालू खाते का घाटा फैलेगा और विकास की गति पर दबाव बढ़ेगा। लॉजिस्टिक्स लागत में उछाल और बीमा प्रीमियम में वृद्धि व्यापारिक मार्जिन को निगल जाती है। वित्तीय बाजारों में जोखिम-प्रतिकूलता बढ़ती है और पूंजी उभरते बाजारों से सुरक्षित ठिकानों की ओर सिमटती है। इस पूरी प्रक्रिया में भारत की 'स्वीट स्पॉट' अर्थव्यवस्था, जहां महंगाई काबू में और विकास संतुलित था, अचानक असंतुलन की तरफ झुक जाती है। युद्ध भले सीमाओं से दूर हो, पर ऊर्जा मार्गों और पूंजी प्रवाह के जरिये वह हमारे बजट और जेब पर दस्तक दे देता है।

ऊर्जा क्षेत्र इस सिंड्रोम की सबसे नाजुक नस है। भारत अपनी कच्चे तेल की आवश्यकता का लगभग 88 प्रतिशत आयात करता है और उसका बड़ा हिस्सा होर्मुज मार्ग से गुजरता है। रणनीतिक भंडार सीमित समय तक ही सहारा दे सकते हैं; लंबा व्यवधान उद्योग, परिवहन और कृषि की लागत बढ़ा देगा। ईंधन महंगा होता है, तो ट्रकों का भाड़ा बढ़ता है, कारखानों की लागत चढ़ती है और अंततः किराने की दुकानों पर दाम बढ़ जाते हैं। यही क्रम 'ऊर्जा झटके' को 'मुद्रास्फीति तूफान' में बदल देता है। विकसित भारत 2047 का स्वप्न सस्ती और स्थिर ऊर्जा पर आधारित है। यदि हर वैश्विक टकराव पर हमारी ऊर्जा सुरक्षा हिलती है, तो यह सपना बार-बार कसौटी पर होगा। विविधीकरण चाहे नवीकरणीय ऊर्जा हो या नए आपूर्तिकर्ता अब विकल्प नहीं, अनिवार्यता है।

महंगाई और रुपया इस भय के सबसे स्पष्ट संकेतक हैं। तेल में हर 10 डॉलर की बढ़ोतरी चालू खाते के घाटे को उल्लेखनीय रूप से बढ़ा देती है और आयात बिल को फुला देती है। रुपया दबाव झेलता है, तो विदेशी ऋण महंगा हो जाता है और कंपनियों की बैलेंस शीट प्रभावित होती है। केंद्रीय बैंक को ब्याज दरों के माध्यम से संतुलन साधना पड़ता है, जिससे कर्ज महंगा और निवेश धीमा पड़ सकता है। अंततः इसका भार आम नागरिक उठाता है। ईंधन, खाद्य और रोजमर्रा की वस्तुओं के दाम बढ़ते हैं। 'युद्ध-भय' इसलिए भी गहरा है, क्योंकि यह अदृश्य कर की तरह काम करता है; बिना किसी घरेलू नीति-चूक के, वैश्विक संघर्ष हमारी क्रय शक्ति को कम कर देता है।

पूंजी बाजार इस मनोविज्ञान को सबसे तेजी से प्रतिबिंबित करते हैं। अनिश्चितता बढ़ते ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेश सिमटता है, इक्विटी सूचकांक गिरते हैं और नई परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाना कठिन हो जाता है। भारत का बाजार आकार भले पांच ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच गया हो, पर तेल-आधारित झटके इसे वैश्विक साथियों से पीछे धकेल सकते हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी जोखिम आकलन के नए मानकों पर कसा जाता है। जब वैश्विक फंड प्रबंधक भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम बढ़ाते हैं, तो उभरती अर्थव्यवस्थाएं पहले झटका खाती हैं। एक युद्ध की खबर हजारों अंकों की गिरावट में बदल जाती है और विकास कथा पर प्रश्नचिह्न लग जाता है। यही वह क्षण है जब 'युद्ध-भय' आर्थिक वास्तविकता का रूप ले लेता है।

यह परिदृश्य केवल असहायता का चित्र नहीं, बल्कि तैयारी और परिवर्तन की पुकार है। सरकारें ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक भंडार के विस्तार और नवीकरणीय निवेश के माध्यम से जोखिम सीमित करने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। कूटनीतिक संतुलन भी अनिवार्य है, ताकि सभी पक्षों के साथ ऊर्जा और व्यापारिक रिश्ते सुरक्षित रह सकें। आत्मनिर्भरता का अर्थ दुनिया से दूरी नहीं, बल्कि लचीले वैश्विक एकीकरण की समझदारी भरी नीति है। यदि हम इतिहास से सबक लेकर आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करें, घरेलू विनिर्माण को प्रतिस्पर्धी बनाएं और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें, तो 'युद्ध-भय' स्थायी नियति नहीं रहेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> जैसे ही पश्चिम एशिया में बारूद सुलगता है, मुंबई के दलाल स्ट्रीट पर घबराहट छा जाती है। वैश्वीकरण की चमक के पीछे छिपी यह असुरक्षा हर बार सामने आ जाती है।

## आमने सामने



पश्चिम एशिया का संघर्ष भारत के करीब पहुंच गया है, लेकिन सरकार की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। भारत को मजबूत नेतृत्व की जरूरत, लेकिन देश के पास समझौता कर चुके प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने भारत की रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता किया है।

–राहुल गांधी
नेता प्रतिपक्ष



चीन ने वर्षों तक ईरान का कूटनीतिक समर्थन किया और उसका तेल खरीदा, लेकिन अब उससे दूरी बना रहा है। इसके बावजूद कांग्रेस ईरान के लिए भारत का आंख बंद करके समर्थन चाहती है, जबकि खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है और वहां लाखों भारतीय रहते हैं और काम करते हैं।

–अमित मालवीय
भाजपा प्रवक्ता

### प्रसंगवश

## भारतीय इतिहास के नक्षत्र छत्रपति शिवाजी महाराज



श्वेता गोयल

शिक्षिका

भारत के इतिहास के क्षितिज पर कुछ नाम ऐसे दैदीप्यमान नक्षत्र हैं, जो केवल व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक अखंड युग की चेतना बन जाते हैं। छत्रपति शिवाजी महाराज इसी शौर्य-गाथा के वह रचयिता हैं, जिन्होंने घोर अंधकार और विपरीत परिस्थितियों के बीच न केवल 'स्वराज' का स्वप्न देखा, बल्कि अपनी अटूट संकल्प शक्ति से उसे धरातल पर साकार भी किया। वर्ष 1630 में शिवनेरी की दुर्गम गुंजायमान वादियों में जन्मा यह बालक केवल एक शासक बनने के लिए नहीं, बल्कि भारतीय इतिहास की धारा को मोड़ने के लिए अवतरित हुआ था।

पंचांग के अनुसार शिवाजी का जन्म फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया को हुआ था। इस वर्ष फाल्गुन कृष्ण पक्ष तृतीया छह मार्च को है, इसलिए शिवाजी जयंती कई स्थानों पर छह मार्च को मनाई जाएगी। शिवाजी जयंती मात्र एक तिथि का उत्सव नहींस बल्कि उस 'हिंदवी स्वराज' के प्रति कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है, जो साहस, सुशासन और नैतिक मूल्यों की आधारशिला पर खड़ा था। यह स्मरण है उस महानायक का, जिसने सिखाया कि जब स्वाभिमान और रणकौशल का मिलन होता है तो इतिहास स्वयं झुककर मार्ग देता है।

शिवाजी का बचपन संघर्षों से घिरा था, परंतु वही संघर्ष उनकी शक्ति का आधार बना। उनके पिता शाहजी भोंसले बीजापुर सल्तनत में उच्च पदस्थ सेनानी थे, जबकि माता जीजाबाई धार्मिक, दृढ़निश्चयी और असाधारण साहस से संपन्न महिला थी। जीजाबाई ने बालक शिवाजी के मन में रामायण, महाभारत और पुराणों की कथाओं के माध्यम से धर्म, न्याय और राष्ट्रप्रेम के संस्कार रोपे। वे केवल माता नहीं, उनके व्यक्तित्व की प्रथम शिल्पकार थी। शिवाजी के गुरु दादाजी कोंडदेव ने उन्हें प्रशासन, किलेबंदी और युद्धनीति की शिक्षा दी। इन दो सशक्त व्यक्तित्वों के मार्गदर्शन ने शिवाजी के भीतर एक ऐसे शासक को जन्म दिया, जो तलवार और नीति, दोनों में अद्वितीय था।

मात्र पंद्रह वर्ष की आयु में शिवाजी ने स्वतंत्र मराठा राज्य की परिकल्पना की। 1645 में तोरणा किला पर विजय प्राप्त करना, उनके स्वराज अभियान का प्रथम सशक्त उद्‌घोष था। यह केवल एक किले की जीत नहीं थी, बल्कि उस आत्मविश्वास की घोषणा थी, जिसने आगे चलकर एक साम्राज्य की नींव रखी। इसके बाद उन्होंने अनेक दुर्गों पर अधिकार कर अपने प्रभाव क्षेत्र का विस्तार किया। प्रत्येक विजय उनकी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व क्षमता का प्रमाण थी। शिवाजी की सबसे बड़ी विशेषता उनकी युद्धशैली थी। 'गणिमी कावा' अर्थात गुरिल्ला युद्धनीति ने उन्हें विशाल और सुसज्जित मुगल तथा आदिलशाही सेनाओं के लिए एक रहस्य और चुनौती बना दिया। वे छोटे-छोटे दलों में आक्रमण कर शत्रु को चौंकाते, उसकी रसद व्यवस्था को बाधित करते और फिर सुरक्षित स्थानों पर लौट जाते। इस युद्ध कौशल ने सिद्ध कर दिया कि विजय केवल सेना की संख्या से नहीं बल्कि रणनीति, मनोबल और नेतृत्व से प्राप्त होती है। मुगल सम्राट औरंगजेब के लिए शिवाजी एक ऐसी पहेली थे, जिसे वह कभी पूरी तरह सुलझा नहीं पाया।

1659 में बीजापुर के सेनापति अफजल खान के साथ प्रतापगढ़ में हुई भेंट इतिहास की अद्भुत घटनाओं में गिनी जाती है। शिवाजी ने अपने साहस और सूझबूझ से उस षड्‌यंत्र का अंत कर दिया, जो उनके जीवन अंत के लिए रचा गया था। 1663 में उन्होंने मुगल सूबेदार शाइस्ता खान पर पुणे में साहसिक आक्रमण कर उसे अपमानित होकर भागने को विवश किया। 1666 में आगरा दरबार में बंदी बनाए जाने के बाद उनका अद्भुत पलायन उनकी बुद्धिमत्ता और धैर्य का परिचायक है। वे विपत्ति में भी अवसर खोज लेते थे।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# राज्यसभा चुनाव में एनडीए को हो सकता है लाभ



कांतिलाल मांडोत

वरिष्ठ पत्रकार

साल 2026 का राज्यसभा चुनाव भारतीय राजनीति के लिए केवल नियमित संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि शक्ति संतुलन के पुनर्निर्धारण का वर्ष साबित हो सकता है। राज्यसभा की कुल 245 सीटों में से लगभग 72 से 75 सीटें वर्षभर में विभिन्न चरणों में रिक्त हो रही हैं। मार्च में 37 सीटों पर चुनाव प्रस्तावित हैं, जबकि शेष सीटों पर अप्रैल, जून, जुलाई और नवंबर में चुनाव होंगे। इन चुनावों का सीधा असर केंद्र की विधायी रणनीति और विपक्ष की प्रभावशीलता पर पड़ेगा, क्योंकि उच्च सदन में बहुमत का समीकरण कई महत्वपूर्ण विधेयकों की दिशा तय करता है।

ताजा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सदन में भाजपा के पास 103 सीटें, कांग्रेस के पास 27, तृणमूल कांग्रेस के 12, आम आदमी पार्टी के पास 10, द्रमुक की 10, बीजद की सात, वाईएसआरसीपी की पांच और अन्नाद्रमुक के सात सदस्य हैं। सात सदस्य नामित श्रेणी में हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की कुल ताकत लगभग 121 के आसपास मानी जा रही है, जबकि विपक्षी इंडिया ब्लॉक करीब 80 सीटों के साथ मौजूद है। मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को सात से नौ सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है, जिससे उसकी संख्या 140 के पार जा सकती है। इसके विपरीत, विपक्षी गठबंधन को लगभग पांच सीटों का नुकसान संभव है।

मार्च में जिन 37 सीटों पर चुनाव होंगे, वे महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना से संबंधित हैं। इन राज्यों की विधानसभा संरचना ही परिणामों का आधार बनेगी। राज्यसभा के चुनाव प्रत्यक्ष जनमत से नहीं, बल्कि निर्वाचित विधायकों के वोट से होते हैं। प्रत्येक राज्य में सीटों की संख्या और विधायकों की कुल संख्या के आधार पर 'कोटा' तय किया जाता है। सूत्र है- कुल विधायक संख्या को (सीटें +1) से भाग देकर उसमें एक जोड़ दिया जाता है। यही न्यूनतम मत संख्या है, जो किसी उम्मीदवार को प्रथम वरीयता के आधार पर जीत के लिए चाहिए।

बिहार का उदाहरण इस गणित को स्पष्ट करता है। वहां विधानसभा में 243 सदस्य हैं और इस चरण में पांच सीटों पर चुनाव होना है। सूत्र के अनुसार 243 को 6 से भाग देने पर 40.5 आता है, उसमें एक जोड़ने पर कोटा 41.5 बनता है, जिसे व्यावहारिक रूप से 42 माना जाता है। एनडीए के पास 202 विधायक हैं। इस आधार पर वह चार सीटें सहजता से जीत सकता है, क्योंकि 202 को 42 से भाग देने पर चार पूर्ण कोटे बनते हैं। इसके बाद उसके पास 38 वोट शेष रहते हैं। पांचवीं सीट के लिए उसे कम से कम तीन अतिरिक्त विधायकों का समर्थन चाहिए। यही वह बिंदु है, जहां सियासी रणनीति और क्रॉस वोटिंग की संभावनाएं अहम हो जाती हैं।

बिहार में एनडीए के घटक दलों में भाजपा के 89 और जदयू के 85 विधायक हैं। इसके अतिरिक्त लोजपा (रामविलास), हम और अन्य सहयोगियों को मिलाकर संख्या 202 तक पहुंचती है। दूसरी ओर महागठबंधन में राजद के 25, कांग्रेस के छह और वामदलों के तीन विधायक हैं। इनके अलावा पांच विधायक एआईएमआईएम और एक विधायक बसपा का है, जो किसी खेमे में औपचारिक रूप से शामिल नहीं हैं। महागठबंधन की कुल संख्या 35 है, जो एक सीट के लिए भी पर्याप्त नहीं। यदि विपक्ष एआईएमआईएम और बसपा का समर्थन जुटा ले, तब भी उसे कोटा पूरा करने के लिए अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता रहेगी। इसीलिए बिहार में पांचवीं सीट का मुकाबला केवल गणित नहीं, बल्कि राजनीतिक विश्वास और रणनीतिक तालमेल का प्रश्न बन गया है।

एनडीए की रणनीति स्पष्ट है कि वह चार सुनिश्चित सीटों के बाद पांचवीं पर भी दांव लगाए। इसके लिए बसपा के विधायक, महागठबंधन से जुड़े कुछ असंतुष्ट चेहरों या निर्दलीय समर्थन पर नजर है। वहीं विपक्ष भी यह समझता है कि यदि वह एकजुट होकर एक ही उम्मीदवार उतारे और अतिरिक्त समर्थन सुनिश्चित करे तो मुकाबला दिलचस्प हो सकता है। किंतु यदि विपक्षी खेमे से एक से अधिक प्रत्याशी मैदान में आते हैं, तो प्रथम वरीयता के वोटों के बंटवारे से एनडीए को लाभ मिल सकता है।

राष्ट्रीय स्तर पर भी यही गणित कई राज्यों में दोहराया जा रहा है। महाराष्ट्र में हालिया विधानसभा परिणामों ने एनडीए को बढ़त दी है, जिससे वहां अतिरिक्त सीट मिलने की संभावना है। ओडिशा और आंध्र प्रदेश में भी क्षेत्रीय दलों की बदली ताकत का असर दिख सकता है। गुजरात और राजस्थान जैसे राज्यों में विधानसभा में भाजपा की स्थिति मजबूत होने से विपक्ष की सीटें घट सकती हैं। कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में सीमित नुकसान की आशंका भी जताई जा रही है, परंतु कुल मिलाकर संतुलन एनडीए के पक्ष में झुकता दिखाई देता है। इन चुनावों का एक प्रतीकात्मक पहलू भी है। कई वरिष्ठ नेताओं का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> मौजूदा विधानसभा संरचनाओं को देखते हुए अनुमान है कि एनडीए को 7-9 सीटों का शुद्ध लाभ मिल सकता है।

### सोशल फोरम

## कायर और क्रांतिकारी



आरती सिंह

ब्लॉगर

चे ग्वेरा को उनके छुपने की जगह से पकड़ा गया, क्योंकि एक चरवाहे ने उसकी सूचना दी थी! तो किसी ने उस चरवाहे से पूछा– 'तुमने उस आदमी की शिकायत क्यों की, जिसने अपनी पूरी ज़िंदगी तुम्हारे जैसे लोगों के अधिकारों के लिए लड़ते हुए गुज़ारी?'

चरवाहा बोला, 'उसकी दुश्मन से लड़ाई मेरी भेड़ों को डरा देती थी।'

इसी तरह जब मिस्र में मोहम्मद करीम ने नेपोलियन के नेतृत्व में आई फ्रांसीसी सेना का डटकर मुकाबला किया, तो अंत में उसे गिरफ्तार कर लिया गया और उसे फांसी की सज़ा सुनाई गई। नेपोलियन ने उसे अपने पास बुलाया और कहा, 'मुझे अफसोस है कि मैं तुम्हें मारूंगा, क्योंकि तुमने बहादुरी से अपने देश की रक्षा की। मैं नहीं चाहता कि इतिहास मुझे उन लोगों में गिने जो अपने देश के रक्षकों को मार डालते हैं, इसलिए मैं तुम्हें माफ़ कर सकता हूं, लेकिन एक शर्त पर.... तुम्हें मेरे सैनिकों की मौत के बदले दस हज़ार सोने की मुद्राएं भरपाई के रूप में देनी होंगी।'

मोहम्मद करीम ने कहा, 'मेरे पास इतना पैसा नहीं है, लेकिन व्यापारियों पर मेरा सौ हज़ार सोने की मुद्राओं से भी ज़्यादा का क़र्ज़ है।'

नेपोलियन बोला, 'ठीक है, मैं तुम्हें समय देता हूं। जाओ, उनसे वसूल कर लो।'

इसके बाद मोहम्मद करीम जंजीरों में जकड़ा हुआ और फ्रांसीसी सैनिकों से घिरा हुआ बाज़ार में गया। वह अपने देशवासियों से आशा लेकर गया था, जिनकी स्वतंत्रता के लिए उसने अपनी जान तक दांव पर लगा दी थी, लेकिन किसी व्यापारी ने उसकी मदद नहीं की, बल्कि उल्टा उसे ही दोष देने लगे, 'इसी की वजह से अलेक्ज़ान्द्रिया बर्बाद हो गया। इसी की वजह से हमारा कारोबार तबाह हुआ।'

मायूस होकर वह नेपोलियन के पास लौटा।

नेपोलियन ने कहा, 'अब मेरे पास तुम्हें मारने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा, लेकिन सुनो! मैं तुम्हें इसलिए नहीं मार रहा कि तुमने हमारे सैनिकों को मारा, बल्कि इसलिए कि तुमने अपनी जान उन लोगों के लिए कुर्बान कर दी, जो डरपोक और स्वार्थी हैं, जिन्हें अपनी आज़ादी से ज़्यादा अपने कारोबार की फ़िक्र है।'

जैसा कि मोहम्मद रशीद रिदा ने कहा, 'एक अंधे समाज के लिए क्रांतिकारी वही है, जैसे कोई आदमी अपने शरीर को जला कर रोशनी करे, लेकिन जिस रास्ते पर चलने वाला ही अंधा हो।'

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## महिला सशक्तीकरण से बदल रही यूपी की सूरत



धनीश शर्मा

लेखक

उत्तर प्रदेश की गलियों, गांवों और कस्बों में आज एक शांत, लेकिन गहरा बदलाव महसूस किया जा सकता है। यह बदलाव केवल आधारभूत संरचनाओं का नहीं, बल्कि सोच, अवसर और भागीदारी का है। जिन महिलाओं की भूमिका कभी घर की चौखट तक सीमित मानी जाती थी, वे अब शिक्षा, रोजगार, प्रशासन, उद्यमिता और राजनीति के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं। यह परिवर्तन एक दिन में नहीं आया, बल्कि वर्षों की सामाजिक चेतना, सरकारी पहलों और महिलाओं के आत्मविश्वास का परिणाम है। आज महिला सशक्तिकरण राज्य की विकास यात्रा का अनिवार्य अध्याय बन चुका है।

वहीं उत्तर प्रदेश में शिक्षा इस परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव है। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर बालिकाओं के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 'बेटी पढ़ेगी तो समाज बढ़ेगा' जैसी सोच अब केवल नारा नहीं रही। केंद्र सरकार की योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने समाज में जागरूकता का वातावरण बनाया, वहीं राज्य स्तर पर छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, यूनिफॉर्म और साइकिल वितरण जैसी योजनाओं ने बालिकाओं की विद्यालय तक पहुंच को आसान बनाया। ग्रामीण क्षेत्रों में भी माता-पिता अब बेटियों की शिक्षा के प्रति अधिक सजग हुए हैं, हालांकि उच्च शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण तक समान पहुंच अब भी चुनौती है, विशेषकर दूरदराज़ क्षेत्रों में। फिर भी यह बदलाव आश्वस्त करता है कि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक संतुलन की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

आज राज्य में आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी ने सामाजिक समीकरणों को नई दिशा दी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हजारों महिलाएं लघु उद्योग, डेयरी, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई और खाद्य प्रसंस्करण जैसे कार्यों में सक्रिय हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत इन समूहों को वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका मजबूत हुई है। इसके अतिरिक्त स्टार्टअप संस्कृति में भी महिला उद्यमियों की भागीदारी बढ़ रही है। आर्थिक आत्मनिर्भरता ने महिलाओं के आत्मसम्मान और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ किया है। अब वे केवल परिवार की जिम्मेदारी निभाने वाली नहीं, बल्कि आय और विकास की सहभागी भी हैं।

राजनीतिक सहभागिता ने इस परिवर्तन को और गहराई दी है। पंचायतों और स्थानीय निकायों में आरक्षण के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाएं निर्णय प्रक्रिया का हिस्सा बनी हैं। ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य और पार्षद के रूप में वे शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पेयजल जैसे मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। यद्यपि कुछ स्थानों पर 'प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व' की समस्या देखी जाती है, फिर भी यह अनुभव महिलाओं को नेतृत्व और प्रशासन की समझ प्रदान कर रहा है। यह सहभागिता आने वाले समय में व्यापक राजनीतिक सशक्तिकरण का आधार बन सकती है।

सरकार ने वूमेन पॉवर लाइन 1090 और मिशन शक्ति जैसे अभियानों के माध्यम से सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने का प्रयास किया है। 1090 हेल्पलाइन विशेष रूप से छेड़छाड़, स्टॉकिंग और साइबर उत्पीड़न जैसी शिकायतों के समाधान के लिए संचालित की जाती है, जहां शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है। विद्यालयों और महाविद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों तथा महिला पुलिस थानों की स्थापना से सुरक्षा की भावना को बढ़ावा मिला है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी- रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा।)

# यूरेका

## खोज

### इंटरनेट का आविष्कार


आज इंटरनेट हमारे दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा बन चुका है। जानकारी प्राप्त करना, ई-मेल भेजना, वीडियो देखना, ऑनलाइन खरीदारी करना या दुनियाभर के लोगों से जुड़ना- ये सब इंटरनेट की बदौलत संभव हुआ है, लेकिन इसका विकास एक दिन में नहीं हुआ,



बल्कि कई वैज्ञानिकों और दशकों के शोध का परिणाम है। इंटरनेट की शुरुआत 1960 के दशक में हुई। उस समय अमेरिका में शीत युद्ध का दौर था और अमेरिकी रक्षा विभाग चाहता था कि ऐसा संचार तंत्र बनाया जाए, जो किसी आपात स्थिति या हमले की स्थिति में भी काम करता रहे। इसी उद्देश्य से अमेरिकी रक्षा विभाग की संस्था ARPA (Advanced Research Projects Agency) ने एक परियोजना शुरू की, जिसे ARPANET कहा गया। 1969 में ARPANET के माध्यम से पहली बार दो कंप्यूटरों को आपस में जोड़ा गया। पहला नेटवर्क कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, लॉस एंजेलिस (UCLA) और स्टैनफोर्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट के कंप्यूटरों के बीच स्थापित हुआ। इसी घटना को इंटरनेट के जन्म की शुरुआत माना जाता है। इंटरनेट किसी एक व्यक्ति का आविष्कार नहीं है, बल्कि कई वैज्ञानिकों के योगदान का परिणाम है। फिर भी दो वैज्ञानिकों को इंटरनेट का प्रमुख जनक माना जाता है विंटन सर्फ और बॉब कान।

1970 के दशक में इन दोनों वैज्ञानिकों ने मिलकर TCP/IP (Transmission Control Protocol / Internet Protocol) नामक संचार प्रणाली विकसित की। यही तकनीक विभिन्न कंप्यूटर नेटवर्कों को आपस में जोड़ने का आधार बनी। 1 जनवरी 1983 को ARPANET ने आधिकारिक रूप से TCP/IP को अपनाया और यहीं से आधुनिक इंटरनेट की वास्तविक शुरुआत मानी जाती है।

### वैज्ञानिक के बारे में



विंटन सर्फ का जन्म 23 जून 1943 को अमेरिका के कनेक्टिकट राज्य के न्यू हेवन में हुआ था। बचपन से ही उन्हें गणित व विज्ञान में गहरी रुचि थी। उन्होंने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में पीएचडी की। सर्फ बचपन से आंशिक रूप से श्रवण बाधित थे, इसलिए उन्होंने संचार तकनीक के महत्व को बहुत करीब से महसूस किया। उन्होंने इंटरनेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया और उन्हें अक्सर "इंटरनेट का जनक" कहा जाता है।

वहीं बॉब कान का जन्म 23 दिसंबर 1938 को न्यूयॉर्क, अमेरिका में हुआ। उन्होंने सिटी कॉलेज ऑफ न्यूयॉर्क से इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की। उन्हें बचपन से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार तकनीक में रुचि थी। वैज्ञानिक के रूप में उन्होंने नेटवर्किंग तकनीक के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ऐसा था साल का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण



आकाश में चंद्रमा और तारों (या ग्रहों) को देखने का रोमांच कुछ ऐसा है, जो दिल को छू लेता है। यह सिर्फ देखना नहीं, बल्कि महसूस करना है, जैसे ब्रह्मांड खुद आपको बुला रहा हो और आप उसकी विशालता में खो जाना चाहें। खासकर तब, जब चंद्रमा में कोई बदलाव आता है, तो वह दृश्य रोमांटिक, रहस्यमयी और जादुई लगता है।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

### भारत में चंद्र ग्रहण

भारत में साल का पहला चंद्र ग्रहण का प्रारंभ बीती 3 मार्च को दोपहर 3:20 बजे हुआ। इसकी पूर्णता का प्रारंभ शाम 4:34 बजे रहा, समाप्ति शाम 5:33 बजे हुई और संपूर्ण ग्रहण की समाप्ति शाम 6:48 बजे हुई, लेकिन देश के तमाम हिस्सों में बचा-खुचा चंद्र ग्रहण यानी आंशिक चंद्र ग्रहण ही दिखाई दिया।

### अंब्रा और पेनअंब्रा

ग्रहण के दौरान दो छायाएं बनती हैं। पहली छाया को प्रच्छाया (अंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते यह छाया छोटी होती जाती है। यह ग्रहण की छाया का गहरा केंद्र होता है। दूसरी छाया को उपछाया (पेनअंब्रा) कहते हैं। सूर्य से दूर जाते-जाते उपछाया बड़ी होती जाती है। अर्थात् उपछाया चंद्रमा की छाया का बाहरी भाग होता है। यह वह जगह है, जहां प्रकाश आंशिक रूप से ही अवरुद्ध होता है।

### पूर्ण व आंशिक चंद्र ग्रहण

देश के कई हिस्सों में इस चंद्र ग्रहण को चंद्र उदय के साथ आंशिक रूप से देखा गया। अपने उदय के समय ही चंद्रमा हल्की लालिमा लिए नजर आया। ध्यान रहे, मुख्य छाया (अम्ब्रा), ग्रहण की अंधेरी, घनी छाया होती है। चंद्रमा इसमें पूरी तरह घुस जाए तो पूर्ण ग्रहण लगता है और चंद्रमा लाल-कॉपर रंग का हो जाता है अर्थात् सूर्य की रोशनी पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ती है और चंद्रमा पर लाल-भूरा रंग डालती है, इसे रक्त चंद्रमा (ब्लडमून) कहते हैं। वहीं उपछाया (पेनअम्ब्रा), ग्रहण की बाहरी हल्की छाया होती है। चंद्रमा इसमें गुजरने पर सिर्फ थोड़ा धुंधला या मंद दिखता है, कोई बड़ा रंग परिवर्तन नहीं होता। जैसा की इस बार आंशिक चंद्र ग्रहण के समय दिखाई दिया।

पूर्ण चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब पूरा चंद्रमा पृथ्वी की प्रच्छाया से आवृत हो जाता है तथा आंशिक चंद्र ग्रहण तब घटित होता है, जब चंद्रमा का एक हिस्सा ही पृथ्वी की प्रच्छाया से ढक पाता है। अर्थात् जब पृथ्वी, चंद्रमा और सूर्य के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया पृथ्वी पर पड़ती है, तब पूर्ण चंद्रग्रहण होता है। इस दौरान चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दिया, जिसे ब्लडमून कहा जाता है। इस बार पूर्ण चंद्र ग्रहण की घटना घटित हुई, लेकिन यह भारत के






अधिकांश स्थानों पर चंद्रोदय के समय चंद्र ग्रहण का समापन दिखाई दिया सिवाय उत्तर-पूर्वी भारत और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ स्थानों के, जहां ग्रहण के पूर्ण चरण का अंत भी दिखाई दिया। देश की कई वैज्ञानिक संस्थाओं के आह्वान पर बच्चों और बुजुर्गों ने इस खगोलीय घटना को नंगी आंखों से देखने का आनंद लिया।

### क्या होती है ग्रहण ऋतु

जब सूर्य वर्ष में दो बार चंद्रमा की कक्षा के उन बिंदुओं के निकट पहुंचता है, जिन्हें राहु और केतु (नोड) कहा जाता है, तब लगभग 35-35 दिनों की दो विशेष अवधियां बनती हैं। इन्हीं अवधियों को ग्रहण ऋतु कहा जाता है। लगभग हर 173 दिन, यानी करीब छह महीने में, सूर्य एक नोड से दूसरे नोड के पास पहुंचता है और उसी समय यह ग्रहण ऋतु बनती है।




इस अवधि में ग्रहण होने की संभावना अधिक रहती है। सामान्यतः इस लगभग 35 दिनों की खिड़की में पहले अमावस्या के दिन सूर्यग्रहण हो सकता है। इसके लगभग 15 दिन बाद पूर्णिमा आती है, जब चंद्र ग्रहण की संभावना बनती है। फिर करीब 15 दिन बाद अगली अमावस्या पर एक और सूर्यग्रहण संभव हो सकता है। इसलिए एक ही ग्रहण ऋतु में अधिकतम तीन ग्रहण हो सकते हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में सामान्यतः छह ग्रहण तक हो सकते हैं, हालांकि विशेष खगोलीय परिस्थितियों में कभी-कभी सात ग्रहण भी संभव हो जाते हैं। वैज्ञानिक दृष्टि से ग्रहण तभी संभव होता है, जब सूर्य चंद्र कक्षा के नोड से लगभग 15 डिग्री के भीतर हो। सूर्य आकाश में प्रतिदिन लगभग 1 डिग्री आगे बढ़ता है, इसलिए नोड से 15 डिग्री पहले और 15 डिग्री बाद तक का क्षेत्र लगभग 30 डिग्री का होता है। इसी कारण यह अवधि लगभग 30 दिनों के आसपास बनती है। वास्तविक खगोलीय परिस्थितियों के कारण यह सीमा लगभग 31 से 37 दिनों तक भी हो सकती है। इसी औसत अवधि के कारण लगभग 35 दिनों की ग्रहण ऋतु मानी जाती है, जिसके दौरान सूर्य और चंद्रमा की स्थिति ऐसी बनती है कि पृथ्वी से सूर्यग्रहण और चंद्र ग्रहण देखने की संभावना रहती है।

## वैज्ञानिक फैक्ट

### ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जमता है गर्म पानी

यह बात सुनने में कुछ अटपटी लग सकती है कि कभी-कभी गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में जल्दी जम जाता है। सामान्य अनुभव तो यही बताता है कि ठंडा पानी पहले बर्फ बनेगा, लेकिन विज्ञान में एक ऐसी घटना दर्ज है, जो इस सामान्य धारणा को चुनौती देती है। इस अनोखी घटना को म्पेंबा प्रभाव कहा जाता है।

इस प्रभाव का नाम 1960 के दशक में तंजानिया के एक किशोर छात्र के नाम पर रखा गया, जिसने एक साधारण-सी घरेलू प्रक्रिया के दौरान एक असामान्य बात पर ध्यान दिया। उसने देखा कि जब घर पर आइसक्रीम बनाने के लिए गर्म मिश्रण को सीधे फ्रीजर में रखा गया, तो वह उस मिश्रण की तुलना में जल्दी जम गया, जिसे पहले ठंडा होने दिया गया था। यह



अवलोकन उसके लिए भी हैरानी भरा था। शुरुआत में कई लोगों ने इस दावे को संदेह की दृष्टि से देखा, लेकिन बाद में वैज्ञानिकों ने इस पर प्रयोग शुरू किए और पाया कि कुछ परिस्थितियों में ऐसा वास्तव में संभव है। इसके बाद से वैज्ञानिक इस रहस्य को समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर ऐसा क्यों होता है?

हाल के शोधों से यह संकेत मिला है कि इसका संबंध पानी की उस अवस्था से हो सकता है, जिसे ऊष्मागतिक संतुलन से बाहर होना कहा जाता है। साधारण शब्दों में कहें, तो जब कोई प्रणाली संतुलन में होती है, तब उसके गुण- जैसे तापमान या ऊर्जा स्थिर रहते हैं और उनमें बदलाव नहीं होता, लेकिन जब पानी गर्म अवस्था में होता है और तेजी से ठंडा होने लगता है, तो वह इस संतुलन से बाहर की स्थिति में होता है, जिससे उसके व्यवहार में कुछ असामान्य परिवर्तन देखे जा सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इस प्रभाव को समझाने के लिए कई अन्य संभावित कारण भी सुझाए हैं। एक विचार यह है कि गर्म पानी का कुछ भाग वाष्प बनकर उड़ जाता है, जिससे पानी की कुल मात्रा कम हो जाती है और वह जल्दी ठंडा हो सकता है। एक अन्य सिद्धांत यह बताता है कि ठंडा पानी जमते समय अपनी सतह पर बर्फ या पाले की पतली परत बना सकता है। यह परत नीचे के पानी को ढककर उसे इंसुलेट कर देती है और उसके जमने की प्रक्रिया को धीमा कर सकती है।

इस विषय पर कई अध्ययन किए जा चुके हैं, फिर भी म्पेंबा प्रभाव का सटीक कारण आज तक पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाया है। यही वजह है कि यह घटना विज्ञान के क्षेत्र में एक दिलचस्प रहस्य बनी हुई है।

## वाइल्ड लाइफ



### ऊंचे पैरों वाला अनोखा वन्यजीव

मैनड वुल्फ का स्वरूप अत्यंत विशिष्ट और आकर्षक है। इसके अतिरिक्त लंबे समय तक चलने वाले और लोमड़ी जैसे दांतों के चेहरे के कारण इसे अक्सर 'ऊंची टांगों वाली लोमड़ी' कहा जाता है। यह नाम केवल उनकी फर्म पर ही आधारित नहीं है, बल्कि इसकी चाल-चलन और रहन-सहन में भी एक अलग सी भव्यता झलकती है। इसकी आकृति लंबी, काली किरणों की पट्टियां इसकी पहचान का प्रमुख हिस्सा हैं। जब यह किसी को खतरा महसूस होता है, तो अपने मुखिया के बालों को खड़ा कर खुद को बड़ा और भोला बना लेता है।

मैनड वुल्फ के शरीर के अन्य हिस्से भी कैनिडे परिवार के अन्य सदस्यों से अलग हैं। इसके बड़े और चौकन्ने कान, लंबे व नुकीला थुथन, ऊंचे पैर और गाढ़े रंग की गर्दन इसे एक अनोखे रूप में पेश करते हैं। इस परिवार में भेड़िये, लोमड़ीयन, सियार, कोयोट और कुत्ते जैसे जीव शामिल हैं, लेकिन मैनड वुल्फ न तो किसी भेड़िये का निकट संबंधी है और न ही किसी फॉक्स का। मैनड वुल्फ का वैज्ञानिक नाम क्राइसोसियोन ब्रैच्यूरियस है। यह क्राइसोसियोन वंश का एकमात्र सदस्य है। यह रहस्यमयी जीव दक्षिण अमेरिका के घास के मैदानों, जंगलों और खुले जंगलों में पाया जाता है। ब्राजील, पार्वे, अर्जेंटीना और बोलीविया जैसे देशों के विस्तृत घास के मैदानों में इसकी उपस्थिति सामने आई है। यह अकेलापन वाला जीव है और दिन की एकांत शाम या रात के समय से अधिक सक्रिय रहता है।

एक वयस्क मैनड वुल्फ की ऊंचाई आमतौर पर लगभग तीन फीट तक होती है और इसका वजन लगभग 50 पाउंड तक होता है। इसके शरीर पर सुनहरा-लाल या लाल-भूरा होता है, जबकि ग्लास, सिरप का भीतरी भाग और पूंछ का सिरा सफेद रंग का होता है। दाढ़ी के बाल और पैर काले होते हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसके पिछले पैर, बाकी जनजातियों की तुलना में लंबी-लंबी बातें होती हैं, जो इसके लंबे और ऊंचे आकार को और लंबी चट्टानें हैं। इसके लंबे पैर घास के ऊंचे मैदानों में चलने और दूर तक देखने में भी सहायक माने जाते हैं।

## पंछियों को 'अंधा' भी बना देता है प्रेम





डॉ. कैलाश चंद सैनी
जयपुर

क्या प्यार वाकई अंधा होता है? वैज्ञानिकों ने पक्षियों की दुनिया का वह विरोधाभास उजागर किया है, जहां नर तीतरों का सौंदर्य ही उनकी दृष्टि की बाधा बन जाता है। प्रेम की उस महंगी कीमत की दास्तान, जहां आकर्षण ही जान का जोखिम बन जाता है। 'प्यार अंधा होता है' यह कहावत इंसानी रिश्तों पर तो सटीक बैठती ही है, लेकिन ताजा वैज्ञानिक शोध से पता चला है कि पक्षियों की दुनिया में यह केवल कहावत नहीं, बल्कि एक कठोर सच्चाई है। आमतौर पर नर पक्षी रंग-रूप, पंखों की बनावट और प्रणय-नृत्य आदि में मादाओं से कहीं अधिक आकर्षक होते हैं, लेकिन वैज्ञानिकों ने अब यह सवाल उठाया है कि क्या नर पक्षियों की यह सुंदरता हमेशा उनके लिए लाभप्रद सिद्ध होती है?

वैज्ञानिक शोधों के अनुसार, 'क्राइसोलोफस' वंश की दो पक्षी प्रजातियां- गोल्डन तीतर और लेडी ऐम्हर्स्ट तीतर इस तथ्य के सबसे रोचक उदाहरण के रूप में उभरे हैं। इन नर तीतरों के सिर पर राजाओं की तरह एक सुंदर कलगी और गर्दन के चारों ओर पंखों का खूबसूरत घेरा होता है, जो प्रजनन काल में मादा को रिझाते समय किसी जादुई पर्दे की तरह फैल जाता है। दिखने में बेहद भव्य लगने वाली यही सजावट उनकी आंखों की दृष्टि के लिए सबसे बड़ी बाधा बन जाती है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि इन नर तीतरों का दृश्य क्षेत्र यानी देखने का दायरा मादाओं की तुलना में काफी कम हो जाता है। उनके 'ब्लाइंड एरिया' (जहां आंखों से कुछ भी दिखाई नहीं देता), मादाओं की तुलना में लगभग 137 प्रतिशत अधिक पाया गया है। इतना ही नहीं, उनकी द्विनेत्री (बाइनोक्युलर) दृष्टि, जो दोनों आंखों से एक साथ देखने और दूरी का अनुमान लगाने में मदद करती है, वह भी औसतन 41 प्रतिशत तक कम हो जाती है।

यह स्थिति लगभग वैसी ही है, जैसे कोई व्यक्ति माथे तक झुकी हुई लंबी छज्जे वाली कैप पहनकर चारों ओर निगरानी रखने की कोशिश करे, उसे न तो ऊपर से आता खतरा साफ दिखेगा और न ही किनारों की हलचल। यह वैज्ञानिक खोज इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अब तक दुनियाभर की करीब 300 पक्षी प्रजातियों के अध्ययन में नर और मादा के देखने के दायरे में इतना बड़ा अंतर कभी दर्ज नहीं किया गया था। दिलचस्प तथ्य यह है कि इन्हीं के निकट संबंधी सिल्वर और ग्रीन तीतरों में ऐसा कोई अंतर नहीं पाया गया।



वैज्ञानिकों का मानना है कि प्यार के लिए चुकाई जाने वाली यह कीमत केवल दृष्टि तक सीमित नहीं रहती, बल्कि यह उनके जीवन के लिए भी खतरा पैदा करती है। दृष्टि में आई यह कमी नर तीतरों को शिकारियों के प्रति अधिक असुरक्षित बना देती है, विशेषकर उस समय जब वे नीचे झुककर दाना चुग रहे होते हैं और ऊपर से आने वाले खतरों को नहीं देख पाते, लेकिन संतोष की बात यह है कि यह अंधापन स्थायी नहीं होता।

प्रकृति ने उनके अस्तित्व को बचाने के लिए एक संतुलन भी बनाया है। साल के कुछ महीनों में जब इन पक्षियों के पंख झड़ जाते हैं और यह भारी-भरकम सजावट हट जाती है, तब उनकी दृष्टि फिर से पूरी तरह सामान्य हो जाती है। यह अध्ययन हमें याद दिलाता है कि प्रकृति में नियंत्रण और संतुलन का नियम कितना सूक्ष्म है, जो सौंदर्य जीवन के नए अध्याय यानी प्रेम को आमंत्रित करता है, वही कभी-कभी जीवन के अंत का कारण भी बन सकता है। इसीलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि इस प्राकृतिक संसार में पक्षी भी कभी-कभी प्यार में अंधे हो जाते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 80,015.90 | 24,765.90 |
| बढ़त | 899.71 | 285.40 |
| प्रतिशत में | 1.14 | 1.17 |

सोना 1,65,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,72,300 प्रति किलो

## बिजनेस ब्रीफ

### सेंट्रल बैंक के प्रस्ताव को प्रतिस्पर्धा आयोग की मंजूरी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के उसकी संयुक्त उपक्रम वाली बीमा और जीवन बीमा कंपनियों में हिस्सेदारी बढ़ाने के प्रस्ताव को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी मिल गयी है। आयोग ने गुरुवार को बताया कि सेंट्रल बैंक ने जेनराली सेंट्रल इंश्योरेंस कंपनी (जीसीआईसीएल) और जेनराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (जीसीएलआईसीएल) में क्रमश: 1.09 प्रतिशत और 0.82 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी के अधिग्रहण के प्रस्ताव को मंजूदी दी गयी है। दोनों कंपनियां सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और इटली के जेनराली समूह का संयुक्त उपक्रम हैं।

### राजमार्ग इंफ्रा के आईपीओ का मूल्य दायरा 99-100 रुपये

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) ने बृहस्पतिवार को अपने आगामी 6,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 99 से 100 रुपये प्रति यूनिट का मूल्य दायरा तय किया है। सार्वजनिक घोषणा के अनुसार इस इन्विट का पहला सार्वजनिक निर्गम 11 मार्च को खुलेगा और 13 मार्च को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 मार्च को लगेगी।

### इंडिगो जामनगर से नवी मुंबई के लिए शुरू करेगी सीधी उड़ान

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो गुजरात के जामनगर से महाराष्ट्र के नवी मुंबई के लिए सीधी उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइंस ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि यह दैनिक उड़ान 23 अप्रैल से शुरू होगी। इस मार्ग पर वह ए320 विमान का परिचालन करेगी। अहमदाबाद, बड़ौदा, सूरत, राजकोट और भावनगर के बाद जामनगर इंडिगो के नेटवर्क में शामिल होने वाला गुजरात का छठा शहर होगा। उसने बताया कि नयी उड़ान से व्यापार और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

### सीएम योगी ने किया कपिल देव के अस्पताल का उद्घाटन

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-10 में स्थित नवनिर्मित केडीजीएस सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का उद्घाटन किया। उद्घाटन के अवसर पर आयोजित विधिवत पूजा-पाठ और हवन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाग लिया। अधिकारियों के अनुसार, यह अस्पताल पूर्व भारतीय क्रिकेटर कपिल देव और उनकी कंपनी द्वारा बनवाया गया है। इस अवसर पर कपिल देव, उनकी पत्नी रोमा देव, गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, विधायक तेजपाल नागर, धीरेंद्र सिंह और विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) नरेंद्र भाटी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### ओमनीटेक का शेयर पहले दिन के कारोबार में 10 प्रतिशत टूटा

**नयी दिल्ली।** प्रिसिजन इंजीनियरिंग कलपुर्जे बनाने वाली कंपनी ओमनीटेक इंजीनियरिंग लिमिटेड का शेयर बृहस्पतिवार को 227 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी का शेयर 205 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ, जो निर्गम मूल्य से 9.69 प्रतिशत कम है और अंत में यह 9.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 205.15 रुपये पर बंद हुआ।

## खुशहाली की ओर...




जम्मू और कश्मीर अब विकास की राह पर लगातार अग्रसर है। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को जम्मू में चट्ठा स्थित शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालयमें एक स्टार्टअप आउटरीच प्रोग्राम के दौरान एक अवार्ड दिया। **फोटो : एजेंसी**

# करदाता अनुकूल व्यवस्था बनाए आयकर विभाग

## टीडीएस विसंगतियों संबंधी शिकायत के निपटारे के आदेश में सीईसी ने की यह टिप्पणी

नयी दिल्ली, एजेंसी

- टीडीएस सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार डीडीओ की तय हो जवाबदेही
- व्यक्तिगत करदाता को टारगेट करने से परेशान होते हैं ईमानदार करदाता


केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने इस बात पर चिंता जतायी है कि करदाताओं को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए अक्सर कई विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसको देखते हुए सीआईसी ने आयकर विभाग को ''करदाता-अनुकूल प्रणाली को संस्थागत रूप देने की'' की सलाह दी है। सूचना आयुक्त विनोद कुमार तिवारी ने कई आकलन वर्षों में आवेदक के खाते में जमा किए गए स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) में 'विसंगतियों' से संबंधित शिकायत का निपटारा करते हुए अपने आदेश में यह टिप्पणी की।

आयोग ने पाया कि ऐसे कई मामलों में, करदाताओं को विसंगतियों को दूर करने के लिए बार-बार विभाग के चक्कर लगाने पड़ते हैं। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि ऐसे मामलों में, करदाता को आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डीडीओ) द्वारा जारी किए गए प्रपत्र 16 और आयकर विभाग द्वारा रखे गए प्रपत्र 26एएस के बीच विसंगतियों के समाधान के लिए प्रायः दफ्तर के चक्कर लगाने पड़ते हैं, जबकि पहले कटौती करने वाले संबंधित अधिकारी /डीडीओ पर जिम्मेदारी तय नहीं की जाती, जो वैधानिक रूप से टीडीएस को सही ढंग से जमा करने और रिपोर्ट करने के लिए जिम्मेदार हैं।

सीआईसी ने कहा कि अधिकारी कभी-कभी कर कटौती की रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार कटौती प्राधिकारी के बजाय व्यक्तिगत करदाता पर ध्यान देने का 'सबसे आसान रास्ता' अपनाते हैं। आदेश में कहा गया कि यह बेहद खराब चलन है क्योंकि इससे एक ईमानदार करदाता परेशान होता है, जबकि गलत काम करने वाला डीडीओ पूरी तरह से बच जाता है। आयोग ने व्यवस्था में सुधार की सलाह देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में करदाता-अनुकूल व्यवस्था को संस्थागत रूप देना" उचित होगा ताकि विसंगतियों को अधिक जवाबदेह और पारदर्शी तरीके से दूर किया जा सके।सीआईसी ने कहा कि संबंधित कर अधिकारी से पहले विसंगति का स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए और यह पुष्टि करने के लिए कहा जाना चाहिए कि कर की विधिवत कटौती, जमा और रिपोर्टिंग की गई है या नहीं। आयोग ने कहा कि ऐसी जांच के बाद ही, यदि गलती करदाता की है, तो करदाता और कर कटौतीकर्ता दोनों को एक साथ सुना जाना चाहिए ताकि मामले को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हल किया जा सके। आयोग को इस मामले में केंद्रीय लोक सूचना अधिकारी द्वारा किसी भी प्रकार की दुर्भावना या जानबूझकर सूचना छिपाने का कोई संकेत नहीं मिला और उसने शिकायत को खारिज कर दिया।

# भारत-फिनलैंड में कौशल विकास और कार्यबल आवाजाही में सहयोग पर चर्चा

नयी दिल्ली, एजेंसी



नई दिल्ली में डेलीगेशन लेवल की बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, विदेश मंत्री एस जयशंकर और फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब। **फोटो : एजेंसी**

भारत और फिनलैंड ने बृहस्पतिवार को कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षित कार्यबल की आवाजाही के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। केंद्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी और फिनलैंड के रोजगार मंत्री मैतियास मार्टिनेन के बीच यह बातचीत फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब की भारत यात्रा के दौरान हुई है।

स्टब चार-दिवसीय दौरे पर भारत आए हुए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य व्यापार, निवेश और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय ने बयान में कहा-दोनों मंत्रियों ने प्रशिक्षण संस्थानों, उद्योग और शिक्षा प्रणालियों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत किया जा सके और प्रशिक्षित युवाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय रोजगार के अवसर तैयार किए जा सकें।

इस दौरान चौधरी ने कहा कि भारत की युवा आबादी और फिनलैंड की प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण में विशेषज्ञता, कौशल क्षेत्र में स्वाभाविक साझेदारी का आधार बनाती है।

मार्टिनेन ने कहा कि फिनलैंड विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत भारतीय पेशेवरों के योगदान की सराहना करता है और कौशल विकास के क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग को आगे बढ़ाना चाहता है।

मंत्रालय ने बयान में कहा कि बैठक में स्वास्थ्य सेवा, निर्माण, हरित प्रौद्योगिकी और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में संभावित सहयोग पर भी चर्चा हुई। इसके साथ प्रशिक्षकों की क्षमता के निर्माण, भाषा प्रशिक्षण और व्यावसायिक प्रशिक्षण को अकादमिक शिक्षा से जोड़ने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए संस्थागत साझेदारी और निरंतर संवाद जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

## रुपया 41 पैसे उछलकर 91.64 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई, एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार अपने सर्वकालिक निचले स्तर से उबरकर 41 पैसे चढ़कर 91.64 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संदिग्ध हस्तक्षेप की खबरों के कारण भारतीय मुद्रा में यह उछाल आया।

विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण पैदा हुई अनिश्चितताओं और अत्यधिक उतार-चढ़ाव से स्थानीय मुद्रा को बचाने के लिए रिजर्व बैंक ने हस्तक्षेप किया।

हालांकि, डॉलर की मजबूती, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी निकासी ने रुपये पर दबाव बनाए रखा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.16 पर खुला और कारोबार के दौरान 91.30 के उच्चस्तर तक पहुंचा। कारोबार के अंत में यह 91.64 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 41 पैसे की बढ़त है।

# सुप्रीम कोर्ट के 'ट्रंप टैरिफ' को रद्द करने पर कंपनियां रिफंड की हकदार

वाशिंगटन, एजेंसी



- अमेरिकी अदालत ने कहा- एकतरफा शुल्क निर्धारित नहीं कर सकते राष्ट्रपति

न्यूयॉर्क के एक संघीय न्यायाधीश ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि जिन कंपनियों ने पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए आयात शुल्क का भुगतान किया है, वे अब रिफंड (धन वापसी) की हकदार हैं। इसे ट्रंप प्रशासन के लिए एक बड़ी हार के रूप में देखा जा रहा है।

अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय के न्यायाधीश रिचर्ड ईटन ने लिखा कि रिकॉर्ड पर मौजूद सभी आयातक सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का लाभ उठाने के हकदार हैं, जिसके तहत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा पिछले साल अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून (आईईईपीए) के तहत लगाए गए भारी आयात करों को रद्द कर दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि आपातकालीन शक्तियों वाले कानून के तहत वे शुल्क असंवैधानिक थे। अदालत ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रपति एकतरफा रूप से शुल्क निर्धारित और परिवर्तित नहीं कर सकते, क्योंकि कराधान की शक्ति स्पष्ट रूप से कांग्रेस (अमेरिकी संसद) के पास है।

न्यायाधीश ईटन ने अपने फैसले में लिखा कि वह सिर्फ आईईईपीए शुल्क के रिफंड से संबंधित मामलों की सुनवाई करेंगे। यह फैसला रिफंड प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता प्रदान करता है, जिसका सुप्रीम कोर्ट ने अपने 20 फरवरी के फैसले में उल्लेख नहीं किया था।

# हनोई-दिल्ली और मुंबई-टोक्यो के लिए सीधी उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया

मुंबई, एजेंसी

टाटा समूह की एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एशिया में अपने नेटवर्क विस्तार के तहत हनोई-दिल्ली और तोक्यो (हानेडा)-मुंबई मार्गों पर सीधी उड़ान सेवा शुरू करने की घोषणा की है। ये सेवाएं इसी साल जून तिमाही से शुरू होंगी। वर्तमान में एयर इंडिया राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से वियतनाम के हो ची मिन्ह सिटी और जापान के तोक्यो के लिए उड़ानें संचालित कर रही है।

नई योजनाओं के अनुसार, एक मई से हनोई के लिए सप्ताह में पांच दिन उड़ानें शुरू होंगी। इन उड़ानों के लिए ''ए320 नियो'' विमान का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बिजनेस, प्रीमियम इकॉनमी और इकॉनमी श्रेणी की सुविधा होगी।

एयर इंडिया के अनुसार, इस नए मार्ग के खुलने से वियतनाम के लिए हर महीने 7,028 सीटें जुड़ेंगी। वियतनाम वर्तमान में दक्षिण-पूर्व एशिया का तीसरा सबसे पसंदीदा पर्यटन स्थल बन गया है, जहां 2025 में दो करोड़ से अधिक पर्यटक पहुंचे थे। जापान के लिए विस्तार करते हुए एयर इंडिया जून से मुंबई और तोक्यो (हानेडा) के बीच सप्ताह में चार बार सीधी उड़ानें संचालित करेगी। इसके लिए बोइंग 787-8 विमान का उपयोग किया जाएगा। जापान नेशनल टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के आंकड़ों के मुताबिक, 2025 में 3.15 लाख से अधिक भारतीयों ने जापान की यात्रा की, जो 2024 के मुकाबले 35 प्रतिशत की वृद्धि है। एयर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी (सीसीओ) निपुण अग्रवाल ने कहा, 'जापान और वियतनाम भारतीय यात्रियों के लिए तेजी से बढ़ते गंतव्य के रूप में उभरे हैं।

## बुनियादी ढांचा बॉन्ड के जरिये बीओबी ने जुटाए 10हजार करोड़

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) ने दीर्घकालिक हरित बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी कर 10,000 करोड़ रुपये जुटाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इसके साथ बीओबी घरेलू स्तर पर इस तरह का बॉन्ड जारी करने वाला देश का पहला बैंक बन गया है। बीओबी ने बयान में कहा कि इस बॉन्ड को निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली और कुल 16,415 करोड़ रुपये की बोलियां प्राप्त हुईं। यह 5,000 करोड़ रुपये के बॉन्ड के आकार से तीन गुना से अधिक है।

बैंक ने बताया कि सात वर्षीय बॉन्ड को एनएसई के इलेक्ट्रॉनिक ऋण बोली मंच पर 5,000 करोड़ रुपये के आधार बॉन्ड और 5,000 करोड़ रुपये के ग्रीन शू यानी अधिक बोली आने पर उसे रखने के विकल्प के साथ पेश किया था। बीओबी ने कहा कि मौजूदा बाजार अस्थिरता के बावजूद, बैंक ने 7.10 प्रतिशत ब्याज के साथ यह बोली हासिल की है।

# शेयर बाजारों में लौटी तेजी, प्रमुख सूचकांक एक फीसदी से ज्यादा चढ़े

**मुंबई, एजेंसी।**

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को तेजी लौट आयी और प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 899.71 अंक (1.14 प्रतिशत) उछलकर 80,015.90 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 285.40 अंक यानी 1.17 फीसदी चढ़कर 24,765.90 अंक पर पहुंच गया।

इससे पहले, पिछले तीन कारोबारी दिवसों में बाजार में बड़ी गिरावट रही थी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में धन प्रबंधन के अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने बताया कि प्रमुख व्यापारिक मार्ग हर्मुज दर्रे से गुजरने वाले वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षा और बीमा की अमेरिका की गारंटी से बाजार में निवेश धारणा मजबूत हुई है। अमेरिका ने कहा है कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को निर्बाध रखने के लिए ईरान के साथ जारी संघर्ष के बीच हर्मुज दर्रे से होकर गुजरने वाले तेल के टैंकरों को उसकी सेना एस्कॉर्ट भी




कर सकती है। साथ ही इन खबरों से भी बाजार को समर्थन मिला कि ईरान युद्ध समाप्त करने के विकल्प तलाश रहा है।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.50 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.58 प्रतिशत चढ़ गया। आईटी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में तेजी रही। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, तेल एवं गैस, ऑटो, धातु, मीडिया, फार्मा, बैंकिंग, रियलटी, एफएमसीजी और रसायन सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। एनएसई में कुल 3,335 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,210 के शेयर ऊपर और 1,038 के गिरावट में बंद हुए।

अन्य 87 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में अडानी पोर्ट्स का शेयर 4.51 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एलएंडटी का शेयर 3.88 प्रतिशत, एनटीपीसी का 3.36, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 3.29, बीईएल का 2.98, पावरग्रिड का 2.66, महिंद्रा एंड महिंद्रा का 2.56, इंडिगो का 2.55 और टाटा स्टील का 2.01 प्रतिशत चढ़ा। सनफार्मा में 1.92 फीसदी, मारुति सुजुकी में 1.86, बजाज फाइनेंस में 1.83, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.62, टाइटन में 1.57, बजाज फिनसर्व में 1.24, एचडीएफसी बैंक में 1.11, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.08 और ट्रेंट में 0.91 प्रतिशत की तेजी रही।

## ईरान संघर्ष लंबा खिंचा तो कंपनियों पर असर पड़ेगा : रिपोर्ट

**मुंबई, एजेंसी।** कोटक इंस्टिट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार अगर मौजूदा ईरान संघर्ष कुछ सप्ताह से अधिक समय तक बना रहता है, तो भारत में कॉरपोरेट जगत की कमाई प्रभावित हो सकती है। तेल और गैस की ऊंची कीमतें अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव डाल सकती हैं।

बृहस्पतिवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने पहले ही निवेशकों की धारणा को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। खासतौर से विदेशी निवेशक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापक आर्थिक स्थिरता से जुड़े जोखिमों को लेकर संवेदनशील बने हुए हैं।

रिपोर्ट में आगे कहा गया- सप्ताहांत में ईरान संघर्ष शुरू होने के साथ, विदेशी निवेशकों का रुख फिर से सतर्क हो गया है क्योंकि भारत तेल और गैस आपूर्ति में व्यवधान के प्रति संवेदनशील है और यहां चालू खाते का घाटा (कैड) अनुमान से अधिक होने का जोखिम है।

# सेबी ने 'कस्टोडियन' को दिशा-निर्देश जारी किए

नयी दिल्ली, एजेंसी

बाजार नियामक सेबी ने गैर-बैंक कस्टोडियन (संरक्षक) के लिए विनियमित और गैर-विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग रणनीतिक व्यापार इकाइयों (एसबीयू) के माध्यम से संचालित करने को दिशानिर्देश जारी किए हैं। इनमें इन इकाइयों के लिए अलग खाते बनाए रखने और इन व्यवसायों के लिए स्वतंत्र रूप से नेटवर्थ संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के निर्देश भी शामिल हैं।

नियामक ने अपने परिपत्र में कहा कि कस्टोडियन एंड डीडीपी स्टैंडडर्स सेटिंग फोरम (सीडीएसएसएफ), सेबी के परामर्श से उन वित्तीय सेवा गतिविधियों की सूची तय करेगा, जो संरक्षक कर सकते हैं। सेबी ने कहा कि ऐसे कस्टोडियन जो बैंक नहीं हैं, या बैंकों की अनुषंगी कंपनियां, सहयोगी या संयुक्त उद्यम नहीं हैं, उन्हें सेबी विनियमित और गैर-सेबी विनियमित वित्तीय सेवाओं को अलग-अलग एसबीयू के माध्यम से संचालित करना होगा।

सेबी ने बुधवार को जारी अपने परिपत्र में कहा-एसबीयू के लिए समान दूरी के आधार पर अलग खाते तैयार और बनाए रखे जाएंगे, कस्टोडियन के लिए नेटवर्थ के मानदंड एसबीयू के बही-खातों को छोड़कर पूरे किए जाने चाहिए।

# पोत परिवहन कंपनियों की अधिक अधिभार की मांग, निर्यातकों ने जतायी चिंता

नयी दिल्ली, एजेंसी

निर्यातकों ने कहा है कि जल्दी खराब होने वाली वस्तुएं ले जा रही पोत परिवहन कंपनियां 40 फुट के कंटेनर पर 4,000 डॉलर तक का आकस्मिक अधिभार मांग रही हैं। वे उन उत्पादों की खेप भी छोड़ने से इनकार कर रही हैं जो अमेरिका-इजराइल के ईरान पर हमले से पहले बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। इस मांग से भारतीय निर्यातकों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें यह अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ रही है।

निर्यातकों के शीर्ष निकाय फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले जहाज पश्चिम एशिया क्षेत्र के बंदरगाहों पर पहुंच गए थे। लेकिन वे माल की डिलिवरी नहीं कर रहे हैं और भारी अधिभार की मांग कर रहे हैं। हमने वाणिज्य मंत्रालय के समक्ष यह मुद्दा उठाया है। सरकार ने भारत के निर्यात, विशेष रूप से आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान पर चल रहे वैश्विक घटनाक्रमों के प्रभाव का आकलन करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयीय समूह का गठन किया है।

ये शुल्क 28 फरवरी से ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण लगाए गए हैं। सहाय ने कहा कि ये शुल्क उन उत्पादों पर भी लगाए जा सकते हैं जिन्हें अभी भारत से जहाजों पर लादा जाना बाकी है। उन्होंने कहा, लेकिन उन्होंने सभी सामान पर शुल्क लगा दिया है। इससे बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। माल की डिलिवरी नहीं हुई है। अब सवाल यह है कि इस लागत को कौन वहन करेगा?घरेलू निर्यातकों की मुश्किलें और बढ़ गई हैं क्योंकि पोत परिवहन कंपनियों ने पश्चिम एशियाई देशों के लिए माल लेना बंद कर दिया है।

मुंबई स्थित निर्यातक और टेक्नोक्राफ्ट इंडस्ट्रीज इंडिया के संस्थापक चेयरमैन शरद कुमार सर्राफ ने कहा कि समुद्री माल ढुलाई भाड़ा लगभग 50 प्रतिशत बढ़ गया है। धीरे-धीरे हमें कंटेनर की कमी का भी सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जहाज बीच समुद्र में ही फंस रहे हैं। उन्होंने कहा कि पोत परिवहन से संबंधित समस्याएं बढ़ रही हैं।

### चावल निर्यातकों ने तुरंत मांगी राहत

**नयी दिल्ली।** चावल निर्यातकों ने बृहस्पतिवार को ईरान पर अमेरिका-इजराइल के हमले के बाद ईरान संकट से निपटने के लिए सरकार से तुरंत राहत के उपाय की मांग की है। जिसमें बंदरगाह से जुड़े प्रभार में छूट तथा भुगतान समायोजन की मांग भी शामिल है। उन्होंने बंदरगाह से जुड़े प्रभार (स्टोरेज/डेमरेज और दूसरे शुल्क) में छूट मांगी है, जहां जहाज रद्द होने की वजह से कार्गो वापस हो जाता है। ऐसे में पारगमन में कार्गो को वापस करने, राह बदलने करने की सुविधा के साथ दस्तावेजीकरण और भुगतान समायोजन के लिए सीमा शुल्क और रिजर्व बैंक की मदद की मांग की गई है। उन्होंने सरकार से एक परामर्श जारी करने का आग्रह किया है जिसमें इस रुकावट को एक अपरिहार्य स्थिति की घटना के रूप में मान्यता दी जाए ताकि गलत तरीके से जुर्माने को रोका जा सके और कोविड-काल की राहत की तरह ही अस्थायी कार्यशील पूंजी सीमा और ऋण विस्तार के ज़रिये तात्कालिक बैंकिंग मदद दी जाए।

### खाड़ी के बाजारों में भारतीय चाय निर्यात पर खतरा

**कोलकाता, एजेंसी।** अगर पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ता है और होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिये निर्यात खेपों पर असर पड़ता है, तो भारतीय चाय निर्यात में बड़ी रुकावट आ सकती है। भारतीय चाय संघ ने यह जानकारी दी है। संघ ने कहा कि फारस की खाड़ी क्षेत्र के मुख्य बाजार, जिनमें इराक, ईरान, कुवैत, सऊदी अरब, बहरीन, कतर और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं, में भारत की चाय खेप का एक बड़ा हिस्सा इस रणनीतिक रास्ते से होकर गुजरता है। ईरान ने कहा कि वह चीन के मालवाहक जहाज को छोड़कर इस रास्ते से अन्य जहाजों को गुजरने की अनुमति नहीं देगा। संघ ने कहा कि वर्ष 2025 में, भारत ने लगभग 28 करोड़ किग्रा चाय का निर्यात किया, जिसमें से लगभग 41 प्रतिशत, यानी 11.5 करोड़ किग्रा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान और इराक को इकट्ठा मिलाकर भेजी गई।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### बांग्लादेश: खालिदा जिया को दिया जाएगा देश का सर्वोच्च सम्मान

**ढाका।** बांग्लादेश सरकार ने देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'स्वाधीनता पदक 2026' के प्राप्तकर्ताओं की घोषणा कर दी है, जिनमें देश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान की दिवंगत मां बेगम खालिदा जिया का नाम भी शामिल है। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया को स्वतंत्रता, लोकतंत्र और महिलाओं की शिक्षा में उनके योगदान के लिए मरणोपरांत इस सम्मान के लिए चुना गया है। उनके साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए 15 विशिष्ट व्यक्तियों और पांच संस्थानों को भी सम्मानित किया जाएगा। जारी अधिसूचना में स्वतंत्रता संग्राम, साहित्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, संस्कृति, खेल, ग्रामीण विकास, सामाजिक सेवा, लोक प्रशासन, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में योगदान को मान्यता दी गई है।

### एनएचआरसी ने दो सफाई कर्मियों की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उस मीडिया रिपोर्ट का स्वत: संज्ञान लिया है जिसमें कहा गया है कि दो मार्च को मध्य प्रदेश के इंदौर में एक सीवर कक्ष में दो सफाई कर्मचारियों की मौत हो गई। आयोग के मुताबिक समाचार रिपोर्ट में उल्लिखित तथ्य यदि सत्य हैं तो पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन हैं। आयोग ने इंदौर नगर निगम और पुलिस आयुक्त को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट में जांच की स्थिति और पीड़ितों के परिजनों को दिए गए मुआवजे का विवरण मांगा गया है। जल निकासी प्रक्रिया के दौरान सीवर में गिरे एक सक्शन टैंकर पाइप के हिस्से को निकालने के लिए पीड़ित सीवर कक्ष में घुसे थे, तभी जहरीली गैसों के कारण वे बेहोश हो गए। बाद में उनकी मौत हो गई।

### पाकिस्तान से 200 अफगान कैदी रिहा होकर स्वदेश पहुंचे

**काबुल।** पाकिस्तान के हिरासत केंद्रों में बंद 200 अफगान कैदियों के समूह को पिछले सप्ताह रिहा कर दिए जाने के बाद स्वदेश वापस लाया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने गुरुवार को कहा यह जानकारी दी। मंत्रालय के अनुसार विभिन्न आरोपों में एक दिन से लेकर दो महीने तक पाकिस्तान के कई जेलों में बंद कैदी दक्षिणी कंधार प्रांत के स्पिन बोल्डक सीमा के माध्यम से अफगानिस्तान पहुंचे। इन लोगों को उनके गृह क्षेत्रों में भेजने से पहले उनकी बुनियादी जरूरतों के लिए त्वरित सहायता प्रदान की गई।

## अमेरिका के मोंटाना राज्य में गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण

न्यूयॉर्क/सिएटल, एजेंसी

अमेरिका के मोंटाना राज्य में पहली बार महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस मौके पर मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने कहा कि महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में बहुत आवश्यक हैं।

मोंटाना के गवर्नर ग्रेग जियानफोर्ट ने सिएटल में भारत के महावाणिज्यदूत प्रकाश गुप्ता के साथ प्रतिमा का अनावरण किया जो भारत सरकार की ओर से मोंटाना राज्य को उपहार स्वरूप दी गई है। सिएटल स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास के अनुसार, मंगलवार को मिसौला में मोंटाना विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित माइक मैन्सफील्ड सेंटर में यह आवक्ष




● गवर्नर ने कहा- गांधी के आदर्श वर्तमान विश्व व्यवस्था में जरूरी

प्रतिमा स्थापित की गई है। इस दौरान मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए जियानफोर्ट ने आवक्ष प्रतिमा को भेंट करने के लिए वाणिज्य दूतावास का आभार जताया। भारत और मोंटाना के बीच मजबूत होते संबंधों को स्वीकार करते हुए जियानफोर्ट ने महात्मा गांधी के अहिंसा के आदर्शों की प्रशंसा की और उन्हें आज की विश्व व्यवस्था में अत्यंत आवश्यक मूल्य बताया।

## कच्चा तेल आपूर्ति की बड़ी चुनौती

होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत गंभीर संकट है। ईरान की ओर से दुनिया के इस सबसे महत्वपूर्ण तेल गलियारे को बंद करने के एलान से पूरी दुनिया में भारी उथल-पुथल मची हुई है। होर्मुज के बंद होने का सबसे ज्यादा विनाशकारी असर सऊदी अरब, यूएई, कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान समेत कई खाड़ी देशों पर पड़ने की आशंका है क्योंकि तेल और गैस के बड़े निर्यातक इन देशों की अर्थव्यवस्था और दैनिक जीवन पूरी तरह इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है। ऐसे में काफी साफ है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करके इस लड़ाई में एक निर्णायक बढ़त हासिल की है। अगर यह मार्ग लंबे समय तक बंद रहता है तो तमाम देश अमेरिका और इजराइल पर जल्द युद्ध समाप्त करने का दबाव बना सकते हैं।

## होर्मुज : दुनिया की दुखती रग



### क्या पड़ेगा दुनिया पर असर

- दुनिया के कच्चे तेल का 20% और वैश्विक तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का 20% से अधिक इसी मार्ग से गुजरता है।
- आशंका जताई जा रही है कि यह मार्ग बंद होने से तेल की कीमतें 100 डॉलर से 120 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकती हैं।
- कतर जैसे बड़े निर्यातकों से होने वाली एलएनजी सप्लाई रुकने से बिजली-गैस की कीमतों पर सीधे असर की संभावना है।

### भारत की स्थिति

- भारत अपनी तेल आपूर्ति का लगभग 40 प्रतिशत इसी मार्ग से पूरा करता है।
- तेल सप्लाई रुकने से पेट्रोल और डीजल के दाम भारत में तेजी से बढ़ सकते हैं।
- रूस जैसे वैकल्पिक स्रोतों पर भारत को अपनी निर्भरता बढ़ानी पड़ सकती है।
- टैंकरों को लंबे रास्तों से जाना पड़ेगा, जिससे लागत कई गुना बढ़ेगी।

### सैकड़ों जहाज फंसे

- अनुमान है कि फारस की खाड़ी के अंदर लगभग 800 से 3,200 जहाज फंसे हुए हैं, जिनमें कंटेनर जहाज, तेल टैंकर और मालवाहक जहाज शामिल हैं।
- अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के अनुसार लगभग 20,000 नाविक इन जहाजों पर फंसे हुए हैं। यात्री जहाजों पर लगभग 15,000 लोग भी प्रभावित हैं।

पिछले हफ्ते में इस मार्ग से गुजरने वाले टैंकरों में 90% कमी आई है। पहचान छुपाने के लिए कई जहाज ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम बंद करके इस मार्ग को पार करने की कोशिश कर रहे हैं।

### अगर कुछ महीने मार्ग बंद रहा तो...

- कच्चे तेल की कीमतें 130 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं, 300 डॉलर का स्तर भी छूने की आशंका है।
- कतर से सप्लाई रुकने से यूरोप में प्राकृतिक गैस कीमतें तीन गुना होकर 100 डॉलर मेगावाट घंटे तक जा सकती हैं।
- परिवहन और उत्पादन लागत बढ़ेगी। इससे वैश्विक मुद्रास्फीति में 0.6% से 0.8% की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है।
- कई देशों के केंद्रीय बैंकों को ब्याज दरें बढ़ानी पड़ेंगी, इस कारण से वैश्विक जीडीपी विकास दर धीमी हो जाएगी।

- सबसे सीधा और विनाशकारी असर खाड़ी देशों पर पड़ेगा जो तेल और गैस के बड़े निर्यातक हैं।
- इन देशों की अर्थव्यवस्था के साथ दैनिक जीवन भी पूरी तरह से इसी समुद्री मार्ग पर निर्भर है।

### खाड़ी देशों की जीवन रेखा

- कुवैत, कतर और बहरीन जैसे देशों का करीब 100% तेल और गैस निर्यात इसी मार्ग से होता है।
- मार्ग बंद होने से इन देशों की सरकारी आय ठप हो जाएगी, जिससे खर्चों पर संकट आ सकता है।
- खाड़ी देशों की लगभग 70% खाद्य सामग्री होर्मुज के रास्ते आती है। बड़ा खाद्य संकट पैदा होगा।

## नेपाल चुनाव : नवगठित आरएसपी ने परंपरागत दलों को दी कड़ी टक्कर

### तख्तापलट के बाद हुए आम चुनाव में शाम पांच बजे तक करीब 60% मतदान, मतगणना शुरू

● पड़ोसी देश में चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा भारत

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल में छह महीने पहले हुए जेन जी विरोध प्रदर्शन के बाद पहले आम चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शाम पांच बजे तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ। मतगणना पूर्व रुझानों के आधार पर दावा किया जा रहा है कि पूर्व रैपर एवं काठमांडू से महापौर रहे बालेंद्र शाह के नेतृत्व में नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने देश के दोनों परंपरागत राजनीतिक दल नेपाली कांग्रेस पार्टी और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी को कड़ी टक्कर दी है। भारत इस चुनाव पर बारीकी से नजर रख रहा है और राजनीतिक रूप से अस्थिर हिमालयी देश में स्थिर सरकार बनने की उम्मीद कर रहा है ताकि दोनों पक्षों के बीच विकासात्मक साझेदारी को आगे बढ़ाया जा सके।

जेन जी के हिंसक विरोध प्रदर्शन के बाद नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिर गई थी। इसके बाद बृहस्पतिवार को देश में आम चुनाव कराए गए। चुनाव प्रचार के दौरान ही 2022 में गठित आरएसपी को काफी समर्थन मिला, इस कारण शाह को प्रधानमंत्री पद का प्रबल दावेदार भी माना जा रहा है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) उस सरकार का हिस्सा थीं जिसे पिछले साल जेन जी ने गिरा दिया था। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष गगन थापा अपनी पार्टी के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार हैं, जबकि सीपीएन (यूएमएल) ने ओली को प्रधानमंत्री पद के लिए अपना चेहरा बनाया है। निर्वाचन आयोग के अनुसार नेपाल में मतदान शांतिपूर्ण और व्यवस्थित माहौल में हुआ। निर्वाचन आयुक्त सगुन शमशेर राणा के मुताबिक देश भर में कुछ स्थानों पर मामूली घटनाएं हुई हैं। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की कि कुछ स्थानों पर मामूली मतभेदों के अलावा कोई गंभीर समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। शाम पांच बजे मतदान खत्म होने के बाद मतगणना शुरू हो गई।



नेपाल में बृहस्पतिवार को वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों पर लगीं कतारें।

### 1.89 करोड़ मतदाता, पुरुषों से ज्यादा महिलाएं

नेपाल में प्रत्यक्ष और समानुपातिक दोनों विधियों से सांसदों का चुनाव हुआ। 165 सीटों के लिए प्रत्यक्ष मतदान प्रक्रिया का पालन हुआ, जबकि 110 सीटों के लिए समानुपातिक विधि अपनाई गयी। प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली में 65 राजनीतिक दल 61 चुनाव चिह्नों पर चुनाव लड़ रहे हैं तथा इसके तहत 3,406 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 3,017 पुरुष और 388 महिलाएं हैं, जबकि एक अन्य श्रेणी का उम्मीदवार शामिल हैं। आनुपातिक चुनाव प्रणाली में 3,135 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 1,363 पुरुष और 1,772 महिलाएं शामिल हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। चुनाव में 1.86 लाख अनंतिम मतदाता भी हैं। इस चुनाव में 1.89 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 90 लाख से ज्यादा पुरुष और 92 लाख से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं।



### कार्की, थापा, बालेंद्र शाह ने किया मतदान

कार्यवाहक प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने बृहस्पतिवार सुबह काठमांडू के बाहरी इलाके धापासी में काठमांडू-5 निर्वाचन क्षेत्र में वोट डाला। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष एवं प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी उम्मीदवार गगन थापा ने सुबह मैतिदेवी स्थित काठमांडू-4 निर्वाचन क्षेत्र से वोट डाला। आरएसपी के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने काठमांडू के बाहरी इलाके चुचेपाटी और बालेंद्र शाह 'बालेन' ने काठमांडू के गैरेगांव से अपना वोट डाला। वह झापा-5 से चुनाव लड़ रहे हैं।

## चीन ने रक्षा बजट 10% बढ़ाकर 275 अरब डॉलर किया

**बीजिंग।** चीन ने अपने रक्षा बजट में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करते हुए बृहस्पतिवार को इसे 275 अरब अमेरिकी डॉलर कर दिया। यह पिछले वर्ष की तुलना में करीब 25 अरब डॉलर अधिक है और इसका उद्देश्य सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण को तेज कर अमेरिकी सेना के बराबर तक पहुंचना है।

चीन के प्रधानमंत्री ली क्विंग ने गुरुवार को नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में पेश अपनी कार्य रिपोर्ट में घोषणा की कि राष्ट्रीय रक्षा के लिए लगभग 1.9 ट्रिलियन युआन (275 अरब डॉलर) आवंटित किए जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि जीडीपी में हिस्सेदारी, प्रति व्यक्ति रक्षा व्यय और प्रति सैनिक रक्षा खर्च जैसे प्रमुख मानकों के लिहाज से चीन का रक्षा खर्च तुलनात्मक रूप से अभी भी सीमित है।

● अमेरिकी सेना की बराबरी का लक्ष्य, भारत पर बढ़ा दबाव

पिछले वर्ष चीन ने 2025 के लिए रक्षा बजट में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 249 अरब डॉलर करने की घोषणा की थी, जो 2024 की तुलना में 17 अरब डॉलर अधिक था। अमेरिका के बाद दूसरे सबसे बड़े रक्षा बजट वाले चीन का सैन्य खर्च कुछ वर्षों से बढ़ रहा है। इससे भारत और अन्य पड़ोसी देशों पर आर्थिक चुनौतियों के बावजूद रक्षा बजट बढ़ाने का दबाव बढ़ रहा है।

## आपसी सहयोग को पुख्ता करेंगे भारत और फिनलैंड

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और फिनलैंड ने प्रौद्योगिकी से लेकर रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और प्रगाढ़ बनाने के लिए अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का निर्णय लिया है। दोनों देशों ने कहा है कि केवल सैन्य टकरावों से विवादों का समाधान संभव नहीं है। उन्होंने यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक सभी सैन्य टकरावों को जल्द रोकने पर भी जोर दिया है।

दोनों देशों ने कानून के शासन में विश्वास व्यक्त करते हुए वैश्विक संस्थाओं में सुधारों की वकालत की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ गुरुवार को यहां विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही।दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किए। मोदी ने कहा, हम भारत-फिनलैंड संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। यह साझेदारी एआई से लेकर 6 जी दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा से लेकर क्वांटम कंप्यूटिंग, कई हाईटेक क्षेत्रों में हमारे सहयोग को गति और ऊर्जा देगी।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत और फिनलैंड दोनों कानून के शासन, कूटनीति और संवाद में विश्वास रखते हैं। हम एकमत हैं कि केवल सैन्य टकराव से किसी भी मुद्दे का समाधान नहीं निकल सकता है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन हो या पश्चिमी एशिया, हम संघर्ष की शीघ्र समाप्ति और शांति के हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत में ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता हुआ। यह समझौता भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार निवेश और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को और प्रबल करेगा। फिनलैंड के राष्ट्रपति शाम को यहां प्रतिष्ठित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगे और मुख्य भाषण देंगे।



फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ मोदी।

- मोदी ने भारत यात्रा पर आए फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब से की मुलाकात
- दोनों देशों ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा देने का लिया निर्णय

## डीआर कांगो में खदान ढहने से 200 से ज्यादा लोग मरे

**किंशासा।** कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) में मंगलवार को एक खदान के ढहने से 200 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी के खनन मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, यह घटना नॉर्थ किवु प्रांत में रुबाया खदान पर हुई, जो कोल्टन संसाधन के लिए जानी जाती है। आशंका जताई जा रही है कि मृतकों की संख्या 400 से ज्यादा पहुंच सकती है, क्योंकि तमाम लोग अभी लापता हैं।

● तमाम लोग लापता, 400 के पार पहुंच सकती है मृतकों की संख्या

कहा गया है कि यह दुर्घटना बहुत ज़्यादा भारी बारिश के कारण हुई। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार इस हादसे में करीब 70 नाबालिगों सहित 200 से ज़्यादा लोगों की जान चली गई। बयान में कहा गया है कि रुबाया माइनिंग क्षेत्र 2024 से मार्च 23 मूवमेंट (एम23) विद्रोही ग्रुप के नियंत्रण में है, जिससे इस हादसे में बचाव कार्य खास तौर पर मुश्किल हो गया है। मंत्रालय ने बताया कि खनन क्षेत्र को पहले नवंबर से खतरे के क्षेत्र के तौर पर वर्गीकृत किया गया था। इस वर्गीकरण के बाद यहां खनन पर रोक लग जानी चाहिए थी। रूबाया के रहने वाले और खनिक डेविड कासेरेका ने बताया, कसासा नाम के पहाड़ पर भारी बारिश के बाद भूस्खलन हुआ था। भूस्खलन ने कई लोगों को निगल लिया।

## आईएसआईएस, अल कायदा के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करे अंतरराष्ट्रीय समुदाय

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से आतंकवादी संगठनों आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करने का आह्वान किया है। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के अस्तित्व के लिए खतरा है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने बुधवार को कहा, आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा है। यह सीमाओं, राष्ट्रीयता या जातीयता को नहीं जानता और यह एक ऐसी चुनौती है जिसका सामना अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सामूहिक रूप से मिलकर करना होगा। संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कार्यालय (यूएनओसीटी) द्वारा सदस्य देशों को दिए जाने वाले वार्षिक राजदूत स्तरीय संबोधन में पुरी ने अप्रैल 2025 में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया। इस हमले को पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा (संयुक्त राष्ट्र द्वारा सूचीबद्ध आतंकवादी संगठन) के सहयोगी संगठन ''द रेजिस्टेंस फ्रंट'' ने अंजाम दिया था। इस आतंकी हमले में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी। उन्होंने कहा, हमें आईएसआईएस और अल कायदा तथा उनके सहयोगियों के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करनी होगी।

● संयुक्त राष्ट्र में भारत ने किया आह्वान, कहा- अंतर्राष्ट्रीय शांति के लिए आतंकवाद बड़ा खतरा

भारत ने बहुपक्षीय सहयोग के लिए एक केंद्रीय साधन के रूप में वैश्विक आतंकवाद विरोधी रणनीति (जीसीटीएस) के महत्व पर जोर दिया। पुरी ने कहा कि भारत जीसीटीएस की 9वीं समीक्षा के लिए परामर्श में सक्रियता से हिस्सा लेगा तथा उन्होंने इस प्रक्रिया में वार्ता के दौरान सह-सहायकों फिनलैंड और मोरक्को को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। पुरी ने कहा, न्यूयॉर्क और दुनिया भर में (आतंकवादी घटनाओं के बाद) भारत की सभी पहल हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं, जिसमें 'दिल्ली घोषणा' भी शामिल है। आतंक फैलाने के उद्देश्य से संचालित गतिविधियों में नई और उभरती प्रौद्योगिकियों के उपयोग का मुकाबला करने के मुद्दे पर 'दिल्ली घोषणा' एक ऐतिहासिक दस्तावेज है।पुरी ने कहा कि आतंकवादी उद्देश्यों में नई एवं उभरती प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का मुद्दा कई सदस्य देशों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## मोदी ने राजनीतिक-नैतिक रूप से आत्मसमर्पण किया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है।

● खरगे ने लगाया ईरान युद्ध के घटनाक्रमों पर चुप्पी साधने का आरोप

उन्होंने कहा, एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उस पर हमला कर दिया गया। चिंता या शोक का कोई बयान नहीं आया। मोदी मौन साधे हुए हैं। उन्होंने कहा, होर्मुज की खाड़ी में 1100 नाविकों के साथ 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत दो भारतीय नाविकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है। खरगे ने कहा, खाड़ी क्षेत्र के देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। मेडिकल छात्र मदद मांगने के लिए हताशा भरा वीडियो संदेश जारी कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया, भारत सरकार उनकी भलाई कैसे सुरक्षित कर रही है।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज आप उत्साह और एकाग्रता से काम करेंगे। सरकारी कार्यों की रुकावट दूर होगी। अनचाही यात्रा करनी पड़ सकती है।

**वृष** – आज मानसिक रूप से शांति रहेगी। कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। तकनीक के क्षेत्र से जुड़े लोगों का समय बहुत ही अच्छा है।

**मिथुन** – आज आपको बचत पर अत्यधिक ध्यान देना चाहिए। अनावश्यक बातों पर क्रोध न करें। अचानक की गई यात्रा में समस्या हो सकती है।

**कर्क** – आज आय की अपेक्षा आपको व्यय अधिक करना पड़ेगा। विद्यार्थियों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**सिंह** – आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यवसाय को लेकर महत्वपूर्ण डील हो सकती है। समाज में आपको विशेष पहचान मिल सकती है।

**कन्या** – आज किसी के बहकावे में न आएं। स्वभाव में लचीलेपन के कारण आपको लोग पसंद करेंगे। परिजनों का बेहतरीन समर्थन मिलेगा।

**तुला** – आज दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। अपनी बातों को शांतिपूर्ण तरीके से लोगों के सामने रखें। छोटे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें।

**वृश्चिक** – आज प्रेम संबंधों में आई खटास दूर होगी। व्यवसाय में आपको बड़ा लाभ हो सकता है। समाज में आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी।

**धनु** – आज नौकरी में बदलाव के योग बन रहे हैं। सहकर्मियों के साथ तालमेल अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है।

**मकर** – आज बेरोजगार लोगों को रोजगार मिलने की संभावना है। अपनी प्राथमिकताओं को ध्यान में रखें। बच्चों की सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आज नए संबंधों में स्थायीत्व कम रहेगा। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें। बेवजह के मामलों में न उलझें।

**मीन** – आज कारोबार में बड़ा धन लाभ हो सकता है। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। स्वादिष्ट पकवानों का आनंद उठा सकते हैं।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 6 मार्च, शुक्रवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तृतीया 17.53 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**- हस्त 09.29 तक तत्पश्चात चित्रा।

### सुडोकू - 79 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 | 2 |
| 1 | 9 | 5 | 2 | 4 | 7 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 6 | 9 | 1 | 5 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 5 | 2 | 6 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 |

### सुडोकू -80

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 1 | | 9 | 2 | 5 | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| | 3 | | | | 8 | | 6 | |
| 5 | | | 2 | | | 1 | | |
| | 2 | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | 7 | | | 9 |
| | 5 | | 6 | | | | 4 | |
| | 9 | 7 | | | 5 | | 2 | |
| | | 8 | 1 | 7 | | | | 5 |

## औपचारिकता बना चुनाव

### दस राज्यों से 37 सीटों के लिए कुल 39 उम्मीदवारों ने दाखिल किए हैं नामांकन

## राज्यसभा चुनाव : आठ राज्यों में 35 सीटों पर निर्विरोध निर्वाचन होना तय

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 10 राज्यों से राज्यसभा की रिक्त 37 सीटों के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के 37 उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किए। दो निर्दलीय उम्मीदवार ने भी अपनी नामांकन दाखिल कर दावेदारी पेश की है। दिलचस्प तथ्य यह भी है कि सीटों की संख्या के अनुरूप उम्मीदवारों के नामांकन दाखिल होने से उनके निर्विरोध निर्वाचन तय माने जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में राज्यसभा की सात सीटों के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति गठबंधन ने चार उम्मीदवार रामदास अठावले, विनोद तावड़े, माया वाघमारे और रामराव वडकुटे को मैदान में उतारा तो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) की ओर से उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार और दिवंगत नेता अजित पवार के बेटे पार्थ पवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने पार्टी प्रवक्ता ज्योति वाघमारे को एकमात्र उम्मीदवार घोषित किया है। विपक्षी महा विकास अघाड़ी गठबंधन ने दिग्गज नेता शरद पवार को अपना उम्मीदवार बनाया है। अस्वस्थ पवार के आवास पर जाकर अधिकारियों ने नामांकन की औपचारिकताएं पूरी कीं। राज्य में सीटों और उम्मीदवारों की संख्या बराबर है इसलिए मतदान के बगैर प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न होगी।

हरियाणा से दो सीटों के लिए भाजपा उम्मीदवार संजय भाटिया और कांग्रेस ने कर्मवीर सिंह बौद्ध को प्रत्याशी बनाया है। निर्दलीय उम्मीदवार सतीश नांदल ने भी नामांकन दाखिल कर चुनाव को त्रिकोणीय बना दिया है। हिमाचल प्रदेश से एक सीट के लिए कांग्रेस उम्मीदवार अनुराग शर्मा ने नामांकन दाखिल किया है जिनका निर्वाचित होना तय है। तमिलनाडु से राज्यसभा की छह सीटों के लिए छह उम्मीदवारों ने पर्चे दाखिल कर दिए। इनमें सत्तारूढ़ दल के चार और विपक्ष के दो उम्मीदवार हैं। सत्तारूढ़ मोर्चे की ओर से एन शिवा, प्रो. जे कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन, क्रिस्टोफर तिलक और एलके सुदीश ने नामांकन दाखिल किया। विपक्षी गठबंधन की ओर से वर्तमान सांसद एम थंबीदुरई और पीएमके नेता अम्बुमणि रामदास ने नामांकन दाखिल किया। यहां भी सभी छह उम्मीदवारों के निर्विरोध निर्वाचित होने की संभावना है।

पश्चिम बंगाल में पांच सीटों के लिए टीएमसी के चार और भाजपा के एक उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल किया है। ओडिशा की चार सीटों के लिए भाजपा और बीजद के दो-दो सदस्य मैदान में उतरे हैं, दिलीप रे भाजपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं।




नितीश के राज्यसभा के लिए नामांकन कराने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने विरोध किया।

### असम में विपक्ष नहीं खड़े कर सका अपने प्रत्याशी

असम में तीन सीटों के लिए विपक्ष सर्वसम्मति से उम्मीदवार नहीं खड़े कर सका। यहां राजग से तीनों नामांकित उम्मीदवारों का निर्विरोध चुना जाना तय है। कैबिनेट मंत्री जोगेन महान, पूर्व भाजपाविधायक तेराश गोवाला और यूपीपीएल के प्रमुख प्रमोद बोरो ने नामांकन दाखिल किया है। विपक्ष के किसी भी उम्मीदवार के मैदान में नहीं उतरने के कारण राजग के उम्मीदवारों के लिए चुनाव महज औपचारिकता बनकर रह गया है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत राजग की ओर से पांच उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।





स्टेडियम
लखनऊ, शुक्रवार, 6 मार्च 2026
अमृत विचार
www.amritvichar.com

## आज का मैच

**टीम :** भारत-ऑस्ट्रेलिया महिला टीम का टेस्ट मुकाबला
**समय :** सुबह 10 :50 बजे से

## हाईलाइट

### फाइनल में चुनौतियां अलग होंगी : सैंटनर



**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के ख़िलाफ मिली बड़ी जीत के बाद अब मिचेल सैंटनर की नजर अहमदाबाद में होने वाले फाइनल पर है। सेमीफाइनल में उनकी टीम ने 170 रनों के लक्ष्य को सिर्फ़ 12.3 ओवरों में हासिल कर लिया। इस जीत के बाद सैंटनर ने कहा है कि उनकी पूरी कोशिश होगी कि फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन को दोहराया जाए, लेकिन उन्हें यह भी पता है कि फ़ाइनल की पिच और परिस्थितियां बिल्कुल अलग होंगी। ईडन गार्डन्स के मैदान पर न्यूजीलैंड की टीम ने मैच की शुरुआत से ही दक्षिण अफ्रीका पर दबाव बनाए रखा।

### आर्सेनल ने खिताब का दावा मजबूत किया

**लंदन।** आर्सेनल ने ब्राइटन को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में खिताब जीतने की अपनी संभावना मजबूत कर दी है। शीर्ष पर काबिज आर्सेनल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी मैनचेस्टर सिटी पर सात अंक की बढ़त बना ली है जिसने एक अन्य मैच में नॉटिंघम फॉरेस्ट के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-2 से ड्रॉ खेला। बुधवार को खेले गए मैच के स्टॉपेज टाइम के आठ मिनट बाद मैनचेस्टर सिटी को जीत हासिल करने का सुनहरा मौका मिला था लेकिन स्थानापन्न खिलाड़ी साविन्हो के शॉट को गोल लाइन के पास से क्लियर कर दिया गया। एर्लिंग हालैंड इस मैच में नहीं चल पाए जिससे मैनचेस्टर सिटी को नुकसान हुआ।

# संजू की तूफानी पारी से भारत फाइनल में न्यूजीलैंड से होगी खिताबी भिड़ंत

## टी-20 विश्व कप : दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रनों से हराया





संजू सैमसन।

**मुंबई, एजेंसी**

संजू सैमसन के तूफानी अर्धशतक से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां इंग्लैंड 7 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने सात विकेट पर 253 रन बनाए जो टूर्नामेंट के इतिहास में नॉकआउट मुकाबलों का सर्वोच्च स्कोर बनाया। जवाब में इंग्लैंड 246 रन बना सका।

इससे पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले मैच में भारत की जीत के हीरो सैमसन ने 15 रन के स्कोर पर मिले जीवनदान का फायदा उठाते हुए 42 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से 89 रन की पारी खेलने के अलावा इशान किशन (39) के साथ दूसरे विकेट के लिए 45 गेंद में 97 और शिवम दुबे (43 रन, 25 गेंद, चार छक्के, एक चौका) के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 गेंद में 43 रन की साझेदारी की।

हार्दिक पंड्या (12 गेंद में 27 रन, तीन चौके, दो छक्के) और तिलक वर्मा (सात गेंद में 21 रन, तीन छक्के) ने अंत में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए भारत का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया। भारत की पारी में 19 छक्के लगे जो टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इंग्लैंड की ओर से स्पिनरों विल जैक्स (40 रन पर दो विकेट) और आदिल राशिद



जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम।

(41 रन पर दो विकेट) ने दो-दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और सैम कुरेन ने क्रमशः 61 और 53 रन लुटाए। आर्चर को एक विकेट मिला जबकि कुरेन की झोली खाली रही। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने सैमसन की तूफानी पारी से पावर प्ले में एक विकेट पर 67 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। सैमसन ने जोफ्रा आर्चर की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ तेवर दिखाए। इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में मिड ऑन पर कप्तान हैरी ब्रूक ने सैमसन का आसान कैच छोड़ा और इस बल्लेबाज ने ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़ दिया। अभिषेक शर्मा (09) ने भी स्पिनर विल जैक्स पर दो चौके मारे लेकिन फिर उनकी गेंद को हवा में लहराकर डीप मिडविकेट पर फिल सॉल्ट को आसान कैच दे बैठे।

ईशान किशन ने भी जेमी ओवरटन पर लगातार दो चौके मारे जबकि सैमसन ने सैम कुरेन के साथ ऐसा किया। सैमसन ने लेग स्पिनर आदिल राशिद का स्वागत चौके के साथ किया और फिर बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन पर छक्के के साथ सिर्फ 26 गेंद में लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। इशान ने भी डॉसन पर छक्का मारा।

सैमसन और इशान ने अगले ओवर में कुरेन पर भी छक्के मारे जिससे नौवें ओवर में भारत के रनों का शतक पूरा हुआ। ईशान हालांकि इसके बाद राशिद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में गेंद को हवा में लहराकर लॉन्ग ऑफ पर जैक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 18 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और दो छक्के जड़े। शिवम दुबे ने आते ही राशिद पर दो छक्के मारे। सैमसन ने भी आर्चर पर दो छक्के मारे लेकिन इसके बाद जैक्स की गेंद पर सॉल्ट को कैच दे बैठे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (11) ने राशिद पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर स्टंप हो गए। हार्दिक पंड्या ने ओवरटन पर तीन चौकों के साथ 17वें ओवर में भारत का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। दुबे ने कुरेन पर छक्का जड़ा लेकिन इसके बाद पंड्या के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। तिलक वर्मा (21) ने 19वें ओवर में आर्चर पर तीन छक्के मारे लेकिन फिर बोल्ड हो गए। पंड्या ने अंतिम ओवर में दो छक्के जड़कर टीम का स्कोर 250 रन के पार पहुंचाया लेकिन फिर रन आउट हो गए।

### भारत

**253/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन का सॉल्ट बो जैक्स | 89 |
| अभिषेक शर्मा का सॉल्ट बो जैक्स | 09 |
| ईशान किशन का जैक्स बो राशिद | 39 |
| शिवम दुबे रन आउट | 43 |
| सूर्यकुमार स्टं बटलर बो राशिद | 11 |
| हार्दिक पंड्या रन आउट | 27 |
| तिलक वर्मा बो आर्चर | 21 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 02 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 00 |


**गेंदबाजी :** आर्चर 4-0-61-1, जैक्स 4-0-40-2, ओवरटन 3-0-36-0, कुरेन 4-0-53-0, राशिद 4-0-41-2, डॉसन 1-0-19-0

**19** छक्के लगे भारतीय पारी में | **07** छक्के सर्वाधिक सैमसन ने लगाए

# यह 'चोकर' नहीं चारों खाने चित होने जैसा है : कोच कॉनराड

**कोलकाता, एजेंसी**

● **पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ बुरी हार से हुए निराश**



दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच शुक्री कॉनराड ने टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार को 'चोकर' (दबाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाना) नहीं बल्कि चारों खाने चित होने जैसा बताया।

दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद आठ विकेट पर 169 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में नौ विकेट से आसानी से जीत हासिल कर ली। उसकी इस जीत में सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने 33 गेंद में नाबाद 100 रन बनाकर टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक बनाया जबकि टिम सीफर्ट ने 33 गेंद पर 58 रन का योगदान दिया।

दक्षिण अफ्रीका इससे पहले भी आईसीसी की प्रतियोगिताओं में नॉकआउट के दबाव वाले मैचों में लड़खड़ाता रहा है जिसके कारण उसे 'चोकर' कहा जाने लगा था। उसने वर्तमान टूर्नामेंट में अजेय रहकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। इस दौरान उसने न्यूजीलैंड और भारत को भी हराया था। कॉनराड ने पहले सेमीफाइनल के बाद पत्रकारों से कहा मुझे नहीं पता कि आज रात का मुकाबला चोकर जैसा था या नहीं। मुझे तो लगा कि यह चारों खाने चित होने जैसा था।

उन्होंने कहा आपने थोड़ी बहुत तो चुनौती पेश की होती लेकिन आज के मैच में ऐसी कोई झलक नहीं दिखाई दी। दक्षिण अफ्रीका में हम इसके लिए एक शब्द 'मोएर्ड' (बुरी तरह से हारना) का उपयोग करते हैं। कॉनराड यहीं पर नहीं रुके और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के एक मुहावरे का उपयोग करके अपनी टीम की करारी हार की व्याख्या की। पिछले साल टेस्ट श्रृंखला के दौरान भारतीय टीम को 'ग्रोवल' (घुटने टेकना) शब्द का उपयोग करके विवाद पैदा करने वाले कॉनराड ने कहाआज रात हमें एक करारा 'स्नॉटक्लैप' मिला। यह एक अफ़्रीकी शब्द है जिसका अर्थ है बुरी तरह पिटाई, करारा थप्पड़ जिसकी आपको उम्मीद नहीं थी। हमें बिल्कुल वैसा ही महसूस हुआ।

### द. अफ्रीका का सामना डटकर करने का किया था फैसला : एलन

**कोलकाता।** टी-20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड बनाने वाले न्यूजीलैंड के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि उन्होंने सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के अजेय अभियान को रोकने के लिए उसकी हर चुनौती का डटकर सामना करने की रणनीति अपनाई थी जिसमें उनकी टीम सफल रही।

दक्षिण अफ्रीका टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में चल रही टीम के रूप में सेमीफाइनल में पहुंची थी, क्योंकि वह लगातार सात जीत के साथ प्रतियोगिता में एकमात्र अजेय टीम थी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप चरण में न्यूजीलैंड को भी हराया था और सुपर आठ में टूर्नामेंट के मेजबान और प्रबल दावेदार भारत को भी पराजित किया था। लेकिन न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स में खेले गए मैच में पिछली बार के उपविजेता को नौ विकेट से हराकर उसे बाहर कर दिया।

# भारत की निगाह लगातार चौथी जीत पर

**पर्थ, एजेंसी**

● **ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मुकाबला आज से**





भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एलिसा हीली।

वनडे श्रृंखला में करारी हार के बाद भारतीय महिला टीम पिछले लगभग पांच साल में पहली बार जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाले एकमात्र दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में उतरेगी तो जीत हासिल करने के लिए उसकी सीनियर खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। इस मैच के साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बहु प्रारूप वाली श्रृंखला का भी समापन होगा जिसमें भारत ने टी20 श्रृंखला 2-1 से जबकि आस्ट्रेलिया ने वनडे श्रृंखला 3-0 से जीती थी। पिछले पांच टेस्ट मैचों में अजेय रहने के बाद भारत का आत्मविश्वास चरम पर होगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम ने दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 के बीच लगातार तीन टेस्ट मैच जीते, जिनमें इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को घरेलू मैदान पर हराना शामिल है।

भारत ने इससे पहले विदेश में खेले गए पिछले दो टेस्ट मैच 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ड्रॉ कराए थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसने उस साल सितंबर अक्टूबर में दिन रात्रि टेस्ट मैच खेला था जिसमें स्मृति मंधाना ने शतक जमाया था। इस बहु प्रारूप वाली श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया अभी 8-4 से आगे है। टी20 श्रृंखला में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम 2-4 से पिछड़ रही थी, लेकिन इसके बाद उसने शानदार वापसी करके तीनों वनडे मैच जीत लिए। जहां टी20 और वनडे दोनों मैचों में जीत हासिल करने पर दो-दो अंक दांव पर थे, वहीं टेस्ट मैच के विजेता को चार अंक मिलेंगे।

भारत अगर जीत हासिल करता है तो वह कम से कम इस श्रृंखला को ड्रॉ करा सकता है। भारतीय टीम इस बात से आत्मविश्वास हासिल करना चाहेगी कि उसने दिसंबर 2023 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच आठ विकेट से जीतकर इतिहास रच दिया था। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को टेस्ट मैच में हराया था। भारतीय बल्लेबाजी का दारोमदार हरमनप्रीत, उप-कप्तान मंधाना, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा पर होगा। सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के प्रदर्शन पर निगाह टिकी रहेगी।

### टीम

**भारत :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अमनजोत कौर, उमा छेत्री, प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, क्रांति गौड़, वैष्णवी शर्मा, सयाली सतघरे।

**ऑस्ट्रेलिया :** एलिसा हीली (कप्तान एवं विकेटकीपर), डार्सी ब्राउन, मैटलान ब्राउन, निकोला कैरी, एशले गार्डनर, किम गार्थ, अलाना किंग, फीबी लिट्चफील्ड, बेथ मूनी, ताहलिया मैकग्रा, एलिसे पेरी, एनाबेल सदरलैंड, राहेल ट्रेनामन, जॉर्जिया वोल, जॉर्जिया वेयरहैम।

## शुभ घड़ी आई

स्टार कपल की शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल

# अर्जुन तेंदुलकर ने भव्य समारोह में सानिया चंडोक से शादी की


**मुंबई, एजेंसी**

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे और क्रिकेटर अर्जुन तेंदुलकर ने बृहस्पतिवार को उद्यमी सानिया चंडोक के साथ मुंबई के 'द सेंट रेजिस मुंबई' में भव्य समारोह में विवाह किया। इस हाई-प्रोफाइल शादी में खेल, मनोरंजन और राजनीति जगत की कई नामचीन हस्तियां शामिल हुईं। अर्जुन ने भारत के लिए अंडर-19 स्तर पर क्रिकेट खेला है और इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस का हिस्सा रह चुके हैं। घरेलू क्रिकेट में वह गोवा क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व करते हैं।

दुल्हन सानिया उद्योगपति रवि घई की पोती हैं और पशु-चिकित्सा (वेटरिनरी) क्षेत्र में उद्यमी के तौर पर काम कर रही हैं। समारोह में कई प्रमुख हस्तियां मौजूद रहीं, जिनमें आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह, पूर्व भारतीय कप्तान और कोच राहुल द्रविड़, पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह, वेंकटेश प्रसाद और मशहूर कमेंटेटर हर्षा भोगले शामिल थे। इसके अलावा पूर्व भारतीय खिलाड़ी और सीनियर पुरुष चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर, चयनकर्ता प्रज्ञान ओझा, पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ, पीयूष चावला, पूर्व क्रिकेटर और तृणमूल कांग्रेस सांसद यूसुफ पठान तथा बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन और उनकी पत्नी जया बच्चन, अभिषेक बच्चन और उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन, शाहरुख खान और उनका परिवार, आमिर खान, आशा भोसले और सोनू निगम समेत कई गणमान्य व्यक्ति शादी में उपस्थित थे। मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी, उनके बेटे आकाश अंबानी और उनकी पत्नी श्लोका अंबानी तथा महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे भी शादी में शामिल हुए।



महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और उद्योगपति रवि घई की पोती सानिया चंडोक की शादी के दौरान महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे। एजेंसी



बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान, पत्नी गौरी खान (बीच में) और बेटी सुहाना खान के साथ।





पर्व क्रिकेटर पृथ्वी शॉ, एक्टर आकृति अग्रवाल के साथ। सुरेश रैना पत्नी प्रियंका चौधरी के साथ।



रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी (बाएं) परिवार के साथ।

# ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य

**बर्मिंघम, एजेंसी**

● **प्री-क्वार्टर फाइनल में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को हराया**

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस को कड़े मुकाबले में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 12वें स्थान पर काबिज लक्ष्य ने बेहद तेज और आक्रामक खेल दिखाते हुए रैंकिंग में शीर्ष-10 खिलाड़ी रह चुके लोंग को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया।

इस टूर्नामेंट के 2022 सत्र के उपविजेता रह चुके लक्ष्य अब क्वार्टर फाइनल में चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हात गुयेन में से किसी एक से भिड़ेंगे। लक्ष्य ने कहा शुरुआती दोनों गेम बहुत ही प्रतिस्पर्धी रहे, मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही दमदार खेल था। दूसरे गेम भी वापसी करने का श्रेय लोंग को जाता है।

मुझे लगता है कि दूसरे गेम के अंत में मैं खुलकर नहीं खेल पाया और उन्हें कई आसान शॉट दे दिए जिन पर उन्होंने आसानी से अंक हासिल कर लिया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैं तीसरे गेम में पूरी ताकत से खेलने के लिए तैयार था और तीसरे गेम में अपने खेल से खुश हूं। लक्ष्य इससे पहले लोंग के खिलाफ खेले तीनों मैचों में हार का सामना कर चुके थे।

> रणनीतिक रूप से मैं दोनों गेमों में सही खेल रहा था और हां, बस आखिरी कुछ अंकों को भुनाने की अपनी योजना पर मैं कायम नहीं रह पाया और कई आसान गलतियां कर दीं। तीसरे गेम को अपनी योजना के मुताबिक खेलने में सफल रहा।
>
> – लक्ष्य सेन